▸▸ वर्ष 72 ▸▸ अंक 342 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 09 सितंबर, 2025
▸▸ आश्विन कृष्ण पक्ष 02, विक्रम संवत् 2082
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए ■ ■

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार


# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

> जब अमीर और ताकतवर लोग गरीब और कमजोर लोगों की कीमत पर खुद को और अधिक संपन्न और सशक्त बनाने के लगें, तो हमारे पास सार्वभौमिक स्वतंत्रता के नाम पर विरोध दर्ज करने की जिम्मेदारी है।
>
> – नेल्सन मंडेला

## ऑफ बीट

### बढ़ती-घटती रहती है एफिल टॉवर की हाइट



*लोहे से बना यह टावर फ्रांस की राजधानी पेरिस में सीन नदी के किनारे स्थित है। ये सन् 1887 से 1889 के बीच बना था। एफिल टावर को गुस्ताव एफिल ने बनाया था। गर्मियों में पेरिस के एफिल टॉवर की हाइट बढ़ जाती है और सर्दियों में ये हाइट कम हो जाती है। दरअसल, गर्मियों के मौसम में एफिल टावर की हाइट 15 सेंटीमीटर, लगभग 6 इंच, बढ़ जाती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि एफिल टावर पूरा का पूरा लोहे से बना है और गर्मियों के मौसम में ज्यादा गर्मी पड़ने से धातुएं फैलती हैं। जिसे हम थर्मल एक्सपेंशन कहते हैं। इसके पीछे का साइंस यह कहता है कि गर्मी के मौसम में तापमान के बढ़ने से धातु के परमाणु तेजी से हिलते हैं, जिससे उनके बीच की दूरी बढ़ जाती है और धातु फैलने लगते हैं; ऐसे में टावर की ऊंचाई लगभग 15 सेंटीमीटर तक बढ़ जाती है।*

### एशिया कप आज से, टीम इंडिया का मुकाबला कल

**दुबई, जेएनएन।** एशिया कप की शुरुआत मंगलवार 9 सितंबर से होने जा रही है। भारत की मेजबानी में यूएई में खेले जा रहे इस टी-20 टूर्नामेंट में कुल आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत के साथ ग्रुप-ए में पाकिस्तान, ओमान और यूएई शामिल है। टूर्नामेंट का पहला मैच अबू धाबी में अफगानिस्तान और हांगकांग के बीच रात आठ बजे से खेला जाएगा, जबकि भारत अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर से यूएई के खिलाफ करेगा।

( विस्तृत खबर खेल पेज पर )

### सरकार के सोशल मीडिया बैन के फैसले से भड़की आग, बाद में भ्रष्टाचार विरोध तक पहुंची | 22 मौतों के बाद सरकार ने इंटरनेट किया बहाल लेकिन युवाओं में आक्रोश बढ़ा, संकट गहराया

# नेपाल में जेन जी विद्रोह



**ऐतिहासिक:** करीब 12 हजार युवा नेपाली संसद के गेट पर पहुंच गए। यह पहली बार है जब संसद भवन की सुरक्षा दीवारें टूट गईं। सुरक्षाबलों ने आंसू गैस, लाठीचार्ज और सीधी फायरिंग की।

**काठमांडु, जेएनएन।** नेपाल में सोमवार को जिस तरह हालात बिगड़े, उसने देश के लोकतांत्रिक इतिहास में अभूतपूर्व मोड़ ला दिया। सुबह संसद भवन परिसर में हजारों युवाओं ने धावा बोला, दोपहर तक सेना को फायरिंग करनी पड़ी और शाम होते-होते मौतों का आंकड़ा 22 तक पहुंच गया। 200 से ज्यादा लोग घायल हुए। यह विरोध न सिर्फ सोशल मीडिया बैन के खिलाफ है, बल्कि सरकार के कथित भ्रष्टाचार और तानाशाही रवैये के खिलाफ भी है। देर शाम नेपाल के गृहमंत्री ने अपना इस्तीफा पीएम ओली को सौंप दिया। इसके बाद भी लगातार राजनीतिक परिवर्तन के कयास लगाए जा रहे हैं।

काठमांडू की सड़कों पर सुबह से ही हजारों युवाओं का हुजूम उतरा। गेट नंबर 1 और 2 तोड़कर करीब 12 हजार प्रदर्शनकारी संसद भवन परिसर में घुस गए। यह नेपाल के इतिहास में पहली बार हुआ, जब संसद भवन की सुरक्षा दीवारें टूट गईं। सुरक्षाबलों ने आंसू गैस और लाठीचार्ज के बाद सीधी फायरिंग की। चश्मदीदों के मुताबिक, पुलिस घुटनों के ऊपर निशाना साधकर गोली चला रही थी। कई युवाओं को सिर और सीने में गोलियां लगीं। स्थिति बेकाबू होते देख काठमांडू प्रशासन ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री आवास के आसपास कर्फ्यू लागू कर दिया। तोड़फोड़ करने वालों को देखते ही गोली मारने के आदेश दे दिए गए। हालात इतने बिगड़े कि तराई क्षेत्र से लगे भारत-नेपाल सीमा पर भी कर्फ्यू लगा दिया गया।

नेपाल सरकार ने 3 सितंबर को फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब समेत 26 सोशल मीडिया साइट्स पर बैन लगाया था। सरकार का तर्क था कि इन प्लेटफॉर्म्स ने मंत्रालय में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया और ये फेक आईडी, हेट स्पीच और साइबर अपराधों का अड्डा बन गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि नेपाल की सरकार ने जिस तरह कठोर नियम बनाए ऑफिस खोलना, डेटा शेयर करना और लोकल अधिकारी नियुक्त करना, वह छोटी अर्थव्यवस्था में विदेशी कंपनियों के लिए संभव नहीं था। नतीजा यह हुआ कि सोशल मीडिया पूरी तरह बंद हो गया और असंतोष विस्फोट बनकर सड़कों पर फूट पड़ा।

नेपाल मानवाधिकार आयोग ने कहा है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना नागरिकों का अधिकार है। आयोग ने मृतकों के परिवारों को मुआवजा देने और घायलों के मुफ्त इलाज की मांग की। आयोग ने सुरक्षा बलों को संयम बरतने और अत्यधिक बल प्रयोग से बचने की अपील की। पूर्व प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल 'प्रचंड' ने भी युवाओं की मांगों को जायज ठहराया।



### सरकार ने की आवाज दबाने की कोशिश

युवाओं का कहना है कि सरकार ने उनकी आवाज दबाने की कोशिश की। 'हमारी बात कहना भी अपराध है', यही नारा आंदोलन का केंद्र बन गया। प्रदर्शनकारियों ने क्यूआर कोड वाले बैनरों से लोगों से जुड़ने की अपील की। बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं भी सड़कों पर आ गए। यह आंदोलन जेन जी यानी 18 से 30 साल के युवाओं का चेहरा बन गया।



### बिना वीपीएन के चलने लगे फेसबुक और यूट्यूब

शाम होते-होते नेपाल सरकार ने सोशल मीडिया सेवाएं बहाल कर दीं। दोपहर 3.15 बजे से फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम और बाकी सभी प्लेटफॉर्म बिना वीपीएन चलने लगे। लेकिन सवाल यह है कि क्या सिर्फ बहाली से हालात शांत होंगे? प्रदर्शनकारी मानते हैं कि यह आंदोलन सिर्फ इंटरनेट बहाली के लिए नहीं है, बल्कि भ्रष्टाचार, महंगाई और मनमानी शासन प्रणाली के खिलाफ है।

### भारत-नेपाल संबंधों पर संभावित असर

नेपाल में यह हिंसक उबाल भारत के लिए भी चिंता का विषय है। तराई क्षेत्र और भारत की खुली सीमा पर कर्फ्यू से दोनों देशों के बीच आवागमन प्रभावित हो सकता है। नेपाल में लंबे समय से राजनीतिक अस्थिरता बनी हुई है, और अब जब युवा पीढ़ी सड़कों पर है, तो इसका असर सीमा पार के इलाकों में भी देखने को मिल सकता है। भारत नेपाल का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार और रणनीतिक पड़ोसी है। अगर असंतोष लंबा खिंचता है, तो भारतीय निवेशकों और व्यवसायों पर सीधा असर पड़ेगा। भारत सरकार ने अब तक स्थिति पर आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन दक्षिण ब्लॉक में इसे गहराई से मॉनिटर किया जा रहा है। कूटनीतिक हलकों का मानना है कि नेपाल की राजनीतिक अस्थिरता से चीन को फायदा हो सकता है, जो वहां आर्थिक और रणनीतिक दखल बढ़ाने की कोशिश करेगा। ऐसे में भारत को संतुलित भूमिका निभानी होगी, ताकि वह नेपाल संकट को संभालने में सहयोगी भी दिखे और अपने हितों की रक्षा भी कर सके।



## खाद की समस्या को लेकर किसान कांग्रेस का धरना प्रदर्शन कल



**जागरण, सतना।** किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहन के निर्देश पर सतना जिले के किसानो की खाद्य समस्या कालाबाजारी एवं अन्य किसान बिरोधी नीतियों के बिरोध मे किसान कांग्रेस द्वारा दिनांक 10 सितंबर 2025 को स्थान सिविल लाइन कोठी रोड बिपड़न संघ के पास समय दोपहर 12 बजे से धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया है किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने जिले के किसान भाइयों किसान कांग्रेस के सभी साथियों एवं कांग्रेस पार्टी के सभी साथी सहयोगियो से आग्रह है कि धरने मे उपस्थित होकर किसानो की आवाज बने।

## युवकों को अज्ञात तत्वों ने मारा चाकू

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गाटरघाट से गणेश विसर्जन कर लौट रहे युवकों को अज्ञात तत्वों द्वारा चाकू मारकर घायल कर दिया। घटना की जानकारी अनुसार चंदन सोनकर 43 वर्ष और आकाश जायसवाल 19 वर्ष निवासी कैलवारा खुर्द सूफी संतनगर गणेश विसर्जन कर घर जा रहे थे तभी कुछ लोगों का झगड़ा चल रहा था तभी इन दोनों युवकों को कुछ तत्वों द्वारा चाकू मार दी।

# हितग्राहियों को समय पर योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें

**जागरण, सतना**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में आमजनता के आवेदनों में सुनवाई की। मुख्यमंत्री ने बालाघाट, उमरिया, देवास, पांढुर्णा, भिंड, पन्ना, शहडोल, टीकमगढ़, कटनी तथा दमोह जिले के आवेदकों के प्रकरणों की सुनवाई की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पात्र हितग्राही को समय पर शासन की योजनाओं का लाभ दें। इसमें लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। लंबित छात्रवृत्ति का एक माह में भुगतान कराएं। नलजल योजनाओं का संचालन ग्राम पंचायत और पीएचई विभाग मिलकर करें। गरीबों के लिए बनाए गए आवासों का समय पर आवंटन करें। आवासों में अवैध कब्जे पर कड़ी कार्यवाही करें। पुलिस विभाग बेटियों के गुमने की घटनाओं पर संवेदनशीलता और तत्परता से कार्यवाही करे तथा बेटियों को उनके परिजनों के पास सुरक्षित पहुंचाएं। समाधान ऑनलाइन में मऊगंज जिले की आवेदिका राजकुमारी साकेत द्वारा नल से पानी की आपूर्ति न होने की शिकायत की गई थी। इस संबंध में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने बताया कि नलजल योजना ग्राम पंचायत को हैंडओवर होने के बाद पंप तथा वाल्व आपरेटर द्वारा लापरवाही बरती गई जिससे ग्राम नीवी शिवरतन के 10 घरों में पानी नहीं पहुंच रहा था। इस कमी को दूर करके अब पानी की नियमित आपूर्ति की जा रही है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में सतना कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी केंद्र में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, अपर कलेक्टर विकास सिंह एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार मैहर जिले में कलेक्ट्रेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।





## त्योहार और स्वच्छता सेवा पखवाड़ा साथ-साथ मनाएं : मुख्यमंत्री

**जागरण, सतना।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता और सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से इसका शुभारंभ होगा तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस पर पखवाड़े का समापन होगा। अभियान का शुभारंभ करने के लिए प्रधानमंत्री जी 17 सितम्बर को मध्यप्रदेश आ रहे हैं। पखवाड़े के दौरान 17 से 24 सितम्बर तक रक्तदान शिविर लगाएं। इसी अवधि में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविरों का भी आयोजन किया जाएगा। पखवाड़े में नगरीय विकास विभाग स्वच्छता के विशेष प्रयास करके नगरीय निकायों में सार्वजनिक स्थलों तथा पूरे नगर की साफ-सफाई के लिए अभियान चलाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के प्रत्येक आयोजन में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं को शामिल करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें शामिल 7 विभाग निर्धारित गतिविधियों को पखवाड़े की अवधि में अंजाम दें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री ने कहा कि कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक त्यौहारों के दौरान कानून और व्यवस्था चाक-चौबंद रखें। प्रमुख सचिव कृषि इसके उत्थान के लिए समुचित प्रबंध करें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्टर कार्यालय सतना के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, अपर कलेक्टर विकास सिंह अधीक्षण यंत्री पीके मिश्रा एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## हाफ मैराथन में रामपुर बघेलान के छात्रों ने दिखाई दमदार उपस्थिति

**जागरण, सतना।** पंडित गणेश प्रसाद मिश्रा सेवा न्यास द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की सतना हाफ मैराथन का आयोजन रविवार को हुआ। इस मैराथन में 5000 से ज्यादा लोगों ने भाग लिया। जिसमें रामपुर बघेलान के भारत इंटरनेशनल सी बी एस ई स्कूल तपा सरस्वती शिशु मंदिर ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल गवर्नमेंट सांदीपनि विद्यालय के लगभग 57 छात्रों ने इस मैराथन में भाग लिया। यह आयोजन छात्रों के लिए एक नया अनुभव था और उनका उत्साह देखने लायक था। जिसमें रामपुर बघेलान वार्ड 13 के निवासी और मैराथन के आयोजक समिति के सदस्य सचिन त्रिपाठी ने छात्रों को मैराथन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और उनकी मदद की। उन्होंने सभी स्कूलों में प्रचार प्रसार किया और बच्चों से बात करके उनको मैराथन में रजिस्टर किया। उन्होंने बताया कि वह चाहते हैं कि मेरे गांव के बच्चों को भी बड़े मैराथन को देखने और उसमें भाग लेने का मौका मिले जो उन्हें बड़े खेलो में अवसर प्रदान करेगा और आगे के करियर में भी सहायक होगा।भारत इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की बस के माध्यम से छात्रों को रामपुर बघेलान से सुबह 4 बजे बस स्टैंड में एकत्रित करने के बाद एक साथ सतना के लिए रवाना किया गया। सभी छात्र-छात्राओं ने इस आयोजन में पहली बार भाग लिया था और उनका उत्साह देखते ही बनता था। मैराथन की सफलता के लिए आयोजकों और सभी प्रतिभागियों को बधाई दी जा रही है। रामपुर बघेलान के छात्रों की भागीदारी ने इस आयोजन को और भी विशेष बना दिया।



## मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत कटनी से वैष्णोदेवी यात्रा के लिए आवेदन प्रारंभ

**कटनी।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत वैष्णो देवी यात्रा के लिए नगर पालिक निगम कटनी सीमान्तर्गत इच्छुक वृद्ध नागरिकों हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह यात्रा 5 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। वैष्णोदेवी यात्रा के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2025 निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना नगरनिगम जागेश्वर पाठक नें बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत नगर पालिका निगम कटनी के वृद्ध नागरिकों को जो कि 60 से 65 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति महिलाओं को 2 वर्ष की छूट जो आयकर दाता न हो व जो प्रथम बार यात्रा कर रहा हो, को वैष्णो देवी तीर्थ दर्शन की सुलभ यात्रा हेतु जमा कराया जाना है।

## सड़क परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री का पलौहा में हुआ स्वागत

**जागरण, अमदरा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष अमदरा सुजीत शिवहरे व पदाधिकारीयों के नेतृत्व में अल्प प्रवास पर पहुंचे सड़क परिवहन व स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह का माल्यार्पण साल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया साथ ही एनएचएआई द्वारा पलौहा शासकीय माध्यमिक विद्यालय प्राथमिक पाठशाला खम्हरिया फोर लाइन में अधिग्रहण कर लिया गया था। विद्यार्थियों के शिक्षा हेतु नवीन भवन मांगपत्र मंडल अध्यक्ष एवं पलौहा सरपंच शिवकुमार त्रिपाठी के द्वारा सौपा गया। शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय सभागंज एवं घुनवारा में नए सत्र से वाणिज्य संकाय की क्लासेस चालू कराने के लिए मंडल अध्यक्ष सुजीत शिवहरे के द्वारा ज्ञापन दिया गया। मौखिक रूप से सभागंज में भोज विश्वविद्यालय का सेंटर वापस सभागंज में बनाए जाने की बात विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने कि उपस्थिति में शिक्षा मंत्री के समक्ष रखी गई। गरिमामय कार्यक्रम में उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी मंडल अध्यक्ष सुजीत शिवहरे सरपंच शिवप्रसाद त्रिपाठी उमाकांत पांडे विवेक तिवारी अशोक दहिया राजेश साहू प्रमोद कुशवाहा सत्यम शुक्ला संतोष नामदेव प्रीतम शिवहरे सोनू सोनी अनिल साहू सीताराम यादव अंबुज द्विवेदी विनय पांडे नत्थू विश्वकर्मा निरंजन कुशवाहा सल्लू राम यादव रामस्वरूप कुशवाहा बसंत यादव के साथ.साथ पलौहां प्रायगंज, खम्हरिया के ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



## बंद करना चाहिए दोषपूर्ण ई-अटेंडेंस व्यवस्था : भरत पटेल



### आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की बैठक सम्पन्न

**जागरण, सतना।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रांतीय प्रवक्ता विनय कनौजिया व जिलाध्यक्ष केशव प्रताप सिंह ने बताया कि आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार रविवार को प्रांताध्यक्ष भरत पटेल की उपस्थिति में संभागीय बैठक आयोजित की गई। उक्त कार्यक्रम में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के सतना रीवा सीधी सिंगरौली मैहर जिलाध्यक्षों द्वारा अपने अपने वक्तव्य दिए। संघ के प्रांताध्यक्ष भरत पटेल ने मुख्य रूप से दोषपूर्ण ई. अंटेनडेंस बंद करने प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना कर ग्रेज्युटी, बीमा का लाभ दिला जाने,पुरानी पेंशन लागू कराए जाने, कैशलेश बीमा योजना लागू कराए जाने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रांताध्यक्ष भरत पटेल ने कहा कि ई.अटेंडेंस दोषपूर्ण व्यवस्था है हम इसका विरोध करते हैंए प्रदेश सरकार को यह दोषपूर्ण अटेंडेंस व्यवस्था बंद करनी चाहिए पुरानी पेंशन के कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि 9 नवंबर को प्रदेश भर से सभी साथी दिल्ली पहुंचेंगे और उसके पश्चात 1 जनवरी 26 को हमारी पुरानी पेंशन बहाली को लेकर के विशाल आंदोलन भोपाल में होगा। भरत पटेल ने शिक्षकों से अपील की शिक्षक निष्ठा और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करें और इ.अटेंडेंस से दूरी बनाकर रखें और सतना और रीवा जिले के सैकड़ों शिक्षक जो लोकायुक्त प्रकरण के नाम पर राज्य शिक्षा सेवा अंतर्गत प्राथमिक शिक्षक पद नियुक्ति से वंचित है।

## राष्ट्रीय पोषण सप्ताह कार्यक्रम सम्पन्न

**शहडोल।** बिरसा मुण्डा चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। समापन कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ गिरीश बी रामटेके ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य असंतुलित खान पान से दूर करने एवं पोषण आहार के प्रति लोगों को प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि दैनिक आहार मे अनियमितता के कारण डायबिटीज, हायपरटेन्सन जैसी बीमारियां होती हैं। अधीक्षक एवं संयुक्त संचालक डॉ नागेन्द्र सिंह द्वारा खराब खाने से होने वाली पेट से सम्बंधित बीमारियो की जानकारी दी गई। पोषण सप्ताह में महाविद्यालय के एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के द्वारा बच्चे के पोषण, संतुलित आहार एवं उनकी कमी से होने बाली बीमारियों की भी जानकारी दी गई है। डॉ निशान्त प्रभाकर द्वारा बताया गया कि बच्चे को शुरू के छः महीने सिर्फ मां का दूध का ही सेवन कराना चाहिए एवं उसके बाद पूरक आहार शुरू करना है जरूरी है। इस अवसर पर डॉ खराट, डॉ सिन्हा एवं उप अधीक्षक डॉ विक्रांत कबीर पंथी उपस्थित रहे।

## कशौधन वैश्य नवयुवक मंडल की बैठक सम्पन्न



**जागरण, सतना।** कशौधन वैश्य नवयुवक मंडल की बैठक कशौधन वैश्य समाज सतना के जिलाध्यक्ष राधिका प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत महर्षि कश्यप ऋषि की पूजा.अर्चना के साथ हुई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कशौधन गरबा महोत्सव 2025 का आयोजन नवयुवक मंडल एवं महिला मंडल द्वारा कशौधन वैश्य समाज सतना के तत्वावधान में किया जाएगा। सर्वप्रथम पिछले वर्ष के आयोजन की समीक्षा हुई। तत्पश्चात वरिष्ठ एवं युवा सदस्यों ने अपने.अपने विचार व्यक्त किए। सर्वसम्मति से गरबा महोत्सव का संयोजक पुनः वरिष्ठ मंत्री अशोक गुप्ता को नियुक्त किया गया। आयोजन की विस्तृत रूपरेखा नवयुवक मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता ने आयोजन की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत से लेकर समापन तक सभी विषयों का विस्तार से उल्लेख किया गया।

## विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ ने ऊर्जा विभाग के विरुद्ध कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**जागरण, सतना।** विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ की शाखा सतना के सदस्यो ने कार्यालय कलक्ट्रेट जाकर दिनाँक 26 अगस्त को रविन्द्र भवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में विद्युत पेंशनर्स को जानबूझ कर अपमानित करने के लिए कार्यकृम में आमन्त्रित न करने के विरोध में मुख्यमंत्री को सबोधित ज्ञापन कलेक्टर के प्रतिनिधि सिटी मजिस्ट्रट शिलाड़िया जी को सौपकर मुख्यमंत्री से अपनी परेशानी अवगत कराने का समय मांगा।ज्ञापन सौपने में प्रान्तीय कार्यवाहक अध्यक्ष आर डी मिश्रा बी यल पटेल श्रीराम पाण्डेय जीपी गौतम विजयेन्द्र सिंह यस पी अग्निहोत्री पी डी सिंह बघेल यू के मिश्रा अशोक मिश्रा गणेश खरे बृजराज द्विवेदी पी डी शुक्ला संतोष ऊरमलिया डी के श्रीवास्तव प्रभु दीन यम पी त्रिपाठी ओम प्रकाश द्विवेदी यस के श्रीवास्तव विपिन श्रीवास्तव धर्म दास त्रिपाठी आर यच मिश्रा जय शंकर मिश्रा अशोक निगम आर ओ मिश्रा तीरथ जैसवाल जी डी त्रिपाठी डी डी मिश्रा आदि शामिल रहे।

## नित्या ने किया सतना का नाम रोशन



**जागरण, सतना।** सतना रायगढ़ में आयोजित चालीसवे चक्रधर समारोह 2025 में सतना की 12 वर्षीय नन्ही नृत्यगाना निया शर्मा ने कथक प्रस्तुति देकर सबका दिल जीत लिया भगवान गणेश वंदना से प्रारंभ हुई प्रस्तुति में भाव लय और ताल का ऐसा समन्वय देखने को मिला जिससे प्रस्तुति को खास बना दिया अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सतना की 12 वर्षीय नित्या शर्मा, लखनऊ घराने की कथक नृतिका ने आपने नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति दी। कामता टोलाए सतना निवासी नवीन कुमार शर्मा एवं श्रद्धा शर्मा की पुत्री विगत सात वर्षों से अपनी गुरु छाया वसानी से नृत्यांजलि संगीत संस्थान सतना में कथक की शिक्षा ग्रहण कर रही है। वह सेठ आनंदराम जयपुरिया विद्यालय में कक्षा सातवीं की छात्रा हैं। उन्होंने पूर्व में भी कई प्रस्तुतियां दे कर कई पुरस्कार अपने नाम किए हैं। इस बाल कलाकार की कला को देखकर दर्शकों ने इसे उभरती हुई शास्त्रीय नृत्य की प्रतिभा बताया। उनकी इस उपलब्धि से पूरा ही परिवार काफी प्रफुल्लित है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

## कलेक्टर ने राज मिस्त्री प्रशिक्षण के प्रथम बैच का किया उद्घाटन

**जागरण, सतना।** कलेक्टर द्वारा आज इंडियन बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में जिला पंचायत के निर्देशानुसार राजमिस्त्री के प्रशिक्षण के प्रथम बैच का उद्घाटन किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 32 प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे। माननीय कलेक्टर महोदय द्वारा सभी को इस प्रशिक्षण के महत्व के बारे में बताया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संजना जैन परियोजना अधिकारी गौरव शर्मा एवं अग्रणी बैंक प्रबंधक गौतम शर्मा भी उपस्थित रहे। जिला पंचायत सीईओ द्वारा बताया गया कि उक्त प्रशिक्षण कुल 30 दिनों का होगा जिसमें 8 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण एवं 22 दिन क्षेत्र पर प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी जाएगी। परियोजना अधिकारी गौरव शर्मा द्वारा जानकारी दी गई कि प्रशिक्षण के दौरान मनरेगा के अंतर्गत कार्य दिया जाएगा। अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा जानकारी दी गई कि प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के पश्चात हितग्राहियों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत हितलाभ प्रदान किया जाएगा। अंत में कलेक्टर द्वारा संस्थान की विजिट की गई एवं संस्थान के निदेशक समीर टोप्पो द्वारा धन्यवाद प्रेषित किया गया।



## कल्चुरी जायसवाल समाज की बैठक सम्पन्न

**जागरण मैहर।** कल्चुरी जायसवाल समाज के बैठक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहां भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वल करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बैठक कार्यक्रम में कार्यकारिणी विस्तार के साथ जिले में कुछ पदों पर नियुक्तिया भी की हुई है। यह कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद जायसवाल के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जहां महिला मोर्चा गठन के साथ शेष पदों पर नियुक्तियां की गई। जिनमें महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुनैना शिवहरे को सबसम्मति बनी। तो वही जिला महासचिव करिश्मा जायसवाल को बनाया गया। इसके साथ ही संगठन में आशीष शिवहरे,परसराम जायसवाल, सुरेंद्र जायसवाल को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। सह सचिव के रूप में नरेंद्र कुमार जायसवाल अजय शिवहरे कमलभान जायसवाल बने। साथ ही प्रीतम शिवहरे, सुनील दत्त जायसवाल संगठन मंत्री नियुक्त किए गए। तो वही मीडिया प्रभारी के रूप में राजेंद्र जायसवाल नियुक्त हुए। तो वही राम भगत जायसवाल, रवेद्र जायसवाल, रामसेवक जायसवाल कार्यकारिणी सदस्य घोषित हुए। कार्यक्रम उपरांत सभी ने अपने वक्तव्य से अपने.अपने विचार को रखते हुए अपना परिचय दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कलचुरी जायसवाल समाज के जिला अध्यक्ष अयोध्या जायसवाल, जिला महासचिव बृजेंद्र शिवहरे, राष्ट्रीय युवा मोर्चा से दिवाकर जायसवालए महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बहन सुनैना शिवहरे, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गौरव जयसवाल महासचिव आदर्श जायसवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश जायसवाल, रामचंद्र जायसवाल, उमाशंकर जायसवाल एवं मंगल प्रसाद जायसवाल, आशीष शिवहरे, रोहित जायसवाल ,नरेंद्र जायसवाल, करिश्मा जायसवाल, कमलभान, मनोज जायसवाल, शोभा जायसवाल, पारस राम जायसवाल, राम भगत जायसवाल, रामशरण, संजय, सतानंद, विनय जायसवाल रामसेवक, राजेंद्र जायसवाल,रविंद्र, सुरेंद्र जायसवाल समेत समाज सभी स्वजाति बंधु मौजूद रहे।



वर्ष 72 अंक 342 पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 09 सितंबर, 2025
आश्विन कृष्ण पक्ष 02, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

हम तीन तरीकों से ज्ञान हासिल कर सकते हैं। पहला, मनन से- जो सबसे श्रेष्ठ है; दूसरा, अनुकरण से- जो सबसे सरल है; और तीसरा, अनुभव से- जो सबसे कड़वा है।
-कन्फ्यूशियस

## संक्षिप्त खबरें

### मेहुल चोकसी को जेल में मिलेगी 14 सुविधाएं



**नई दिल्ली, जेएनएन।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के 13,850 करोड़ के घोटाले के आरोपी और भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी को भारत लाने की कोशिशें तेज हो गई हैं। केंद्र सरकार ने बेल्जियम सरकार को पत्र लिखकर भरोसा दिलाया है कि प्रत्यर्पण होने पर चोकसी को मुंबई की आर्थर रोड जेल के बैरक नंबर-12 में रखा जाएगा, जहां उसे मानवीय आधार पर सभी जरूरी सुविधाएं मिलेंगी। चोकसी को 12 अप्रैल को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया था। भारतीय एजेंसियों ने उसके प्रत्यर्पण की अपील की थी, जिसके बाद यह कार्रवाई हुई। चोकसी और उसका भतीजा नीरव मोदी इस घोटाले के मुख्य आरोपी हैं। नीरव मोदी लंदन में है और उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया भी जारी है। दोनों 2018 में भारत छोड़कर फरार हो गए थे।

**नीतीश कटारा हत्याकांड**

### विकास को बेल के लिए हाईकोर्ट जाने का निर्देश

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नितीश कटारा हत्याकांड में दोषी विकाश यादव की अंतरिम जमानत बढ़ाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने साफ कहा कि अब वे दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर आगे की राहत मांगें। यह आदेश यादव के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि उनकी मौजूदा अंतरिम जमानत 9 सितंबर, मंगलवार को खत्म हो रही है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की दो सदस्यीय पीठ ने यह आदेश दिया। सुनवाई के दौरान यादव के वकील ने दलील दी कि शीर्ष अदालत ही जमानत विस्तार पर सुनवाई करे, लेकिन कोर्ट ने यह मांग ठुकरा दी और कहा कि उन्हें हाईकोर्ट का रुख करना होगा। विकाश यादव 2002 के चर्चित नितीश कटारा हत्याकांड में 25 साल की सजा काट रहे हैं। अब तक सुप्रीम कोर्ट ने कई बार उनकी अंतरिम जमानत मेडिकल और पारिवारिक आधार पर बढ़ाई थी। हाल में, 24 अप्रैल को मां की तबीयत का हवाला देते हुए 8 मई तक जमानत दी थी। साथ ही निर्देश दिया था कि उनकी मां का एआईआईएमएस में मेडिकल परीक्षण कराया जाए।

**जम्मू-कश्मीर का मामला**

### पहला विधायक पीएसए के तहत हिरासत में



**जम्मू, जेएनएन, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर में आम आदमी पार्टी (आप) के इकलौते विधायक मेहराज मलिक को सोमवार को पुलिस ने पब्लिक सेफ्टी एक्ट (पीएसए) के तहत गिरफ्तार कर एक साल के लिए भद्रवाह जेल भेज दिया। यह पहली बार है जब प्रदेश में किसी मौजूदा विधायक को पीएसए के तहत हिरासत में लिया गया है। डोडा जिले से चुने गए मलिक के खिलाफ 18 एफआईआर और 16 डेली डायरी रिपोर्ट दर्ज हैं। उन पर आरोप है कि वे लगातार लोक व्यवस्था भंग कर रहे थे। खासकर हाल ही में आई भारी बारिश और बाढ़ से प्रभावित इलाकों में जब प्रशासन राहत कार्यों में जुटा था, तब उन्होंने अव्यवस्था फैलाने का काम किया। आरोपों में सरकारी अधिकारियों पर हमला, उन्हें दफ्तर में बंद करना, सार्वजनिक रूप से गाली-गलौज और डराना-धमकाना शामिल है।

**उपराष्ट्रपति चुनाव आज:** विपक्ष बोला- यह विचारधारा की लड़ाई, लगाया 'क्रॉस वोटिंग' का आरोप

# एनडीए को बढ़त; बीजद-बीआरएस का मतदान से दूर रहने का ऐलान



सीपी राधाकृष्णन



बी सुदर्शन रेड्डी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश का राजनीतिक माहौल मंगलवार को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर पूरी तरह गर्म हो गया है। संसद भवन में होने वाले मतदान से पहले सत्तारूढ़ एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) और विपक्षी इंडिया गठबंधन दोनों ही अपनी-अपनी रणनीतियों को धार देने में जुटे हैं। संख्याबल के लिहाज से एनडीए की स्थिति मजबूत मानी जा रही है, लेकिन विपक्ष ने 'क्रॉस वोटिंग' की आशंका जताते हुए मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। चुनाव में असली उलटफेर तब हुआ जब ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की पार्टी बीजद और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की पार्टी बीआरएस ने मतदान से दूर रहने का ऐलान कर दिया।

बीजद ने स्पष्ट किया कि वह राष्ट्रीय स्तर पर एनडीए और इंडिया दोनों से समान दूरी बनाए रखना चाहती है। बीआरएस ने कहा कि वह किसानों के मुद्दों पर दोनों ही राष्ट्रीय दलों की विफलता से नाराज है और इसी कारण चुनाव से दूरी बनाएगी। बीजद का यह रुख भाजपा के लिए राहत भरा माना जा रहा है। केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम ने कहा कि बीजद ने विरोध न करके अप्रत्यक्ष रूप से एनडीए का ही समर्थन किया है। वहीं कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मतदान से परहेज करना दरअसल भाजपा की मदद करना है। संयुक्त विपक्ष की ओर से जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी उम्मीदवार हैं। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने चुनाव प्रबंधन को व्यवस्थित करने के लिए तीन वरिष्ठ सांसदों को पोलिंग एजेंट नियुक्त किया है। इनमें कांग्रेस सांसद डॉ. नसीर हुसैन, डीएमके के तिरुचि शिवा और टीएमसी के सुदीप बंदोपाध्याय शामिल हैं।

सोमवार को डॉ. नसीर हुसैन ने आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की। उन्होंने आरोप लगाया कि एनडीए विपक्षी खेमे में सेंध लगाकर क्रॉस वोटिंग कराने की कोशिश कर रहा है। विपक्षी नेताओं का कहना है कि भले ही संख्याबल उनके खिलाफ है, लेकिन वे इस चुनाव को विचारधारात्मक लड़ाई के रूप में पेश करेंगे।

एनडीए की ओर से महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन उम्मीदवार हैं। सोमवार को उन्होंने जदयू संसदीय दल की बैठक में हिस्सा लिया। जदयू, एनडीए की अहम सहयोगी पार्टी है और उसके वोट भाजपा खेमे के लिए निर्णायक माने जा रहे हैं। एनडीए के पास 425 सांसदों का समर्थन सुनिश्चित है। इसके अलावा, वाईएसआर कांग्रेस और कुछ अन्य दलों के समर्थन से यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। इसी आधार पर एनडीए को उम्मीद है कि उपराष्ट्रपति पद उनके पक्ष में जाएगा।

### संख्या का गणित

- संसद में कुल 781 सांसद हैं। बीजद और बीआरएस के मतदान से दूर रहने के बाद अब वोट डालने वालों की संख्या घटकर 770 रह गई है। इस हिसाब से बहुमत का आंकड़ा 386 है।
- एनडीए के पास 436 सांसदों का समर्थन है, यानी जीत उसके पक्ष में लगभग तय है।
- विपक्षी इंडिया गठबंधन के पास संख्याबल कम है, लेकिन वह क्रॉस वोटिंग की संभावना पर दांव लगा रहा है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि विपक्ष भले ही यह चुनाव न जीत पाए, लेकिन यदि उसे अपेक्षा से ज्यादा वोट मिले तो यह 2029 की राजनीति के लिए संकेतक होगा।

### शाम पांच बजे तक होगा मतदान

उपराष्ट्रति का चुनाव संसद के दोनों सदनों के सांसदों द्वारा गुप्त मतदान से किया जाता है। मतदान मंगलवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। इसके बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किया जाएगा। उपराष्ट्रपति राज्यसभा का सभापति भी होता है, इसलिए इस पद का राजनीतिक महत्व काफी अधिक है। उपराष्ट्रपति चुनाव हमेशा से सत्ता और विपक्ष के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न रहे हैं।

- **2002** में भाजपा समर्थित भैरोंसिंह शेखावत ने जीत दर्ज की थी।
- **2007** में कांग्रेस के हामिद अंसारी जीते और 2012 में भी पुनः निर्वाचित हुए।
- **2017** में एनडीए उम्मीदवार एम. वेंकैया नायडू उपराष्ट्रपति बने।
- **2022** में भाजपा समर्थित जगदीप धनखड़ ने रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की।
- इन नतीजों से स्पष्ट है कि जब-जब केंद्र में किसी गठबंधन का संख्याबल मजबूत रहा, उपराष्ट्रपति का पद उसी के पास गया।

16 एसएएस अफसर बने आईएएस, पति-पत्नी भी शामिल

# बीते साल जांच की वजह से अटके अफसरों को भी एंट्री

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य प्रशासनिक सेवा के 16 भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत किए गए है। इसके लिए केंद्रीय कार्मिक विभाग ने सोमवार को नोटिफिकेशन जारी कर किया है। पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों में राकेश कुमार कुशरे और नंदा भलावे कुशरे पति-पत्नी हैं। वहीं सूची में बीते वर्ष जांच की वजह से पदोन्नति नहीं पाने वाले दो अधिकारियों को भी आईएएस कैडर में एंट्री दी गई है। गौरतलब है कि इन पदों के लिए पिछले दिनों पदोन्नति प्रक्रिया शुरू की गई थी। पिछले महीने 2023 और 2024 की अलग-अलग विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) बैठकों में इन अधिकारियों के नामों पर अंतिम मुहर लगाई गई।

जानकारी के अनुसार, 2023 की डीपीसी में 8 अधिकारियों को आईएएस कैडर में पदोन्नति मिली। इतने ही वर्ष 2024 की डीपीसी में भी अधिकारियों को यह पदोन्नत किया गया है। इस तरह कुल 16 अफसर अब राज्य प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पहुंच गए हैं।

### ये अधिकारी बनें आईएएस

वर्ष 2023 बैच के लिए जिन 8 अधिकारियों को पदोन्नति दी गई है, उनमें नारायण प्रसाद नामदेव, डॉ. कैलाश बुंदेला, नंदा भलावे कुशरे, अनिल कुमार डामोर, सविता झानिया, सारिका भूरिया, कमल सोलंकी और जितेन्द्र सिंह चौहान शामिल हैं।

### ये होंगे वर्ष 2024 बैच के आईएएस

डीपीसी में जिन राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को आईएएस बनाया गया है। उनमें संतोष कुमार टैगौर, निशा डामर, राकेश कुशरे, शैली कनाश, रोहन सक्सेना, कबिता बाटला, सपना अनुराग जैन और आशीष कुमार पाठक है।

### क्लीन चिट मिलने के बाद हुए पदोन्नत

विभागीय जांच के चलते नारायण प्रसाद नामदेव और डॉ. कैलाश बुंदेला पिछली डीपीसी में पदोन्नत से वंचित रह थे। लेकिन जांच में क्लीनचिट मिलने के उपरांत उन्हें पदोन्नत कर दिया गया है।

### ये अधिकारी रहे वंचित

जानकारी के अनुसार राज्य प्रशासनिक सेवा के आईएएस बनाने पिछले दिनों बनाई गई सूची में कई 8 ऐसे अधिकारियों के नाम भी शामिल थे, जिन्हें विभागीय जांच और निर्धारित आयु सीमा 56 साल से अधिक होने पर पदोन्नत से वंचित किया गया है। इनमें राज्य प्रशासनिक सेवा के सबसे वरिष्ठ अधिकारियों में विवेक सिंह और पंकज शर्मा का नाम शामिल हैं। इन्हें अधिक आयु होने की वजह से पदोन्नत होने से वंचित रहना पड़ा। इनके अलावा कमल चंद नागर, द्वारका प्रसाद वर्मन, कमलेश पुरी, सरोधन सिंह को भी विभागीय जांच और आयु सीमा अधिक होने की वजह से पदोन्नत होने का मौका नहीं मिल सका है।

# एएसआई ने बार बाला संग लगाए ठुमके, दो सस्पेंड

### अश्लील डांस का वीडियो वायरल होने के बाद एक्शन



**जागरण, दतिया।** प्रदेश के दतिया जिले से खाकी वर्दी को शर्मिंदा करने वाला घटनाक्रम सामने आया है। दतिया के सिविल लाइन थाने में पदस्थ एक एएसआई का बार बाला के साथ अश्लील डांस का वीडियो सामने आया है। वीडियो में एएसआई संजीव गौड़ दो महिलाओं के साथ फिल्मी गानों पर अश्लील हरकत करते दिखाई दे रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी सूरज वर्मा ने एएसआई और एक आरक्षक को सस्पेंड कर दिया है। घटना 2 सितंबर की बताई जा रही है। इस दिन सिविल लाइन थाने में पदस्थ आरक्षक राहुल बौद्ध की बर्थडे पार्टी एक होटल में रखी गई थी। इस दौरान दो बार बालाओं को भी बुलाया गया था। इसी पार्टी का एक वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें एएसआई संजीव गौड़ और कुछ अन्य युवक दोनों महिलाओं के साथ फिल्मी गानों पर डांस करते हुए अश्लील हरकतें करते दिखे। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमा हरकत में आया। दतिया एसपी ने फौरन कार्रवाई करते हुए एएसआई संजीव गौड़ और आरक्षक राहुल बौद्ध को सस्पेंड कर दिया है। एसपी सूरज वर्मा ने कहा- पुलिस विभाग की छवि खराब करने वाले किसी भी व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हटाने के बाद भी हरकतों से नहीं आया बाज

वायरल वीडियो में दिख रहा है कि पार्टी के दौरान एएसआई बेकाबू हो जाता है। वह फिल्मी गानों की धुन पर महिला डांसर के साथ जमीन पर लोट जाता है। इस दौरान कुछ लोग हटाने की कोशिश करते हैं लेकिन एएसआई अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। बड़ी मशक्कत के बाद एएसआई को डांसर के पास से हटाया गया है। फिलहाल, जांच पूरी होने तक दोनों पुलिसकर्मी निलंबित रहेंगे और उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। वीडियो सामने आने के बाद यह मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। पुलिसकर्मियों के इस तरह के आचरण ने न केवल विभागीय अनुशासन पर सवाल खड़े किए, बल्कि आम जनता में पुलिस की छवि पर भी गहरा असर डाला, जो लोग कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार हैं, वही अगर इस तरह के कृत्य करें तो अनुशासन और नैतिकता का संदेश कैसे जाएगा।

### आधार पहचान का प्रमाण नागरिकता का नहीं: सुको

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को बिहार में चल रहे एसआईआर (मतदाता सूची विशेष सत्यापन अभियान) को लेकर दायर याचिकाओं पर अहम सुनवाई हुई। कोर्ट ने एक बार फिर कहा कि 'आधार कार्ड पहचान का दस्तावेज है, नागरिकता का नहीं।' साथ ही चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि मतदाता पहचान के लिए आधार को 12वें दस्तावेज के रूप में मान्यता दी जाए। अभी तक एसआईआर प्रक्रिया में 11 दस्तावेज ही स्वीकार्य हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि आधार कार्ड को लेकर यदि कोई शंका है तो चुनाव आयोग जांच कर सकता है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि 'कोई भी नहीं चाहता कि अवैध प्रवासी मतदाता सूची में शामिल हों। वास्तविक भारतीयों को ही वोट का अधिकार होगा।'

**बीयू का दीक्षांत समारोह:** राज्यपाल ने विद्यार्थियों को डिग्री और स्वर्ण पदक दिए

# मुख्यमंत्री बोले- सभी राज्यों में बोली जाने वाली भाषाएं ही हमारी राष्ट्र भाषा



बीयू के दीक्षांत समारोह में सीएम और राज्यपाल ने दी डिग्रियां।

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे देश में कई तरह की भाषाएं बोली जाती है। सभी भाषाओं के अध्ययन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सभी राज्यों की बोली जाने वाली भाषाएं हमारी राष्ट्रभाषा हैं। मध्यप्रदेश सरकार ने राष्ट्रभाषा हिंदी में मेडिकल की पढ़ाई कराने की पहल की है, जिसे काफी सराहना मिल रही है।

मुख्यमंत्री सोमवार को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा को केवल नौकरियों से न जोड़ा जाए, यह समाज में ज्ञान के सतत प्रसार का माध्यम है। राज्य में कुलपति को कुलगुरु की नई संज्ञा मिली है, जिसे जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली ने भी अपनाया है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों में नवाचारों के साथ कृषि संकाय और फैशन डिजाइनिंग जैसे रोजगारपरक पाठ्यक्रम की पढ़ाई कराई जा रही है। प्रदेश में प्राइवेट कॉलेज और शासकीय विश्वविद्यालयों को मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोलने के लिए सरकार पूर्ण सहयोग प्रदान कर रही है। इस मौके पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि यह केवल डिग्री प्राप्त करने का उत्सव नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की वर्षों की मेहनत, अनुशासन और गुरुजनों के सफल मार्गदर्शन का प्रतिफल है। राज्यपाल ने समारोह में विद्यार्थियों को डिग्री और स्वर्ण पदक प्रदान किए। कुलगुरु प्रो सुरेश कुमार जैन ने कहा कि आप कही भी जाएं अपने विश्वविद्यालय और अपने शहर को कभी न भूलें।

# भिंड: खाद के लिए लाइन में लगे किसानों पर लाठीचार्ज

### प्रधान आरक्षक सस्पेंड सीएम जता चुके हैं नाराजगी



**जागरण, भिंड।** प्रदेश के विभिन्न जिलों में खाद को लेकर गहराते संकट के कारण विवाद की स्थिति बन रही है। सोमवार को भिंड जिले के लहार क्षेत्र में खाद के लिए लाइन में लगे किसानों पर पुलिस ने लाठियां भांजीं, जिसमें आधा दर्जन किसान घायल हो गए। मामला गरमाने के बाद एसपी असित यादव ने प्रधान आरक्षक रामराजा गुर्जर को सस्पेंड कर दिया है। घटना से इलाके में तनावपूर्ण माहौल है। मालूम हो कि इससे पहले रीवा में खाद के लिए लाइन में लगे किसानों पर लाठीचार्ज हुआ था, जिसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने बैठक में स्पष्ट कहा था कि खाद के सुचारू वितरण की जिम्मेदारी कलेक्टर की है और जिन कलेक्टरों से जिला नहीं संभल रहा है, उन्हें तत्काल हटाया जाए।

**सरकारी दावों से अलग जमीनी हकीकत:** सोमवार सुबह से ही लहार क्षेत्र में किसान खाद वितरण केंद्र पर लंबी-लंबी लाइनें लगी रहीं। इसी दौरान अचानक धक्का-मुक्की और अव्यवस्था की स्थिति बनने पर पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के बजाय किसानों पर लाठियां चला दीं।

घायल किसानों ने आरोप लगाया कि उन्हें खाद तो मिल नहीं रहा है, ऊपर से पुलिस की लाठियां झेलनी पड़ रही हैं। घटना के बाद किसान आक्रोशित हैं, उनका कहना है कि सरकार के दावों के बावजूद खाद की किल्लत बनी हुई है और पुलिस का इस तरह का व्यवहार कर किसानों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही खाद की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

**तकनीक** सबसे पतला आईफोन कल लॉन्च करेगी एपल, फोल्डेबल फोन के लिए अभी और इंतजार

# स्टीव जॉब्स के बाद इनोवेशन में पिछड़ रही एपल!

**न्यूयॉर्क सिटी, जेएनएन।** दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनियों में से एक एपल मंगलवार 9 सितंबर को अपना वार्षिक लॉन्च इवेंट 'ऑव ड्रॉपिंग' आयोजित करेगी। इस इवेंट में आईफोन 17 सीरीज पेश की जाएगी। माना जा रहा है कि इस बार कंपनी अपना अब तक का सबसे पतला फोन आईफोन 17 एयर पेश करेगी। हालांकि, फोल्डेबल आईफोन का इंतजार इस साल भी लंबा खिंच गया है। यही वजह है कि सवाल उठ रहे हैं कि क्या स्टीव जॉब्स के निधन के बाद एपल इनोवेशन के मामले में पीछे रह गया है?

कई टेक विशेषज्ञ मानते हैं कि स्टीव जॉब्स (1976-2011) के दौर में एपल ने टेक्नोलॉजी की दुनिया को कई बार बदल दिया।

2001 में आईपॉड ने म्यूजिक इंडस्ट्री को डिजिटल किया। 2007 में पहला टचस्क्रीन आईफोन आया जिसने मोबाइल फोन की परिभाषा बदल दी। 2010 में आईपैड लॉन्च हुआ जिसने टैबलेट मार्केट बनाया।

जॉब्स का मंत्र था, 'लोगों को वो चीज दो जिसकी उन्हें जरूरत है, लेकिन वे अभी नहीं जानते।'

स्टीव जॉब्स के निधन के बाद टिम कुक ने कंपनी की कमान संभाली। उनके नेतृत्व में एपल की वैल्यूएशन 3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंची। लेकिन इनोवेशन के मामले में कंपनी को क्रांतिकारी सफलता नहीं मिली। 2014 में एपल वॉच, 2016 में एयरपॉड्स और 2023 में विजन प्रो आए। ये प्रोडक्ट सफल जरूर रहे, लेकिन आईफोन या आईपैड की तरह 'रिवोल्यूशनरी' नहीं कहे गए। आईफोन और मैकबुक अब हर साल छोटे अपडेट्स- बेहतर कैमरा, तेज चिप, या नई स्क्रीन के साथ आते हैं।

2010 के दशक की शुरुआत में एपल मोबाइल इंडस्ट्री का बेताज बादशाह था। लेकिन आज सैमसंग, ओप्पो और शाओमी जैसे ब्रांड तेजी से इनोवेशन ला रहे हैं।

आईडीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 की दूसरी तिमाही में सैमसंग ने 19.7 फीसदी ग्लोबल मार्केट शेयर हासिल किया, जबकि एपल 15.7 फीसदी के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

### ऑव ड्रॉपिंग: इवेंट की खासियतें

एपल इस इवेंट में चार मॉडल पेश कर सकती है। इनमें आईफोन 17, आईफोन 17 एयर, आईफोन 17 प्रो और आईफोन 17 प्रो मैक्स शामिल हो सकते हैं। इनके साथ एपल वॉच सीरीज 11 और नया आईओएस 26 भी लॉन्च होने की संभावना है।

**सबसे पतला आईफोन:** आईफोन 17 एयर एपल का अब तक का सबसे स्लिम फोन होगा। इसे आईफोन एक्स के बाद का सबसे बड़ा डिजाइन बदलाव माना जा रहा है।



**कैमरा अपग्रेड:** इस बार सभी मॉडल्स में 24एमपी सेल्फी कैमरा दिया जाएगा। प्रो मॉडल्स में पहली बार 8के वीडियो रिकॉर्डिंग मिल सकती है।

**बैटरी और चार्जिंग:** आईफोन 17 मैक्स प्रो में 5000एमएएच से ज्यादा बैटरी, 35डब्ल्यू वायर्ड और 25डब्ल्यू वायरलेस चार्जिंग सपोर्ट मिलेगा।

**एआई फीचर्स:** एपल इंटैलिजैंस के साथ अपडेटेड सिरी, एआई-बेस्ड फोटो/वीडियो एडिटिंग और जेनमोजी जैसे नए फीचर्स आएंगे।

**कीमत:** भारत में आईफोन 17 की शुरुआती कीमत लगभग 79,900 रुपए और टॉप मॉडल मैक्स प्रो की कीमत 1,64,900 रुपए तक हो सकती है।

### एपल के पिछड़ने के दो बड़े कारण

**फोल्डेबल फोन्स में देरी:** सैमसंग ने 2019 में पहला फोल्डेबल फोन लॉन्च किया। आज उसका इस मार्केट में 35.4 फीसदी ग्लोबल शेयर है। एपल अब तक फोल्डेबल फोन नहीं ला पाया।

**एआई में धीमी रफ्तार:** सैमसंग का गैलेक्सी एआई रियल-टाइम ट्रांसलेशन और स्मार्ट एडिटिंग जैसे फीचर्स के साथ भारत जैसे बाजार में हिट हो चुका है। एपल का एपल इंटैलिजैंस अभी शुरुआती स्टेज में है और सीमित फीचर्स ही देता है।

**बड़ी चूक:** सात साल की सजा, 11 साल जेल में रखा

# सुप्रीम कोर्ट का निर्देश: सरकार दे 25 लाख रुपए का मुआवजा

**भोपाल, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्यप्रदेश सरकार को बड़ी फटकार लगाते हुए बलात्कार के एक दोषी को 7 साल की सजा के बजाय 11 साल 6 महीने तक जेल में रखने के लिए 25 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया है। अदालत ने इसे 'गंभीर प्रशासनिक चूक' करार देते हुए कहा कि किसी भी हाल में नागरिक को अतिरिक्त अवधि तक जेल में रखना असंवैधानिक है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूरी फाइल, सजा कैलकुलेशन शीट, पैरोल-रिमिशन और आदेशों के पालन की जानकारी मांगी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि यह गंभीर प्रशासनिक विफलता है और इससे संविधान द्वारा दिए गए मूल अधिकारों का हनन हुआ है।

### यह है मामला

यह केस सागर जिले के सोहन सिंह उर्फ बबलू से जुड़ा है। 2004 में ट्रायल कोर्ट ने उसे बलात्कार के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ सोहन सिंह ने हाईकोर्ट में अपील की। अक्टूबर 2007 में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सजा घटाकर 7 साल कर दी। कानूनी प्रक्रिया के अनुसार उसकी रिहाई 2021 में हो जानी चाहिए थी, लेकिन लापरवाही के चलते वह जेल में ही रहा।

लीगल एड के जरिए वरिष्ठ अधिवक्ता महफूज ए. नाजकी ने यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचाया। उनकी पैरवी के बाद यह तथ्य सामने आया कि सोहन सिंह को 4 साल 7 महीने अतिरिक्त जेल में रखा गया। जून 2025 में वह आखिरकार रिहा हुआ। इसके बाद उसने मुआवजा मांगने की याचिका दायर की।

# कन्या महाविद्यालय में शिक्षक दिवस पर आयोजित हुआ शिक्षक सम्मान कार्यक्रम



**जागरण, कटनी**

शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में शिक्षक दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय शिक्षा परंपरा के प्रतीक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। जिन्होंने शिक्षकों के सम्मान और शिक्षा के महत्व को समाज में स्थापित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य, प्राध्यापकगण, कर्मचारी और छात्राएँ उपस्थित रहे।

अपने उद्बोधन में प्राचार्य डॉ.चित्रा प्रभात ने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक न केवल ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और जीवन मूल्यों को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने डॉ.राधाकृष्णन के शिक्षा के प्रति समर्पण और दर्शन को याद करते हुए छात्राओं को प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षकों को समाज का आधार स्तंभ बताते हुए उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम में छात्राओं ने शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। इनमें कविता वाचन, गीत, नृत्य और नाटिका शामिल थीं, जो शिक्षक–छात्र संबंध की महत्ता को दर्शाती थीं। विशेष रूप से छात्राओं द्वारा प्रस्तुत एक नाटिका में शिक्षकों के जीवन में आने वाली चुनौतियों और उनके द्वारा समाज में किए गए योगदान को भावपूर्ण ढंग से चित्रित किया गया। इसके अतिरिक्त छात्राओं ने अपने प्रिय शिक्षकों को हस्तनिर्मित उपहार और कार्ड भेंट किए जिससे कार्यक्रम में भावनात्मक जुड़ाव और बढ़ गया।

इस कार्यक्रम मे वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.साधना जैन, डॉ.विमला मिंज, डॉ.रश्मि चतुर्वेदी, डॉ. आर.के.गुप्ता, डॉ.सुनील कुमार, श्रीमती बंदना मिश्रा, के.जे.सिन्हा, डॉ.रोशनी पाण्डेय, पंकज सेन, डॉ.अशोक शर्मा, भीम बर्मन, प्रेमलाल कॉवरे, डॉ.संजयकांत भारद्वाज, श्रीमती नम्रता निगम, डॉ. सोनिया कश्यप, श्रीमती स्मृति दहायत, डॉ.फूलचंद कोरी, डॉ श्रद्धा वर्मा, आंजनेय तिवारी, डॉ.वंदना चौहान, डॉ.अनिका वालिया, श्रीमती मीनाक्षी वर्मा, डॉ.रंजना वर्मा, श्रीमती रीना मिश्रा, श्रीमती श्वेता कोरी, डॉ.अनिल द्विवेदी, श्रीमती प्रियंका सोनी, विनीत सोनी, श्रीमती देववती, डॉ.प्रतिमा सिंह, श्रीमती रिचा दुबे, श्रीमती सुषमा वर्मा, श्रीमती रत्नेश कुशवाहा, श्रीमती सृष्टि श्रीवास्तव, श्रीमती पूनम गर्ग, डॉ.मैत्रयी शुक्ला, डॉ.मदन मरावी, डॉ.अपर्णा मिश्रा, श्रीमती संध्या सिंह एवं छात्राओं की उपस्थित रही।

# कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पितरों की याद में सेवा भोज कार्यक्रम का आयोजन



**जागरण, कटनी।** पितृ पक्ष के पावन अवसर पर आयोजित इस सेवा भोज कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धजनों की सेवा करना, उनके साथ समय बिताना तथा उन्हें परिवार जैसा स्नेह प्रदान करना रहा। सर्वप्रथम सभी सदस्यों ने दद्दा जी आश्रम पहुँचकर दद्दा जी का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं समाधि स्थल के दर्शन किए। इसी दौरान आश्रम में सभी वृद्ध जनों को संस्था के सभी सदस्यों ने भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। इसके उपरांत बुजुर्गों के साथ बैठकर भोजन प्राप्त किया गया और आत्मीय संवाद कर उनके हालचाल लिए गए। भोजन पश्चात सभी वृद्धजनों को तिलक लगाकर कर, फल एवं भेंट स्वरूप सामग्री प्रदान की गई एवं आशीर्वाद प्राप्त किए गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना संस्था के अध्यक्ष लोकेश टीनू सचदेवा, महिला विंग अध्यक्ष मंजूवाला शर्मा एवं महामंत्री रौनक खंडेलवाल द्वारा प्रस्तुत की गई।

इस अवसर पर संस्था के समस्त पदाधिकारी, सदस्यगण एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुष्पा ठाकुर एवं दीपक वर्मा के द्वारा की गई। अंत में सभी का आभारसंस्था के सचिव अखिलेश पुरवार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में योगेश बत्रा, पुष्पा ठाकुर, नीरज जसूजा, अंकित बिलैया, माही तिवारी, शंकर साधवानी, राज सोनी, संतोष पांडे, आशु तिवारी, मुकेश तिवारी, दीपक सोनी, लक्षित सचदेवा, दयाल पॉपटानी, पुरु अग्रवाल, गौरव शर्मा, दीपक वर्मा, विजय माखीजा, गौरव नागवानी, साहिल मनवानी, संदीप हिंदुजा, मयंक इड़नानी, मनीष साहू, शैलेश पाठक, सिमरन शर्मा, श्रुति चौदहा, श्रुति सेठिया, जतिन कोटवानी, प्रदीप द्विवेदी अरजीत खरे, कृष्णा सोनी, मनोज गोस्वामी, लोकेश टीनू सचदेवा, मंजू शर्मा, रौनक खंडेलवाल, अखिलेश पुरवार एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी वृद्धजनों के चेहरों पर खुशी और संतोष देखने को मिला। संस्था ने इसे अपनी सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में एक कदम बताया। संस्था सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करती है और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों के निरंतर आयोजन का संकल्प लेती है।

# जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक संपन्न

**शहडोल।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती प्रभा मिश्रा की उपस्थित में जिला पंचायत के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत प्रभा मिश्रा एवं जिला पंचायत सदस्यों की सहमति से गौवंश की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायतों में गोठान एवं चरनोई की आबंटित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर उसी भूमि में गौवंश के लिए स्थाई बाड़ा बनाना एवं ग्राम पंचायत निधि से 4-4 चारवाहे नियुक्त करने का भी निर्णय लिया गया।

## Ministry of Youth Affairs and Sports

Government of India

## National Youth Award 2024

With reference to the advertisement published on **25th August, 2025, the last date for submission of applications for the award has been extended to 30th September, 2025.**
**Website: https://awards.gov.in/**
All other details of the advertisement remain unchanged.
cbc47107/11/0010/2526

## उप नाम सुधार सूचना

मै कल्पना गौतम पति श्री राम करन गौतम उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम बीरखाम तहसील सिरमौर जिला रीवा म.प्र की निवासी हूँ। शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि आधार नं. 7638 1957 8661 है। मेरा विवाह हिन्दू वैदिक रीत–रिवाज के अनुसार राम करन गौतम के साथ सम्पन्न हुई है। विवाह के बाद पत्नी अपने पति के नाम एवं सरनेम से जानी व पहचानी जाती है। विवाह के पूर्व मेरा नाम कल्पना शुक्ला पुत्री आलोपी प्रसाद शुक्ला था। वर्तमान में मेरा नाम कल्पना गौतम पति श्री राम करन गौतम हो गया है। अत: सभी अभिलेखों में मेरा नाम कल्पना शुक्ला की जगह कल्पना गौतम नाम लिखा, पढा व माना जाय।

RN-82786 — कल्पना गौतम

## उत्तर मध्य रेलवे

खुली निविदा संख्या : JHS-RCNK-M-BIO-24-25-14R2

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से अनुभवी / इच्छुक ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

**कार्य का नाम** : आरसीएनके/झांसी में संबद्ध उपकरणों के प्रावधान के साथ- साथ पोर्टेबल केबिन की स्थापना और कमीशनिंग के साथ बायो-टॉयलेट लैब की स्थापना।

**कार्य की लागत** : Rs. 25,28,378.65/- (18% जीएसटी सहित) | **अग्रिम राशि** : Rs. 50,600/-

**कार्य पूरा होने का समय** : बारह महीने / **ऑनलाइन निविदा समापन तिथि एवं समय : 26.09.2025 समय 11:00 बजे तक**

निविदा एवं निविदा प्रारूप के बारे में विस्तृत जानकारी **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। **1611/25 (D)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

## उत्तर मध्य रेलवे

**पत्र सं.**: C/JHS/158/Catg/JHS/PMBJKs/VGLJ — **दिनांक**: 04.09.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) - झाँसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

**श्रेणी** : पी.एम.बी.जे.के. | **केटलोग संख्या** : PMBJK-VGLJ-05

**एसेट्स डिटेल्स**: 03 वर्ष की अवधि के लिए वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके) का रखरखाव और संचालन।

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय : दिनांक 18.09.2025 को समय- 10:30 बजे से**

**ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय : दिनांक 18.09.2025 को समय- 11:00 बजे तक**

**नोट**- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट- **www.ireps.gov.in** के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **1608/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## "प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस"

**कार्यालय प्राचार्य - छत्रसाल शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना (म.प्र.)**
**(नैक द्वारा ग्रेड- B++ प्रदत्त)**
Off. 07732-252020 E-Mail: hegcpgcpan@mp.gov.in
Website: https://highereducation.mp.gov.in/?orgid=305

क्रमांक/ 2207/स्था./पुस्तकालय/2025 — दिनांक: 08.09.2025

**पुस्तकें एवं स्टेशनरी क्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना 2025-2026**

म.प्र. शासन द्वारा अनुसूचति जति एवं अनुसूचित जनजाति के नियमित विद्यार्थियों को नि:शुल्क पुस्तके एवं स्टेशनरी प्रदाय योजनान्तर्गत आवंटित राशि एवं महाविद्यालय के विभिन्न मदों से आवश्यकतानुसार ग्रंथालय पुस्तकें एवं स्टेशनरी क्रय हेतु पुस्तकालय विभाग प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में पंजीकृत प्रतिष्ठानों / फर्मो से निर्धारित शर्तो के अधीन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाकार महाविद्यालय द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्र को भरकर निविदा के साथ अमानत राशि रु 6000 (छ हजार रूपये) का डिमांड ड्राफ्ट जो प्राचार्य छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के नाम देय हों को फर्म का पंजीयन प्रमाण पत्र के साथ मुहरबंद लिफाफे में केवल स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करे। जो दिनांक 29.09.2025 को सायं 05:00 बजे तक महाविद्यालय में अनिवार्यत: प्राप्त हो जानी चाहिये। निविदा प्रपत्र में किसी भी तरह का परिवर्तन स्वीकार नहीं होगा उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। निविदा के संबंध में प्राचार्य का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। निविदा हेतु निविदा प्रपत्र, नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी महाविद्यालय में कार्यालयीन समय तथा महाविद्यालय की बेवसाईट https://highereducation.mp.gov.in/\orgid=305 से प्राप्त की जा सकती है। एफ.ओ.आर. शासकीय महाविद्यालय पन्ना तथा सम्बंधित महाविद्यालय देय होगा।

विपिन कुमार, ग्रंथपाल — पुस्तकालय प्रभारी — डॉ. एस.डी. चतुर्वेदी, प्राचार्य

## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना सं.:- 5220252026** — **दिनांक: 03.09.2025**

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदाएं निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **29.09.2025** को **13:30** बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।:-

**निविदा नं.**: 146, **कार्यों का विवरण**: वरिष्ठ मण्डल इन्जीनियर/प्रथम/प्रयागराज के क्षेत्राधिकार में झाँसी मण्डल के बरूआ सागर डिपो में (प्रयागराज मण्डल के उपयोग हेतु) मशीन के द्वारा तोड़ी गई 65 एम. एम. गेज की 100000 घनमीटर हार्ड स्टोन बैलास्ट की आपूर्ति चट्टा लगाकर एवं रेलवे वैगनों/हापरो तथा के.सी. वैगनों में लदान करने का कार्य।

**अनुमानित मूल्य (₹)** : ₹ 8,74,15,000/- | **बयाने की रकम (₹)** : ₹ 5,87,100/-

**कार्य समापन की अवधि**: 12 माह | **निविदा खुलने की तिथि**: 29.09.2025

**सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार**: सप्लाई आफ मशीन क्रस्ड स्टोन बैलास्ट/स्टोन एग्रेगैटस

**नोटः (1)** आनलाइन निविदा खुलने की तिथि को **13:30** बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **(2)** उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर समय **13:30** बजे तक निविदा खुलने की निर्धारित तिथि तक उपलब्ध है। **1609/25 (MG)**

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

**सं**-C/JHS/158/GWL-ORAI/WVMs/e-Auction/2025 — **दिनांक** -04.09.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य )- झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई -नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

**श्रेणी** : Misc- Static- Service- Water Vending Machines

**केटलोग संख्या** : WVM- JHS-05

**एसेट्स डिटेल्स**

झाँसी मंडल के ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर वाटर वेडिंग मशीन के ठेके हेतु ई-नीलामी

**यूनिट्स (स्टेशन)** :03-यूनिट-(ग्वालियर रेलवे स्टेशन)

**प्लेटफार्म एवं लोकेशन**

1. प्लेटफॉर्म-1- एक मशीन आउट्वर्ड पार्सल ऑफिस के निकट आगरा छोर। **2.** प्लेटफॉर्म-2/3- एक मशीन वाटर बूथ एवं ओ.एस.ओ.पी के मध्य आगरा छोर। **3.** प्लेटफॉर्म-4 एक मशीन वाटर सी.ओ.पी स. 8 एवं सी.ओ.पी स. 9 के मध्य वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी छोर।

**यूनिट्स (स्टेशन)** :02-यूनिट-(उरई रेलवे स्टेशन)

**प्लेटफार्म एवं लोकेशन**

1. पिलर नंबर 1241/26 और 1241/24 के बीच-कानपुर (CNB) छोर प्लेटफॉर्म संख्या 01.
2. पिलर नंबर 1241/20 और 1241/21 के बीच-झाँसी (JHS) छोर प्लेटफॉर्म संख्या 01.

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय : दिनांक -18.09.25 को समयः - 11:15 से**

**ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय : दिनांक -18.09.25 को समयः - 11:55 तक**

**नोटः**- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट- **www.ireps.gov.in** के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **1607/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

**पत्रॉक : बी.46पी/अन्तिम भुगतान/पेंशन अदालत — दिनांक : 03.09.2025**

**अधिसूचना**

**वैगन मरम्मत कारखाना, झॉसी उत्तर मध्य रेल, द्वारा दिनांक 15 दिसम्बर 2025 को पेंशन अदालत का आयोजन।**



रेलवे बोर्ड के **निर्देशानुसार** वैगन मरम्मत कारखाना झॉसी द्वारा **दिनांक 15.12.2025 (सोमवार)** को **समय 11.00 बजे** मुख्य कारखाना प्रबन्धक कार्यालय के मीटिंग हॉट में **पेंशन अदालत** आयोजित की जायेगी। सेवानिवृत्त कर्मचारी/मृतक कर्मचारियो के आश्रित, यदि उन्हे सेवानिवृत्ति देय या पेंशन से सम्बन्धित कोई शिकायत है, तो अपना आवेदन विहित रूप में दिनांक 30.09.2025 तक कार्यालय में रखी गई पेटिका में डाले या निम्नलिखित पते पर डाक द्वारा भेज सकते है।

| पता किस पर आवेदन भेजना हैं। | आयोजन-स्थल |
|---|---|
| वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी, वैगन मरम्मत, कारखाना उत्तर मध्य रेल, झॉसी । | मीटिंग हॉल, मुख्य कारखाना प्रबन्धक, कार्यालय। |

**वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी**
**वैगन मरम्मत कारखाना, झॉसी**

**आवेदन का प्रारूप**

01. आवेदन/ आवेदिका का नाम-
02. भूतपूर्व कर्मचारी का नाम-
03. टिकट संख्या/कर्मचारी संख्या-
04. पदनाम एवं अन्तिम कार्यस्थल
05. पूर्व कर्मचारी के साथ आवेदक/ आवेदिका का सम्बन्ध-
06. वर्तमान पता-
07. सेवानिवृत्ति तिथि-
08. सेवा निवृत्ति का प्रकार (सामान्य / स्वैच्छिक/अनिवार्य)-
09. पी.पी.ओ. संख्या (छाया प्रति संलग्न की जाये)
10. अन्तिम वेतन एवं वेतनमान-
11. शिकायत का विस्तृत विवरण-
12. मोबाईल नं0 एवं सम्बन्धित पे ग्रुप संख्या-

**आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर**

**नोट**- कृपया लिफाफे के पेंशन अदालत दिसम्बर-2025 का उल्लेख करें तथा आवेदन 03 प्रतियों में समस्त प्रपत्रों सहित उपलब्ध करायें ।

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in **1626/25 (C)**

## MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.

BLOCK NO.7, SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR (M.P.)
Tel No:0761 2702473, Fax No.0761-2660048
CIN: U40109MP2002SGC015120

No. SE/O&M/SNI/PUR/2025-26/TS-85/2854 — **TENDER NOTICE** — Seoni, dtd: 02.09.2025

Online Tenders are invited for The following works under (O&M) Circle MPPKVVCL Seoni:-

| Sr. No. | T.S. No. (For e-Tendering) DISCOM/EZ/PUR | Particular of work | APPROX VALUE (in Rs. Lakhs) | TENDER FEE Including GST (in Rs) | Due date & times of Opening of Tender Online From 12:30 P.M. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | SE/O&M/SNI/PUR/2025-26/TS-85/2854 dt. 02.09.2025, ET-2025_PKVVC_448618_1 | Award of Contract for system strengthening works for survey, installation, 5MVA/8MVA 33/11kv Substation under different schemes in awarded area under Seoni Circle. | 46.00 | 2360.00 | 22.09.2025 |

*Other details can be seen in the complete tender documents available on e-portal https://mptenders.gov.in.
SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW — S.E. (O&M) Seoni
"विद्युत अनियमितता संबंधी शिकायत के लिए वी मित्र ऐप डाउनलोड करें और पाएं रू.50,000 तक का इनाम।"

## कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म0प्र0)

N.I.T क्र, 04(E.T.) / Revenue / न.पा.नि. / 2025–26 — सतना, दिनांक 29.08.2025

**–:: निविदा आमंत्रण सूचना (पंचम काल) ::–**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सतना के क्षेत्रान्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना उतैली एवं अन्य स्थल की निर्माणाधीन दुकानों को विक्रय हेतु लम्प–सम्प दर पर निविदा बुलायी जा रही है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | एन.आई.टी. क्र. व दि. | टे.क्र. | नाम / स्थान | दुकान क्रमांक | साईज वर्गमीटर | निर्धारित प्रीमियम | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | आरक्षण की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 04/01 29.08.2025 | 2025_UAD _448060_1 | प्रधानमंत्री आवास योजना उतैली | 11 | 15.00 | 7,00,000/- | 1,75,000/- | 1,000/- | विधवा महिला |
| 02 | 04/02 29.08.2025 | 2025_UAD _448063_1 | | 14 | 15.00 | 7,00,000/- | 1,75,000/- | 1,000/- | अनारक्षित |
| 03 | 04/03 29.08.2025 | 2025_UAD _448065_1 | | 15 | 15.00 | 7,00,000/- | 1,75,000/- | 1,000/- | अनुसूचित जन जाति महिला |
| 04 | 04/04 29.08.2025 | 2025_UAD _448066_1 | | 16 | 15.00 | 7,00,000/- | 1,75,000/- | 1,000/- | अनारक्षित |
| 05 | 04/05 29.08.2025 | 2025_UAD _448068_1 | | 18 | 15.00 | 7,00,000/- | 1,75,000/- | 1,000/- | अनारक्षित |
| 06 | 04/06 29.08.2025 | 2025_UAD _448069_1 | | 19 | 15.00 | 7,00,000/- | 1,75,000/- | 1,000/- | अनारक्षित |
| 07 | 04/07 29.08.2025 | 2025_UAD _448071_1 | | 24 | 15.00 | 7,00,000/- | 1,75,000/- | 1,000/- | अनारक्षित |
| 08 | 04/08 29.08.2025 | 2025_UAD _448072_1 | | 25 | 15.00 | 7,00,000/- | 1,75,000/- | 1,000/- | अनुसूचित जाति |
| 09 | 04/09 29.08.2025 | 2025_UAD _448073_1 | | 26 | 15.00 | 7,00,000/- | 1,75,000/- | 1,000/- | अनारक्षित |
| 10 | 04/10 29.08.2025 | 2025_UAD _448074_1 | | 27 | 15.00 | 7,00,000/- | 1,75,000/- | 1,000/- | अनुसूचित जाति |
| 11 | 04/11 29.08.2025 | 2025_UAD _448080_1 | | 28 | 15.00 | 7,00,000/- | 1,75,000/- | 1,000/- | अनारक्षित |
| 12 | 04/12 29.08.2025 | 2025_UAD _448082_1 | | 32 | 15.00 | 7,00,000/- | 1,75,000/- | 1,000/- | अनारक्षित |
| 13 | 04/13 29.08.2025 | 2025_UAD _448083_1 | प्रधानमंत्री आवास योजना उतैली | 35 | 15.00 | 7,00,000/- | 1,75,000/- | 1,000/- | दिव्यांग |
| 14 | 04/14 29.08.2025 | 2025_UAD _448084_1 | | 39 | 15.00 | 7,00,000/- | 1,75,000/- | 1,000/- | अन्य पिछड़ा वर्ग महिला |
| 15 | 04/15 29.08.2025 | 2025_UAD _448085_1 | | 40 | 15.00 | 7,00,000/- | 1,75,000/- | 1,000/- | अनुसूचित जाति |
| 16 | 04/16 29.08.2025 | 2025_UAD _448086_1 | | 52 | 15.00 | 7,00,000/- | 1,75,000/- | 1,000/- | अनुसूचित जाति |
| 17 | 04/17 29.08.2025 | 2025_UAD _448087_1 | | 53 | 15.00 | 7,00,000/- | 1,75,000/- | 1,000/- | अनारक्षित |
| 18 | 04/18 29.08.2025 | 2025_UAD _448088_1 | | 55 | 15.00 | 7,00,000/- | 1,75,000/- | 1,000/- | अनुसूचित जाति |
| 19 | 04/19 29.08.2025 | 2025_UAD _448090_1 | | 56 | 15.00 | 7,00,000/- | 1,75,000/- | 1,000/- | अनुसूचित जन जाति |
| 20 | 04/20 29.08.2025 | 2025_UAD _448092_1 | | 57 | 15.00 | 7,00,000/- | 1,75,000/- | 1,000/- | अनुसूचित जाति महिला |
| 21 | 04/21 29.08.2025 | 2025_UAD _448093_1 | | 58 | 15.00 | 7,00,000/- | 1,75,000/- | 1,000/- | अनारक्षित |
| 22 | 04/22 29.08.2025 | 2025_UAD _448094_1 | | 60 | 15.00 | 7,00,000/- | 1,75,000/- | 1,000/- | अनारक्षित |
| 23 | 04/23 29.08.2025 | 2025_UAD _448096_1 | सी.एम.एच.ओ. कार्यालय के पीछे धवारी (अष्ठम काल) | 05 | 93.61 | 5,86,285/- | 1,46,571/- | 1,000/- | अनुसूचित जाति महिला |
| 24 | 04/24 29.08.2025 | 2025_UAD _448097_1 | नजीराबाद थोक मत्स्य सह मीट मार्केट की निर्मित दुकान (तृतीय काल) | 15 | 83.82 | 10,84,730/ | 2,71,183/- | 1,000/- | अनारक्षित |

शर्ते–:

1. निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 04.09.2025 समय 17:30 से दिनांक 04.10.2025 समय 17:30 बजे तक आनलाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा।
2. निविदा में संसोधन की सूचना वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी, समाचार पत्र पर संसोधन की सूचना प्रकाशित नही की जावेगी।
3. वार्षिक पट्टा भाटक प्रथम 10 वर्ष हेतु स्वीकृति प्रीमियम का 0.5 प्रतिशत एवं आगामी 20 वर्षो हेतु स्वीकृत प्रीमियम का 2 प्रतिशत होगा।

सहायक आयुक्त
नगर पालिक निगम, सतना (म.प्र.)

# कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा की

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रो की समीक्षा की तथा पत्रों का जवाब समय–सीमा में देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आपने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों की मानीटरिंग जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं करें तथा उन शिकायतों के निराकरण के जवाब संबंधित एल–1 अधिकारियों के माध्यम से दर्ज कराएं। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण हेतु मैदानी अमले को भी दायित्व सौंपे। कलेक्टर ने कहा कि जिन विभागों में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें कम संख्या में हैं, उन विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी शत–प्रतिशत शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें। यह भी ध्यान रखा जाए कि कोई भी शिकायत अनअटेंडेट नहीं रहें। आंशिक रूप से दर्ज शिकायतों के निराकरण निम्नगुणवत्ता वाला नहीं रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय–सीमा में दी जाने वाली सेवाओं का निराकरण समय–सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए। इसी तरह आपने अन्य विभागों के अधिकारियों जहां लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत सिटिजन चार्टर लागू है तथा समय–सीमा के भीतर सेवाएं प्रदाय की जानी है को निर्देश दिए कि संबंधित विभाग समय–सीमा के भीतर सेवाएं प्रदान करना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतपुर श्रीमती अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर श्री भागीरथी लहरे, श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, अतिरिक्त मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मुद्रिका सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

## आवश्यकता है

ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है।
वेतन 5,000 से 10,000+कमीशन बोनस उम्र 18 वर्ष से 35 वर्ष
पता-न्यू बस स्टैंड रीवा मध्यप्रदेश
संपर्क नं.-9752075387
आर-84258 (3/10)

# खाद के लिए मैदान में उतरे कलेक्टर, एसपी



जागरण निरीक्षण

## विक्रय केन्द्रों एवं खाद गोदामों का किया निरीक्षण

### खाद की बिक्री पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से की जाये : कलेक्टर





जागरण, सीधी

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा ने आज जिले के अमहा एवं हड़बड़ो स्थित खाद विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से संवाद कर खाद विक्रय की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली तथा अधिकारियों को व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सोमवंशी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में खाद विक्रय पूरी तरह पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से हो। किसानों को कतारों में अनावश्यक प्रतीक्षा न करना पड़े, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएं। साथ ही खाद वितरण में किसी प्रकार की गड़बड़ी या कालाबाजारी न हो, इस पर भी सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। किसानों के लिए पेयजल, बैठने की व्यवस्था, बैरिकेडिंग कर क्रमबद्ध तरीके से खाद विक्रय करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. वर्मा ने कहा कि किसानों को सुरक्षा एवं सुविधा दोनों उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि वितरण केंद्रों पर शांति एवं सुव्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की उपस्थिति सुनिश्चित करें। इस दौरान उपखंड अधिकारी गोपद बनास राकेश शुक्ला, उप पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा, उप संचालक कृषि डॉ. राजेश सिंह चौहान, तहसीलदार गोपद बनास राकेश शुक्ला, नायब तहसीलदार सुश्री एकता शुक्ला, केंद्र प्रभारी दीपक पाण्डेय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चोरों ने पहले पी शराब फिर दुकान में चोरी को दिया अंजाम

## अमिलिया थाना क्षेत्र के नंदनपुर गांव में हुई घटना



जागरण, सीधी

अमिलिया थाना अंतर्गत ग्राम नंदनपुर में रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात चोरों ने पहले दुकान में 5 बोतल शराब पी इसके बाद चोरी को अंजाम दिया। दुकान से नकदी समेत अन्य सामग्री चोरी की गई। पीड़ित दुकानदार ध्रुव नारायण द्विवेदी के अनुसार उनकी दुकान से करीब 35 हजार रुपए के सामान की चोरी की गई है। जिसमें 10 हजार रुपए नकदी भी शामिल है। आज सुबह जब पीड़ित दुकानदार दुकान पहुंचे तो ताले टूटे हुए मिले। इसके बाद उन्होने डायल 112 और अमिलिया पुलिस को सूचना दी। दुकानदार ने दो लोगों पर चोरी का संदेह व्यक्त किया है। दरअसल इस क्षेत्र में चोरी की वारदात लगातार बढ़ रही थी। ग्राम सोनवर्षा के उमर मोहम्मद के घर पिछले सप्ताह ही चोरी हुई थी। वहीं साकेत बस्ती में दो घरों में चोरी का प्रयास किया गया। ग्रामीणों के अनुसार पिछले एक महीने में चोरों ने दर्जन भर से ज्यादा घरों को निशाना बनाया। तत्संबंध में अमिलिया थाना प्रभारी राकेश बैस का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। उनका कहना था कि थाना क्षेत्र में अब तक केवल 3-4 चोरी की घटनाएं हुई हैं। जिसमें कुछ का खुलासा भी हो चुका है।

# न्यूज कार्नर

## रिया द्विवेदी का हुआ कराटे में राज्य स्तर में चयन



**जागरण, सीधी।** शहर के श्रीगणेश हायर सेकेण्ड्री स्कूल अमहा में इंग्लिश मीडियम में 8वीं कक्षा में अध्ययनरत रिया द्विवेदी का स्टेट लेवल में कराटे प्रतियोगिता में चयन हुआ है जो कि वह अब ग्वालियर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाएंगी। मालूम हो कि संभाग स्तरीय प्रतियोगिता रीवा में आयोजित हुई थी। जिसमें रिया द्विवेदी कराटे में विजय हांसिल कर विद्यालय एवं अपने परिवार का हौंसला बुलंद किए हैं। विद्यालय में अध्ययनरत रहते हुए रिया के हौंसला बुलंद करने के लिए बाक्सिंग एवं कराटे संघ के कोच माखन मिश्रा लगातार बेटी को हौंसला बुलंद करते रहे हैं। पत्रकार जगन्नाथ द्विवेदी की पुत्री रिया द्विवेदी के इस चयन पर उन्होने श्रीगणेश इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर नीरज शर्मा, श्रीगणेश स्कूल अमहा के प्राचार्य जेएन मिश्रा एवं कोच माखन मिश्रा सहित समस्त शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किए हैं।

## महाविद्यालय के छात्रों ने सीखा जैविक खेती के गुर




**जागरण, सीधी।** खड्डी शासकीय महाविद्यालय खड्डी जिला सीधी मप्र में व्यवसायिक पाठ्यक्रम और हरित भारत परियोजना के अंतर्गत एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जैविक खाद बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. राम सुरेश भारती प्राचार्य के मार्गदर्शन में व डॉ. अजय सिंह गहरवार के संयोजन में आईएलआरटी संस्था से बतौर ट्रेनर स्वामी शरण कुशवाहा एवं संजय शर्मा द्वारा कॉलेज के छात्र-छात्राओं को जैविक खाद बनाने की विधि तथा उसके उपयोग व महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई, कार्यक्रम में जीवामृत बनाने का सजीव प्रदर्शन भी कराया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और रुचि के साथ भाग लिया तथा यह संकल्प लिया कि वे भविष्य में जैविक खादों एवं जीवामृत, वीजामृत, सजीवक एवं कीटनाशक के लिए दशपर्णी अर्क का उपयोग कर धरती माता एवं पर्यावरण का संरक्षण कर सतत कृषि में योगदान देंगे। उक्त कार्यक्रम में डॉ. श्रीकांत द्विवेदी, प्रिंस मिश्रा, अभिनंदन पाण्डेय, डॉ. पवन वर्मा, डॉ. राजकुमार गुप्ता आदि महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे।

## आदर्श रामलीला नगर कमेटी का गठन

**जागरण, सीधी।** शहर के पूजा पार्क में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रामलीला मंचन की तैयारियां शुरू हो गई है। आदर्श रामलीला कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी के संरक्षक सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, डॉ. अनूप मिश्रा, भोला प्रसाद गुप्ता, बच्छराज सिंह परिहार, दान बहादुर सिंह चौहान, शंकर सिंह परिहार, कमल कामदार, बाला प्रसाद गुप्ता, अर्जुन जेठानी, अशोक सिंह चौहान, भीम कामदार, विनोद मिश्रा हैं। कमेटी के अध्यक्ष राम विशाल गुप्ता, उपाध्यक्ष अनिल कुमार सोनी, मुद्रिका प्रसाद पटेल, अवनीश त्रिपाठी, परशुराम मोहिते, सचिव नरेन्द्र गौतम, उमेश कुमार सोनी, सह सचिव अमित कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष राकू भाई कामदार शामिल है। प्रबंध समिति में सनत कुमार गुप्ता मोदनवाल, शत्रुध्न सिंह बघेल, मुनिराज विश्वकर्मा, रामलाल अवधिया, राकेश कुमार गुप्ता बबलू, प्रेम चन्द्र गुप्ता शामिल हैं। कार्यकारिणी सदस्य में ओंकार सिंह कर्चुली, रजनीश श्रीवास्तव, रमा शंकर सोनी, लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, राजमणि गुप्ता, अवधेन्द्र सिंह कर्चुली, डॉ. एपी सिंह, ध्रुव कुमार गुप्ता शामिल हैं। उक्त जानकारी कमेटी सचिव नारेन्द्र गौतम ने दी।

## टिकरी मे मनाया गया अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस




**जागरण, सीधी।** जिला प्रोढ़ शिक्षाधिकारी रामकृष्ण तिवारी व सह समन्वयक सीधी पंकज पाण्डेय के निर्देशन मे केण्केण्मिश्रा ;संकुल सह सहसमन्वयक साक्षरताद्ध टिकरी के द्वारा आज 8 सितंबर को अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर जनशिक्षा केंद्र टिकरी मे साक्षरता रैली व साक्षरता शपथ का आयोजन किया गया, जिसमे असाक्षर होने के नुकसान व जीवन मे आने वाली कठिनाईयों से सभी को अवगत कराया गया। अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रैली मे बच्चो द्वारा बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया गया। टिकरी जनशिक्षा केंद्र अंतर्गत कार्यक्रम कोलान टोला टिकरी व परासी आदि स्थानो मे आयोजित किया गया जिसमे शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व बसाहट के महिलाएं शामिल हुई। साक्षरता रैली को सफल बनाने मे शिक्षक प्रभाकर तिवारी, महेन्द्र मिश्रा, शारदा प्रसाद मिश्रा, भरतलाल मिश्रा, सुनील मिश्रा, कीर्ति श्रीवास्तव, नम्रता मिश्रा, सुरसरी प्रसाद द्विवेदी, प्रद्युम्न प्रसाद द्विवेदी, आरती द्विवेदी कार्यकर्ता, श्रीवती साकेत आदि का सराहनीय योगदान रहा। सभी का केके मिश्रा सहसमन्वयक साक्षरता द्वारा धन्यवाद दिया गया।

## साक्षरता दिवस पर जिले में आयोजित किये गये कार्यक्रम

**जागरण, सीधी।** जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देकर बताया कि अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर जिले में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भारत सरकार के निर्देशानुसार वर्तमान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश को शत प्रतिशत साक्षर करने हेतु उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम' जन-जन साक्षर की भावना से 2022 से 2027 तक संचालित किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर कार्यक्रम अंतर्गत जिले में विद्यालयों एवं सामजिक चेतना केन्द्रों में साक्षरता रैली निकाली गई तथा छात्र-छात्राओं, स्वयं सेवकों एवं अक्षर साथियों ने साक्षरता संबंधी शपथ ली। साक्षरता जागरूकता बढ़ाने एवं शिक्षा के महत्व को आमजन तक पहुचाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के निर्देशन में सम्पूर्ण जिले में साक्षरता रैली का आयोजन किया गया। साक्षरता रैली का आयोजन प्रत्येक विद्यालय स्तर पर पूरे जिलें में किया गया। साक्षरता रैली के माध्यम से लोगों को शिक्षा से जुड़ने एवं स्वयं पढ़े औरों को पढ़ाएं का संदेश दिया गया। तख्ती पर लिखे नारों एवं पोस्टर बैनर के माध्यम से लोगों को उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की आवश्यकता एवं महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही 15 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को जो औपचारिक शिक्षा से वंचित रहे है उनका पंजीयन करने तथा उन्हे सामाजिक चेतन केंद्रों से जुड़कर शिक्षा प्राप्त करने हेतु समझाइस दी गई। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर विद्यालयों में नारे लेखन, निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्र/छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी। साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 20 सितम्बर 2025 को मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। साक्षरता दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में इसकी जानकारी दी गई तथा ज्यादा से ज्यादा नव साक्षरों को परीक्षा में सम्मिलित कराये जाने की बात कही गई।

# मेडिकल स्टोर के आड़ में संचालित था नर्सिंग होम, छापा पड़ते ही मचा हड़कंप

## संजीवनी मेडिकल क्लिनिक के साथ बंगाली डॉक्टर की क्लिनिक हुई सील



जागरण, मझौली

अवैध रुप से संचालित क्लीनिक, मेडिकल स्टोर, झोलाछाप डॉक्टर जो बिना डिग्री डिप्लोमा के कई प्रकार के गंभीर रोगों का इलाज कर लोगों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं जिसको लेकर समय-समय पर दैनिक जागरण समाचार पत्र में खबर प्रकाशित की जा रही थी जिसको दृष्टिगत रखते हुए आज 8 सितंबर को स्वास्थ्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए मझौली मेन मार्केट में कई वर्षों से संजीवनी मेडिकल स्टोर के आड़ में संचालित मिनी नर्सिंग होम को कार्यवाही करते हुए सील किया गया है। वहीं एक बंगाली डॉक्टर द्वारा उमरिया कुसमी में कई वर्षों से चद्दर युक्त घर में अवैध क्लीनिक संचालित कर लोगों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। स्वास्थ्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त छापेमारी कार्यवाही से क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब मेन मार्केट मझौली में मेडिकल स्टोर के आड़ में संचालित मिनी नर्सिंग होम में टीम छापामार कार्यवाही करते हुए पूरा घर शील किया गया है। जिसकी खबर करंट की तरह क्षेत्र में फैल गई जहां अन्य कई क्लीनिक जो मेडिकल स्टोर के आड़ में संचालित हो रही है तथा झोलाछाप बंगाली डाक्टर क्लीनिक बन्द कर रफूचक्कर हो गए। बताया गया है कि उक्त कार्यवाही सीएमएचओ सीधी व एसडीएम मझौली के निर्देशन पर स्वास्थ्य व राजस्व विभाग मझौली की संयुक्त टीम जिसमें तहसीलदार मझौली दिलीप सिंह, नायब तहसीलदार मझौली वेदवती सिंह, प्रभारी मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी मझौली संदीप शुक्ला के साथ पटवारी व पुलिस सामिल रही के द्वारा छापा मार कार्यवाही की गई। सर्वप्रथम संजीवनी मेडिकल मझौली जो मिनी नर्सिंग होम के रुप में केई वर्षों से मझौली मेन मार्केट में संचालित थी, छापामार कार्यवाही करते हुए पूरा का पूरा 8-10 कमरों का घर शील किया गया। वहीं दूसरी कार्यवाही उमरिया में कुशमी एक बंगाली डाक्टर जो उमरिया में केई वर्षों से लोगों के जान के साथ खिलवाड़ कर रहा था और अभी हाल में भी एक मामला सुर्खियों में रहा के अवैध क्लीनिक शील किया गया है। बताया जा रहा है कि इसके अतिरिक्त उमरिया कुसमी में एक मेडिकल स्टोर शील किया गया है।

> सीएमएचओ सीधी के निर्देशन पर छापामारी कार्यवाही की गई है। जहां अन्य मामलों के साथ अवैध रूप से क्लीनिक, पैथोलॉजी संचालित होना पाया गया है, जिनके खिलाफ कार्यवाही की गई है।
>
> **डॉ. संदीप शुक्ला प्रभारी मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली**

### शटर गिरा कर भागे संचालक

इस छापे मार कार्यवाही की खबर लगते ही अवैध रूप से संचालित क्लीनिक, मेडिकल स्टोर, पैथोलॉजी संचालक अपने अपने दुकानों के सटर गिरा रफूचक्कर हो गए। बताया जा रहा है कि मझौली में मार्केट में ही बंगाली डॉक्टर अपनी अवैध क्लिनिक संचालित कर रखे हैं। साथ ही विभाग के कुछ कर्मचारियों को भी पटा रखे हैं जिनके द्वारा इनको खबर हो जाती है। जैसे ही इनको पता चलता है कार्यवाही की जा रही है क्षेत्र में मकड़ी की जाल के तरह फैले अवैध क्लिनिक संचालक बंगाली डॉक्टर, पैथोलॉजी संचालक, मेडिकल स्टोर संचालकों खबर कर देते हैं जो आपने क्लिनिक, मेडिकल स्टोर एवं पैथोलॉजी के कमरों के शटर गिरा रफू चक्कर हो जाते हैं।

## पुष्पांजलि चैरिटेबल ने चुरहट मे किसानों को बांटे फल



**जागरण, सीधी।** प्रत्येक सोमवार जनसेवा को लेकर समर्पित स्वयंसेवी संस्था पुष्पांजलि शोसल चैरिटेवल फाउन्डेशन टीम के साथियों ने इस सोमवार को चुरहट में खाद वितरण केन्द्र फेडरेशन पहुंच कर यूरिया खाद लेने पहुचे गाँव-गाँव से भूखे प्यासे हजारों किसानों को केले व बिस्किट, पानी वितरित कर फिर एक बार जनसेवा की मिशाल पेश की है। कार्यक्रम मे चुरहट तहसीलदार श्रीमती साक्षी गौतम के साथ अन्य कई अधिकारी कर्मचारी सहित संस्था के पदाधिकारी वालेन्टियर्स एवं रामनरेश शुक्ल, राकेश तिवारी, गुरूप्रसाद शुक्ल, पवन तिवारी, भगवान प्रकाश, राकेश शुक्ल, मनोज कुमार, सेवादल के रूप में उपस्थित रहे। खाद लेने पहुंचे किसानों ने संस्था के सेवा कार्य से प्रभावित होकर कहा कि कई जगहो मे खाद लेने गये किसानों के साथ अभद्रता व मारपीट की गई। लेकिन चुरहट में खाद लेने पहुचे किसानों को पुष्पांजलि संस्था द्वारा केले बिस्किट शुद्ध पानी के पाऊच वितरित किये गये। जो अति सराहनीय है।

# उपाध्यक्ष कक्ष मामले में बैकफुट पर आया नगर पालिका प्रशासन

## 16 नंबर कक्ष एलॉट करने पर नहीं बन रही सहमति




जागरण, सीधी


नगर पालिका परिषद सीधी के उपाध्यक्ष कक्ष को लेकर चल रही उठापटक के बाद एक बार अहम फैसला सामने आया है। नगर पालिका प्रशासन की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ता ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को यह अवगत कराया है कि उपाध्यक्ष दान बहादुर सिंह चौहान को कक्ष क्रमांक 16 एलाट किया गया है, हालांकि उपाध्यक्ष की ओर से मामले की पैरवी कर रहे अधिवक्ता ने उच्च न्यायालय जबलपुर के न्यायाधीश से कक्ष क्रमांक 26 अथवा 2 को एलाट करने की मांग उठाई है। उल्लेखनीय हैं कि जिला मुख्यालय की नगर पालिका परिषद की राजनीतिक सरगर्मियां लंबे समय से चर्चा में बनी हुई हैं, कारण की अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा ने उपाध्यक्ष की अनुपस्थिति में उनके कक्ष का ताला तोड़कर अपना डेरा जमा लिया था। यह खबर जैसे ही लोगों के बीच पहुंची हड़कंप मच गया था और यही वजह है कि सीधी नगर पालिका की राजनीतिक सरगर्मियां अभी भी थमने का नाम नहीं ले रही है। आज सोमवार को उच्च न्यायालय जबलपुर के न्यायाधीश ने मामले की सुनवाई करते हुए अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को भी अगली पेशी में वीसी के माध्यम से जोड़ने का आदेश दिया है। उच्च न्यायालय जबलपुर के माननीय न्यायाधीश द्वारा प्रकरण की सुनवाई के दौरान अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को अगली सुनवाई में जोड़ने का यह आदेश कई तरह के सवाल लोगों के मन में खड़ा कर दिया है। कारण कि पिछली सुनवाई में माननीय न्यायाधीश ने उपाध्यक्ष कक्ष को खाली कराने को लेकर नाराजगी जताते हुए अध्यक्ष को भी खड़े होकर कार्य करने का निर्देश दिया था और आज की सुनवाई में जोड़ने का आदेश जारी करना अपने आप में एक सवाल खड़ा कर रहा है। उपाध्यक्ष दान बहादुर सिंह चौहान की ओर से मामले की पैरवी कर रहे अधिवक्ता श्री दीक्षित ने सरकारी अधिवक्ता द्वारा माननीय न्यायाधीश को कक्ष क्रमांक 16 के आवंटन को लेकर दी गई जानकारी पर आपत्ति जताई है। अधिवक्ता श्री दीक्षित ने कहा कि उपाध्यक्ष दान बहादुर सिंह चौहान को कक्ष क्रमांक 26 अथवा 02 कक्ष एलाट किया जाय। हालांकि माननीय न्यायाधीश ने 17 सितम्बर को नियत की गई अगली पेशी में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को भी वीसी के माध्यम से जोड़ने का निर्देश दिया है। अब देखना यह होगा कि 17 सितम्बर को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष द्वारा अपना पक्ष किस तरह रखा जाएगा। सोमवार को उच्च न्यायालय जबलपुर में पूर्व से नियत सुनवाई के दौरान नगर पालिका परिषद सीधी की ओर शासकीय अधिवक्ता नीरज सिंह चौहान द्वारा न्यायाधीश को यह अवगत कराया है कि उपाध्यक्ष को कक्ष क्रमांक 16 एलाट कर दिया गया है।

## टमसार में उल्टी दस्त का प्रकोप, 2 दर्जन आए चपेट में



**जागरण, सीधी।** कुसमी ब्लॉक के टमसार गांव के बैगान टोले मे उल्टी दस्त हैजा बीमारी के प्रकोप मे आने से बीते 3 दिनों के भीतर तकरीबन 2 दर्जन के करीब लोग चपेट मे आ गए हैं जिनका उपचार टमसार के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और जिला चिकित्सालय सीधी मे चल रहा हैं 4 सितंबर को जहां 1 व्यक्ति इसकी चपेट मे आया वहीं दूसरे दिन 5 सितंबर को 4 तीसरे दिन 6 सितंबर को 5 व्यक्ति इसकी चपेट मे आये ठीक 7 सितंबर को एक सांथ 8 लोग इसकी चपेट मे आये और 8 सितंबर को 4 मरीज यानी 3 दिनों मे जहां 10 लोग संक्रमित हुए वहीं 2 दिनों मे 12 कुल 22 लोग संक्रमित हुए 20 लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टमसार मे भर्ती कर प्राथमिक उपचार कराया गया है जो अब स्वस्थ हैं। वहीं 2 लोग जो ज्यादा गंभीर थे उनको सोमवार को सीधी जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम के सांथ टमसार सरपंच मकरंद सिंह उइके एवं ग्रामीण रामबहादुर प्रजापति द्वारा मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने मे मदद किया गया एवं जो दवाई सरकारी अस्पताल मे नही था सरपंच द्वारा प्रायवेट क्लीनिक से खरीदकर उनका इलाज कराया गया। साथ ही सरपंच श्री उइके के द्वारा 20 मरीजों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टमसार एवं 8 सितंबर को 2 मरीजों को जिला चिकित्सालय तक लाया गया। साथ ही सरपंच द्वारा कुएं मे ब्लीचिंग पाउडर भी डलवाया गया। हैजा की चपेट मे जो लोग आये है उन मरीजों मे राजेश कुमार बैगा 27 वर्ष, मीना बैगा उम्र17 वर्ष, सतकली बैगा उम्र 24 वर्ष, अंशू सिंह पठारी ढाई वर्ष, मुन्नीबाई बैगा 42 वर्ष, फूलबाई बैगा 20 वर्ष, राजकुमारी बैगा 21 वर्ष, निर्मला बैगा 8 वर्ष, विश्वनाथ बैगा 28 वर्ष, सितारा बैगा 12 वर्ष, धर्मराज बैगा 27 वर्ष, आशादेवी बैगा 22 वर्ष, फूलबाई बैगा 25 वर्ष, इंद्रनिया बैगा 35 वर्ष, मोनिका पठारी 12 वर्ष, श्यामकली बैगा 28 वर्ष, सीताराम बैगा 27 वर्ष, अशोक कुमार बैगा 10 वर्ष, फुलमतिया बैगा 12 वर्ष, रोशनी बैगा 8 वर्ष, ऊषादेवी बैगा 22 वर्ष, आरती सिंह पठारी उम्र 22 वर्ष, दादूलाल बैगा 30 वर्ष, रामबती बैगा 26 वर्ष, श्यामबाई बैगा 27 वर्ष, राजकली बैगा 32 वर्ष शामिल हैं।

# पितरों को प्रसन्न करने शुरू हो गया श्राद्ध व तर्पण कार्यक्रम



जागरण श्राद्ध

## सनातन धर्म में पितृ पक्ष का है विशेष महत्व

### 21 सितंबर को सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या को होगा समापन



जागरण, सीधी

पितरों को प्रशन्न करने पितृ पक्ष का शुभारंभ 7 सितंबर से हो चुका है। सनातन धर्म में पितृ पक्ष का विशेष महत्व है। इस दौरान लोग पितृ दोष से मुक्ति पाने के लिए श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान जैसे कर्मकांड किए जाते हैं। धार्मिक मान्यता है कि पितृ पक्ष में हमारे पूर्वज पितृलोक से धरती पर आते हैं। इसलिए उनके निमित्त इन कर्मों का विशेष महत्व होता है। ज्योतिषाचार्यों ने बताया कि इस वर्ष पितृ पक्ष की शुरुआत 7 सितंबर से हो चुकी है, जो श्राद्ध की पूर्णिमा मानी जाती है। समापन 21 सितंबर को सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या के दिन होगा। पितरों को प्रसन्न करने के लिए ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए और साथ ही उन्हें यथा संभव दान भी देना चाहिए। इन दिनों में पितरों के नाम पर किया गया दान पुण्य काफी हितकारी होता है। एक तरफ जहां उनको मुक्ति मिलती है जिनके यह किया जाता है दूसरी तरफ हमारे ऊपर अगर पितृ दोष चल रहा है तो वह भी कट जाता है। इसीलिए इन 15 दिनों में पितरों की शांति के लिए विशेष पूजा अर्चना एवं दान पुण्य के कार्य किए जाते हैं। चर्चा के दौरान कुछ बुजुर्गों का कहना था कि पितृ पक्ष का सनातन धर्म में हमेंशा से काफी महत्व रहा है। हमारे जो पितर अब हमारे बीच नहीं हैं वह पितृ पक्ष में अपने घर परिवार के बीच आते हैं। उनके लिए विशेष पूजा-अर्चना एवं दान पुण्य किए जाते हैं। इससे पितृ काफी प्रशन्न होते हैं और अपने परिवार के लोगों को सुख-समृद्धि का विशेष आशीर्वाद प्रदान कर पितृ पक्ष के समापन पर पितृ अमावस्या को रवाना हो जाते हैं। जो व्यक्ति भौतिक सुख विलाश में डूबे हुए हैं और उन्हें अपने पितरों के लिए समय नहीं है उनको पितृ पक्ष के समापन पर जब परिवार के पितर रवाना होते हैं तो श्राप भी देकर जाते हैं। उनके श्राप का दंश परिवार के लोगों को तरह-तरह से बाद में भुगतना पड़ता है। सुख-समृद्धि धीरे-धीरे गायब हो जाती है और उन्हें तरह-तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी वजह से घर के बुजुर्ग पितृपक्ष के प्रारंभ में अपने परिवार के सभी सदस्यों को श्राद्ध कर्मों में सहभागी बनने के लिए प्रेरित करते हैं। जो इस कार्य में परिवार के लोग सम्मिलित होते हैं उनको काफी आशीर्वाद पितरों को मिलता है और उनके जीवन में सुख-समृद्धि की कोई कमी नहीं होती। जो व्यक्ति भौतिक विलाश में डूबा रहता है उसको पितरों के कोप का भाजन बनना पड़ता है। श्राद्ध पक्ष में बहुत से लोग अपने पितरों को प्रशन्न करने के लिए गया जी जाकर पिण्ड दान करते हैं। ऐसे पितर काफी सौभाग्यशाली माने जाते हैं। जिनके वंश से पिण्ड दान करने के लिए कोई व्यक्ति गया जी पहुंचता है। पितृ पक्ष प्रारंभ होने के बाद अब सीधी जिले से भी काफी संख्या में लोग पिण्ड दान करने के लिए लगातार गया जी रवाना हो रहे हैं।

### श्राद्ध करने की तिथियां निर्धारित

पूर्णिमा का श्राद्ध 7 सितम्बर 2025 रविवार को हो गया है। प्रतिपदा श्राद्ध 8 सितम्बर 2025 सोमवार, द्वितीया श्राद्ध 9 सितम्बर 2025 मंगलवार, तृतीया श्राद्ध 10 सितम्बर 2025 बुधवार, चतुर्थी श्राद्ध 10 सितम्बर 2025 बुधवार, पञ्चमी श्राद्ध 11 सितम्बर 2025 बृहस्पतिवार, महा भरणी 11 सितम्बर 2025 बृहस्पतिवार, षष्ठी श्राद्ध 12 सितम्बर 2025 शुक्रवार, सप्तमी श्राद्ध 13 सितम्बर 2025 शनिवार, अष्टमी श्राद्ध 14 सितम्बर 2025 रविवार, नवमी श्राद्ध 15 सितम्बर 2025 सोमवार, दशमी श्राद्ध 16 सितम्बर 2025 मंगलवार, एकादशी श्राद्ध 17 सितम्बर 2025 बुधवार, द्वादशी श्राद्ध 18 सितम्बर 2025 बृहस्पतिवार, त्रयोदशी श्राद्ध 19 सितम्बर 2025 शुक्रवार, मघा श्राद्ध 19 सितम्बर 2025 शुक्रवार, चतुर्दशी श्राद्ध 20 सितम्बर 2025 शनिवार, सर्वपितृ अमावस्या 21 सितंबर रविवार शामिल हैं।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## अपनी ही कंपनियों के नुकसान के चलते क्या टैरिफ वापस लेंगे ट्रंप?

*एप्पल' ने भारत से 67,000 करोड़ रुपए कमाए हैं। 'अमेजन' ने 40,000 करोड़ रुपए कमाए हैं। 'गूगल' ने 22-23,000 करोड़ रुपए बनाए हैं और 'मेटा' ने भी लगभग इतनी ही कमाई की है। ये सभी अमरीकी कंपनियां हैं और भारत उनका सबसे बड़ा बाजार है। भारत में इनके प्लांट भी सक्रिय होंगे अथवा स्थापित होने की प्रक्रिया में होंगे! ऐसी कई और अमरीकी कंपनियां होंगी, जो भारत में व्यापार कर रही हैं और मोटा मुनाफा कूट रही हैं। इन कंपनियों के सबसे अधिक ग्राहक और उपयोगकर्ता भी भारत में हैं। यह मुनाफा अमरीका में ही जा रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप अब भारत के बारे में क्या सोच रहे हैं? चूंकि अमरीकी कंपनियां भारत में उत्पादन कर रही हैं और माल अमरीकी बाजार में जा रहा है, क्या ट्रंप इन उत्पादों पर भी 50 फीसदी टैरिफ थोपेंगे? बल्कि ट्रंप हर रोज टैरिफ पर सफाई दे रहे हैं। भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के सूत्रों का मानना है कि ट्रंप 100 दिनों के अंतराल में टैरिफ पर पुनर्विचार कर अपने फैसले को वापस ले सकते हैं, लिहाजा उन्होंने सर्वोच्च अदालत से आग्रह किया है कि वह टैरिफ मामले पर यथाशीघ्र सुनवाई कर उसे 'वैध' करार दे। अदालत नवंबर माह में सुनवाई शुरू करेगी, यह पहले से ही तय है। ट्रंप इसलिए भी चिंतित हैं, क्योंकि दुनिया दो ध्रुवों के बीच बंटती जा रही है और अमरीका को 'शीत युद्ध' एक बार फिर शुरू होने की आशंका है। अमरीका की ताकत भी बंटती जा रही है।*

*अब देश अमरीका की 'दादागीरी' मानते रहने को तैयार नहीं हैं। ट्रंप और अमरीकी मंत्री अब भी भारत को अपना 'परम मित्र' मानते हैं। अमरीकी विशेषज्ञ भी मानते हैं कि देश के राष्ट्रपतियों ने दशकों की मेहनत, कूटनीति, दूरदर्शिता और देशों की लामबंदी के जरिए जो ताकत अर्जित की थी और अमरीका को सबसे बड़ी 25 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था तक पहुंचाया था, ट्रंप उस पर पानी फेर रहे हैं। भारत को 50 फीसदी टैरिफ से अमरीका ने दबाव में लाने की रणनीति बनाई, लेकिन भारत दूसरे ध्रुव पर रूस और चीन के साथ मिल गया।*

*उसके समर्थन में 50 अन्य देश, ब्रिक्स और एससीओ के देश आ खड़े हुए। भारत के वाणिज्य-उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक साक्षात्कार में खुलासा किया है कि भारत का ऑस्ट्रेलिया और ओमान के साथ व्यापार का करार शीघ्र ही होने जा रहा है। भारत की 50 अन्य देशों के साथ भी निर्यात की संभावनाओं पर बातचीत जारी है। अमरीका के साथ भी नवंबर तक व्यापार-समझौता होना लगभग तय है। भारत आगामी दो सालों के भीतर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन सकता है। सवाल यह है कि ट्रंप को भारत से दिक्कत है अथवा रूस और चीन से? भारत ने पलट कर अमरीका पर कोई टैरिफ नहीं थोपा है। अमरीकी कंपनियां भारत की सार्वजनिक और निजी कंपनियों से अरबों डॉलर के करार कर रही हैं।*

*अमरीकी राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे अधिकारी ने अमरीका में मंदी की संभावनाओं को लेकर राष्ट्रपति को सचेत किया है। ऐसे भी विश्लेषण सामने आए हैं कि एक-तिहाई उद्योग पहले से ही आर्थिक संकट झेल रहे हैं। ऐसे में भारत के साथ कारोबार कम क्यों किया जा रहा है? टैरिफ का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि रूस के साथ भारत, चीन के अलावा अमरीका और यूरोपीय देश भी तेल और गैस का धंधा कर रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप को आरोप लगाने की अपनी आदत को सुधारना चाहिए। उन्होंने अब चीन पर आरोप चस्पां किया है कि वह अमरीका के खिलाफ साजिश रच रहा है। दरअसल बदलते वैश्विक परिदृश्य में अमरीका अकेला पड़ता जा रहा है। अच्छे संबंधों को सिर्फ टैरिफ तक सीमित कर देखना ट्रंप और अमरीका के लिए नुकसानदायक होगा। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जब शीत युद्ध शुरू हुआ था, तब भी भारत दोनों ध्रुवों से अलग, अपनी गुटनिरपेक्षता के लिए, मजबूती से खड़ा था। बहरहाल जो भी निर्णय लेना है, ट्रंप और अमरीका को लेना है।*

# बिगड़ते रिश्ते और कम हो रहे रसूख से परेशान हैं ट्रंप

अंतरराष्ट्रीय संबंध

राजेश कुमार आर्य



> क्या भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान क्या इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि वो अब अपनी कार्रवाई को लेकर प्रायश्चित कर रहे हैं। क्या उन्हें अहसास हो रहा है कि उनकी नीतियों ने भारत को चीन की ओर धकेलने की कोशिश की, जिससे अमेरिका की रणनीति प्रभावित हुई है।

डोनाल्ड ट्रंप क्यों कह रहे हैं कि अमेरिका ने भारत को खो दिया, वो किस बात से परेशान हैं?

ट्रंप ने राष्ट्रपति बनने के बाद भारत पर टैरिफ लगाया, जिससे दोनों देशों के रिश्तों में तनाव उत्पन्न हुआ है। ट्रंप ने माना कि चीन के कारण भारत और रूस जैसे दोस्त अमेरिका से दूर हो गए हैं। ट्रंप की नीतियों ने भारत को चीन की ओर धकेलने की कोशिश की, जिससे अमेरिका की रणनीति प्रभावित हुई है। डोनाल्ड ट्रंप ने इस साल जनवरी में राष्ट्रपति का दूसरा कार्यकाल शुरू किया। इसके बाद से ही वो अपने बयानों और कार्रवाइयों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। मेक अमेरिका ग्रेट अगेन के नारे पर दूसरा कार्यकाल हासिल करने वाले राष्ट्रपति ट्रंप अप्रत्याशित व्यक्ति बन गए हैं। वह क्या बयान दे देंगे और कौन सा कदम उठा लेंगे इसका अनुमान लगा पाना कठिन है। उन्होंने भारत पर 50 फीसदी का टैरिफ लगा दिया है। भारत ने उनके इस कदम पर संतुलित प्रतिक्रिया दी। लेकिन दोनों देशों के रिश्तों में थोड़ा तनाव आया है। इस बीच लगता है कि ट्रंप को अपनी गलती का एहसास होने लगा है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि हमने चीन के हाथों भारत और रूस जैसे दोस्त खो दिए। इसके बाद उन्होंने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके दोस्त बने रहेंगे।

ट्रंप ने शुक्रवार को अपने ट्रुथ सोशल अकाउंट पर लिखा, ऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को गहरे, अंधेरे चीन के हाथों खो दिया। उम्मीद करता हूं कि उनकी साझेदारी लंबी और समृद्ध हो। अपनी पोस्ट के साथ ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक फोटो भी लगाई थी।

**क्या पश्चाताप की आग में जल रहे हैं ट्रंप :** ट्रंप के इस बयान को उनकी आत्मग्लानि के रूप में देखा जा रहा है। ट्रंप के इस बयान के सवाल पर अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार वरिष्ठ पत्रकार कमर आगा अंग्रेजी के एक मुहावरे का इस्तेमाल करते हुए इसे एडमिशन ऑफ गिल्ट बताते हैं। वो कहते हैं कि देखने वाली बात यह भी है कि उन्होंने अभी तक संबंधों को सामान्य बनाने के लिए कोई पहल नहीं की है, जबकि उन पर भारत के साथ संबंधों को सामान्य बनाने के लिए आंतरिक और बाहरी दोनों तरह का दबाव भी है। एससीओ समित के दौरान चीन से आई इस तरह की तस्वीरों ने अमेरिकी राष्ट्रपति की चिंता बढ़ा दी है। भारत को लेकर पिछले दो दिनों में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बयान इस बात के संकेत हैं कि चीन और भारत के बीच जमी बर्फ पिघल रही है क्योंकि इसका बड़ा कारण ट्रंप की ओर से भारत पर लगाए टैरिफ हैं। बुद्धिजीवी वर्ग भी अब ट्रंप को अहंकारी व्यक्ति बताने लगा है। अहंकार की वजह से ही उन्होंने दोस्त और दुश्मन में भेद न करते हुए, दोनों के साथ एक समान व्यवहार किया।

**कैसे रहे हैं भारत-अमेरिका संबंध :** पिछले तीन दशक से सभी अमेरिकी राष्ट्रपतियों ने भारत से संबंधों बहुत संजो कर रखा था। लेकिन ट्रंप ने उसे अपनी सनक से खराब करने की कोशिश की है। ऐसा लगता है कि ट्रंप के सलाहकारों ने ट्रंप को यह समझाया होगा कि अमेरिका की इंडो-पैसिफिक नीति भारत के बिना अधूरी है और भारत को इस तरह चीन की तरफ धकेल देने से हम अलग-थलग पड़ जाएंगे। ट्रंप को भारत की सैन्य ताकत का भी एहसास कराया गया होगा, क्योंकि आज दुनिया में भारत उन गिने-चुने देशों में शामिल है, जो सैन्य मामले में शक्ति संपन्न हैं, जब रूस और चीन एक साथ हो रहे हैं, ऐसे समय में भारत का साथ छोड़ देने से अमेरिका के पास कोई ताकतवर देश नहीं बचेगा। यह स्थिति अमेरिका के लिए नुकसानदायक हो सकती है। भारत ही एक ऐसा देश है, जिसने पिछले तीन दशक में चीन का मुकाबला किया है और उसके सामने डटकर खड़ा रहा है। क्वाड (अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत) में शामिल देशों में से भारत को छोड़कर किसी भी देश की सीमा चीन से नहीं लगती है। इसलिए अमेरिका को लगा होगा कि भारत ही एक ऐसा देश है, जो चीन के सामने खड़ा हो सकता है, इसलिए उन्हें लगा होगा कि उसे भी नाराज कर देना ठीक नहीं है।

**अमेरिका की विदेश नीति में भारत का स्थान :** अमेरिकी विदेश नीति में भारत एक महत्वपूर्ण देश है। भारत के बिना इंडो-पैसिफिक अपूर्ण है। भारत किसी के दबाव में नहीं आता है, वह अपने हित के फैसले खुद लेता है। भारत की हर सरकार ने ऐसा ही किया है। ट्रंप ने शायद सोचा था कि टैरिफ लगा देने से भारत दबाव में आ जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। शायद अमेरिका को ये चीजें समझ नहीं आई थीं, लेकिन अब उन्हें समझ में आने लगा है। उम्मीद है कि भारत-अमेरिका संबंध जल्द ही सामान्य हो जाएंगे। भारत के लिए भी अमेरिका बहुत महत्वपूर्ण है। दोनों जगह लोकतंत्र और कानून का शासन है, लाखों भारतीय वहां काम करते हैं और पढ़ते हैं और वहां की अर्थव्यवस्था में योगदान देते हैं। इसलिए ऐसा नहीं लगता है कि अकेले ट्रंप या उनकी नीतियां भारत-अमेरिका संबंधों को बहुत अधिक नुकसान पहुंचा पाएंगी।

**अमेरिकी भी हैं डोनाल्ड ट्रंप से नाराज :** अमेरिकी विशेषज्ञ भी इसी तरह की बातें कह रहे हैं। जॉन बोल्टन, ट्रंप के पहले कार्यकाल में अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे। वो भारत के साथ बिगड़ते रिश्ते को लेकर बहुत सख्त हैं। इसके लिए वो ट्रंप की मुखर आलोचना करते रहते हैं। कुछ दिन पहले बोल्टन ने कहा था कि डोनाल्ड ट्रंप के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बहुत अच्छे व्यक्तिगत संबंध थे, लेकिन अब वह खत्म हो गए हैं। बोल्टन यहां तक भी कह चुके हैं कि रूस पर लगाई गई पाबंदियां भारत को उसका तेल खरीदने से नहीं रोक सकती हैं।

एक ब्रिटिश मीडिया हाउस से बोल्टन ने कहा था कि चीन अब खुद को अमेरिका का विकल्प की तरह पेश करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा था, मोदी की चीन में मौजूदगी मुझे पूरी तरह से ट्रंप के कारण लगती है। पिछले कई महीनों में ट्रंप ने भारत के साथ जिस तरह का व्यवहार किया है, उसने दशकों की मेहनत को पीछे धकेल दिया है। भारत को रूस से दूर करके यह समझाने की कोशिश की गई थी कि भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा चीन है, लेकिन अब हालात बदल गए हैं।

**किस तरफ है भारत की जनता का मन :** पिछले दो-तीन दशक में पहली बार भारतीय जनता का मन अमेरिका के खिलाफ है, इससे पहले ऐसा नहीं होता था, भारतीय जनता के लिए अमेरिका ड्रीम डेस्टिनेशन बना हुआ था। लोग वहां काम करना चाहते थे, वहां बसना चाहते थे और वहां के विश्वविद्यालयों में पढ़ना चाहते थे। लेकिन अब लोगों की भारत की रणनीतिक स्वायत्तता पसंद आ रही है, लोग अब यह कह रहे हैं कि इस तरह से हमें कभी रूस ने परेशान नहीं किया। इसलिए अब चीन के साथ संबंध सुधारने को लेकर भी बात हो रही है। चीन अगर अपनी विस्तारवादी नीतियों से अलग हो जाए तो, भारत और चीन दुनिया को एक नया आकार दे सकते हैं। भारत और चीन विकासशील देश हैं और दोनों के पास दुनिया का दुनिया की 20 फीसदी से अधिक की आबाद है, जिनमें युवाओं की संख्या सबसे अधिक है और दोनों के पास मैन पॉवर और रिसोर्स भी है, ऐसे में अगर दोनों देशों के संबंध अच्छे हो जाएं तो वो केवल दक्षिण एशिया के लिए नहीं बल्कि सभी विकासशील देशों के लिए अच्छा कर सकते हैं। इस बात को अब हमारे नीति-निर्माता भी समझ रहे हैं और वो अमेरिका वाले कंफर्ट जोन से बाहर आ रहे हैं। भारत जैसे विकासशील देश के लिए अपने नीतियों में बदलाव करना कोई बड़ी बात नहीं है। भारत ने उस समय अमेरिका का सामना किया था, जब वह आज जितना मजबूत नहीं था। वहीं चीन के साथ भारत की बढ़ती नजदीकियों के हवाले से देखें तो चीन हमारा पड़ोसी है और हमारे लिए महत्वपूर्ण देश है। भारत का सारा जोर विकास पर है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो यहां तक कहा है कि युद्ध का समय अब समाप्त हो गया है। इसके बाद से दोनों देशों के संबंध सुधर रहे हैं और सीमा पर हालात भी सामान्य होने की प्रक्रिया में हैं। दोनों देशों में 127 अरब डॉलर से अधिक का व्यापार है।

# रील्स की दुनिया और गुम होते सामाजिक आदर्श

सरोकार

डॉ. प्रियंका सौरभ



> भारत की सामाजिक चेतना कभी गांधी, नेहरू, भगत सिंह, अंबेडकर और सुभाष जैसे महापुरुषों की कहानियों से गढ़ी जाती थी। आज वही जगह सोशल मीडिया के वायरल सितारों ने ले ली है। लाखों फॉलोअर्स और लाइक्स वाले ब्लॉगर और रील-निर्माता युवाओं के नए रोल मॉडल बन बैठे हैं। मनोरंजन के नाम पर यह संस्कृति असली आदर्शों को धुंधला कर रही है। सवाल यही है कि क्या हमारी अगली पीढ़ी त्याग और संघर्ष की विरासत को याद रखेगी या सिर्फ ट्रेंडिंग वीडियो तक सीमित रह जाएगी?

गांव की चौपाल से लेकर शहर की बैठकों तक, हर सभा और हर संस्थान में महापुरुषों की तस्वीरें लगती थीं। बच्चे इन्हीं के किस्से सुनकर बड़े होते थे। रोल मॉडल होना मतलब था दूसरों को प्रेरित करना, समाज को दिशा देना और भविष्य की पीढ़ी को ऊँचाइयों तक पहुँचाना।

समय बदल गया। तकनीक और सोशल मीडिया ने पूरी तस्वीर उलट दी। अब रोल मॉडल का अर्थ समाज में गहरी छाप छोड़ने वाला महापुरुष नहीं, बल्कि वह व्यक्ति हो गया है जो कैमरे पर सबसे ज़्यादा शोर मचाए, जो सबसे अजीब हरकतें करे और जिसकी वीडियो सबसे ज़्यादा वायरल हो जाए। आज जिनके नाम युवा ज़ुबान पर हैं, वे न तो किसी आंदोलन के नायक हैं और न ही किसी बड़े विचारधारा के संवाहक। वे हैं जो केवल हंसी-मज़ाक, तड़क-भड़क या दिखावे के दम पर मशहूर हो गए।

विडंबना यह है कि लोग इन्हें देखकर अपना समय, ऊर्जा और कभी-कभी अपनी सोच भी खर्च कर देते हैं। गाँव-गाँव और गली-गली में आज बच्चे और युवा इन्हीं यूट्यूब चैनलों, टिकटॉक-स्टाइल रीलों और इंस्टाग्राम लाइव वालों को अपने आदर्श मानने लगे हैं। जहाँ पहले बच्चे कहते थे कि वे बड़े होकर भगत सिंह या अंबेडकर जैसे बनना चाहते हैं, वहीं अब बहुत से बच्चे कहते मिलेंगे कि वे यूट्यूबर, ब्लॉगर या इंफ्लुएंसर बनना चाहते हैं।

सोशल मीडिया का यह चलन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है। यह धीरे-धीरे हमारे समाज की सोच और संस्कारों को प्रभावित कर रहा है। जब कोई महिला सिर्फ़ ध्यान खींचने के लिए अपने निजी रिश्तों को पब्लिक प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित करती है, जब पति-पत्नी की नोंकझोंक मनोरंजन बन जाती है, तब यह स्पष्ट हो जाता है कि हमारे समाज का एक बड़ा हिस्सा मनोरंजन और मज़ाक के नाम पर गंभीर मूल्यों से दूर होता जा रहा है।

यह बदलाव खतरनाक इसलिए है क्योंकि समाज वही बनता है जैसा वह अपने आदर्श चुनता है। अगर रोल मॉडल ऐसे लोग होंगे जो सिर्फ़ ताली और व्यूज के लिए अजीबोगरीब हरकतें करते हैं, तो आने वाली पीढ़ी त्याग और संघर्ष की जगह केवल सस्ते लोकप्रियता के रास्ते तलाशेगी। असली मेहनत, पढ़ाई, चिंतन और सामाजिक योगदान हाशिए पर चला जाएगा।

यह कहना भी गलत नहीं होगा कि इस ट्रेंड का एक आर्थिक पहलू भी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स ने लोकप्रियता को सीधा पैसे से जोड़ दिया है। जिसके वीडियो ज़्यादा चलेंगे, वह कमाई भी ज़्यादा करेगा। इस कारण लाखों युवा बिना सोचे-समझे इसी राह पर दौड़ पड़े हैं। वे समझते हैं कि समाज की सेवा करने से ज़्यादा फायदेमंद है एक मज़ाकिया वीडियो बनाना। यही कारण है कि महापुरुषों की जीवनी पढ़ने वाले युवाओं की संख्या घटती जा रही है, जबकि कंटेंट क्रिएटर बनने वाले युवाओं की भीड़ बढ़ती जा रही है।

लेकिन क्या यह स्थिति स्थायी है? क्या सचमुच समाज आदर्शों से इतनी जल्दी विमुख हो जाएगा? इसका उत्तर इतना सरल नहीं है। इतिहास गवाह है कि हर समाज में एक समय ऐसा आता है जब मूल्य खोखले लगने लगते हैं और दिखावा ज़्यादा प्रभावी हो जाता है। अंततः वही समाज आगे बढ़ता है जो अपने सच्चे आदर्शों को याद रखता है। भारत जैसे देश में, जिसकी आत्मा स्वतंत्रता संग्राम और सामाजिक न्याय की लड़ाई से गढ़ी गई है, वहाँ के लोग सदा के लिए महापुरुषों को भूल नहीं सकते।

ज़रूरत है एक संतुलन बनाने की। मनोरंजन और तकनीक जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन इन्हें आदर्श नहीं बनाया जा सकता। रोल मॉडल वही हो सकते हैं जो समाज को आगे ले जाएँ, जो इंसानों में विश्वास और प्रेरणा जगाएँ, जो भविष्य की पीढ़ी को त्याग, साहस और सेवा का रास्ता दिखाएँ। आज भी ऐसे लोग हमारे बीच मौजूद हैं- वैज्ञानिक, शिक्षक, किसान, सैनिक, डॉक्टर, सामाजिक कार्यकर्ता- जो चुपचाप अपनी मेहनत और ईमानदारी से देश को आगे बढ़ा रहे हैं। समाज को चाहिए कि वह इनकी कहानियों को बच्चों और युवाओं तक पहुँचाए।

मीडिया और शिक्षा जगत की भी जिम्मेदारी है कि वे केवल सस्ते मनोरंजन को मंच न दें, बल्कि असली नायकों की गाथाएँ उजागर करें। स्कूलों और कॉलेजों में महापुरुषों की जीवनी को फिर से पढ़ाया जाए, स्थानीय स्तर पर समाज सेवियों और कर्मठ लोगों को सामने लाया जाए। तभी हम उस खोए हुए संतुलन को वापस पा सकेंगे जहाँ मनोरंजन अपने स्थान पर रहे और आदर्श अपने स्थान पर।

आज जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं और अपने पूर्वजों की विरासत को याद करते हैं, तो साफ़ दिखता है कि हमें जिन महापुरुषों ने यह देश और समाज दिया, वे किसी रील, किसी ट्रेंड और किसी तात्कालिक लोकप्रियता का हिस्सा नहीं थे। उन्होंने कठिन रास्ता चुना, संघर्ष किया और अपने जीवन को समाज और राष्ट्र के नाम कर दिया। उनकी तुलना में आज के ट्रेंडिंग सितारे बहुत हल्के और अस्थायी हैं।

समाज को यह समझना होगा कि रोल मॉडल केवल वे नहीं होते जिनके लाखों फॉलोअर्स हों, बल्कि वे होते हैं जो अपने जीवन से, अपने विचारों से और अपने संघर्ष से दूसरों को सही दिशा दिखाते हैं। अगर हम इसे समझ पाएँ, तो शायद फिर से हमारी अगली पीढ़ी भगत सिंह, अंबेडकर जैसे आदर्शों को अपना मार्गदर्शक बनाएगी, न कि कूल्हे मटकाण वाले किसी ब्लॉगर को।

प्रसंगवश

## मणिपुर में पहला बड़ा समझौता क्या अब होगी शांति की सुबह?

> सरकार और कुकी समुदाय के बीच स्थायी समाधान की खोज के लिए एक सहमति बनी है और राज्य में शांति की उम्मीद जगी है। इस बातचीत में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि राज्य में हिंसा और संघर्ष से प्रभावित एक मुख्य समूह की नुमाइंदगी कर रहे कुकी संगठनों ने भागीदारी की और फिलहाल मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता बरकरार रखने पर सहमति बनी है।

राज्य में मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा देने के सवाल पर उभरा संघर्ष वहां कुकी और मैतेई समुदायों के बीच ऐसी दूरी पैदा कर चुका है, जिसका हल निकालना अब तक संभव नहीं हो सका है।

करीब सवा दो साल के बीच मणिपुर में यह अहम मौका है जब सरकार और कुकी समुदाय के बीच स्थायी समाधान की खोज के लिए एक सहमति बनी है और राज्य में शांति की उम्मीद जगी है। इससे पहले राज्य में जारी संघर्ष के बीच संबंधित पक्षों की अपनी शर्तों की वजह से किसी समझौते तक पहुंचना मुश्किल बना रहा और यही वजह है कि जब कुकी-जो के दो प्रमुख संगठनों और सरकार के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं, तब भी इसके जमीन पर उतरने और स्थायी हल को लेकर एक आशंका बनी हुई है।

हालांकि अब तक सबसे बड़ी समस्या यही रही कि संघर्षरत समूहों के बीच संवाद कायम होना ही एक बड़ी चुनौती थी और इसी वजह से समाधान के किसी प्रारूप पर आगे बढ़ना संभव नहीं हो सका। अब गुरुवार को केंद्र और मणिपुर की सरकार के साथ कुकी-जो के दो समूहों के बीच एक नए समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं, जिसके तहत राज्य की क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने, राष्ट्रीय राजमार्ग-2 को मुक्त आवाजाही के लिए खोलने और उग्रवादी शिविरों को स्थानांतरित करने पर सहमति बनी है।


इसमें कोई दोराय नहीं कि मई 2023 में शुरू हुए टकराव और हिंसा के जटिल हो चुके स्वरूप के बाद अब कुछ अहम बिंदुओं पर हुए समझौते को अंतिम और सबके लिए स्वीकार्य समाधान के तौर पर देखना जल्दबाजी होगी, लेकिन इस बातचीत में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि राज्य में हिंसा और संघर्ष से प्रभावित एक मुख्य समूह की नुमाइंगी कर रहे कुकी-जो संगठनों ने भागीदारी की और फिलहाल मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता बरकरार रखने पर सहमति बनी है।

इससे पहले कुकी संगठनों की ओर से यह कई बार कहा गया कि जब तक 'अलग पहाड़ी राज्य' या संघ राज्य क्षेत्र की उनकी मांग पूरी नहीं होगी, तब तक वे किसी समझौते को स्वीकार नहीं करेंगे। यही स्थिति सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई थी। इस लिहाज से देखें, तो अगर कुकी-जो के दो समूहों और केंद्र तथा राज्य सरकार के बीच क्षेत्रीय अखंडता बरकरार रखने पर सहमति बनी है, तो इसे मणिपुर में जारी टकराव या संघर्ष की स्थिति को खत्म करके स्थायी समाधान की ओर बढ़ने की कोशिश के तौर पर देखा जा सकता है।

हालांकि इस समझौते के समांतर एक बाधा यह खड़ी हुई है कि मणिपुर में नगाओं की शीर्ष संस्था ने मुक्त आवागमन व्यवस्था को समाप्त करने और भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने के विरोध में 'व्यापार प्रतिबंध' लागू करने की घोषणा कर दी है। वहीं कुकी-जो परिषद ने कहा कि समझौते को मैतेई आबादी और कुकी जो के इलाकों के बीच के 'बफर जोन' में किसी तरह की आवाजाही के रूप में नहीं समझा जाए; लोगों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। जाहिर है, कुकी-जो समूहों के साथ बनी सहमति के बावजूद राज्य में स्थायी समाधान और पूर्ण शांति की फिलहाल सिर्फ उम्मीद की जा सकती है।

गौरतलब है कि राज्य में मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा देने के सवाल पर उभरा संघर्ष वहां कुकी और मैतेई समुदायों के बीच ऐसी दूरी पैदा कर चुका है, जिसका हल निकालना अब तक संभव नहीं हो सका है। वहां जातीय हिंसा के क्रम में कई महिलाओं पर बर्बर अत्याचार किए गए और अब तक ढाई सौ से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। यह समझना मुश्किल है कि अब जाकर केंद्र और राज्य सरकार ने कुकी-जो संगठनों के साथ संवाद कायम करके शांति की राह में जो कदम बढ़ाए हैं, इस तरह की पहल पहले क्यों नहीं हो सकती थी।

॥गीता॥



**श्लोक**

**विद्याभ्यास स्तपो ज्ञानमिन्द्रियाणां च संयमः।**
**अहिंसा गुरुसेवा च निःश्रेयसकरं परम्॥**

**भावार्थ**

श्री कृष्ण अर्जुन से कहते हैं- हे पार्थ विद्याभ्यास, तप, ज्ञान, इंद्रिय-संयम, अहिंसा और गुरुसेवा ये परम कल्याणकारक हैं।

जीवन दर्शन

# दूसरों को भी प्रेरित करती है आध्यात्मिक पथ की शुरुआत



सामान्यतः यह माना जाता है कि लोग इसलिए नहीं बदलते क्योंकि कोई उन्हें बदलने के लिए कहता है बल्कि वे इसलिए बदलते हैं क्योंकि वे दूसरों के उदाहरण के माध्यम से लाभ देखते हैं। हमें अपने सिद्धांतों पर टिके रहने से नहीं डरना चाहिए, भले ही बाकी सभी लोग असहमत क्यों न हों। हमें अकेला महसूस नहीं करना चाहिए क्योंकि प्रभु हमेशा हमारे साथ हैं। अध्यात्म का मार्ग अनेक अनुभवों से भरी यात्रा है जिसमें कई ऐसे मोड़ भी होते हैं जिनका हमें पहले कभी पता नहीं होता।

हमें अपने सिद्धांतों पर टिके रहना चाहिए, भले ही हमारे दोस्तों में अकेले केवल हम ही बचे हों।

हमें अकेला महसूस नहीं करना चाहिए क्योंकि प्रभु हमेशा हमारे साथ हैं। अध्यात्म का मार्ग अनेक अनुभवों से भरी यात्रा है जिसमें कई ऐसे मोड़ भी होते हैं जिनका हमें पहले कभी पता नहीं होता। अक्सर जब हम पहली बार अपनी आध्यात्मिक यात्रा की शुरूआत करते हैं तो उस समय हमें लगता है कि हम अकेले हैं। हमारे आस-पास के लोग हमें साधारण व्यक्तियों से कुछ अलग करते हुए देखते हैं। उदाहरण के लिए हम अपने परिवार में अकेले हो सकते हैं जो ध्यान-अभ्यास करते हैं। हमारे दोस्तों के बीच हम एकमात्र शाकाहारी हो सकते हैं या ऐसे हो सकते हैं जो दूसरों की आलोचना करने से परहेज करते हैं। ऐसे में हमारे कार्यों को अजीब या कमजोरी के रूप में माना जा सकता है। बहुत से व्यक्ति क्रोध, अहंकार और स्वार्थ के शिकार हो सकते हैं लेकिन हम अहिंसा, नम्रता और निष्काम सेवा जैसे नैतिक गुणों को अपनाकर जीने की कोशिश कर रहे होते हैं। हममें से जिन्होंने अकेले आध्यात्मिक यात्रा पर शुरूआत की है उन्हें ध्यान-अभ्यास का मार्ग, शाकाहारी जीवन शैली को अपनाना, नशीले पदार्थ व शराब से परहेज करना और अहिंसा जैसे नैतिक गुणों का पालन करना चाहिए। हमें अपने सिद्धांतों पर टिके रहना चाहिए, भले ही हमारे दोस्तों में अकेले केवल हम ही बचे हों। समय के साथ-साथ वे लोग भी हमारे साथ शामिल हो जाएंगे।

**संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

# गाइडलाइन तोड़कर भाजपाई बने कांग्रेसियों को पद पाने की उम्मीद

## पांच साल तक सक्रिय रहे कार्यकताओं को ही मिलना है संगठन और सरकारी पद , भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने दिए हैं निर्देश

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में कमलनाथ की सत्ता धराशायी होने के बाद भाजपा में शामिल हुए लाखों कांग्रेसियों की पद पाने की उम्मीदें धूमिल होने लगी है,क्योंकि भाजपा नेतृत्व ने साफ कर दिया है कि उन्हीं को प्रदेश की टीम में लिया जाएगा,जिन्होंने पिछले 5 साल तक पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए काम किया हो। गौरतलब है कि नाथ सरकार गिरने के बाद भाजपा ने कांग्रेस को मनोवैज्ञानिक तौर पर पूरी तरह तोड़ने के लिए ऐसे कार्यकर्ताओं को अपने दल में शामिल किया था,जो किसी न किसी वजह से कांग्रेस नेतृत्व से नाराज थे। इनमें कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले 13 पूर्व विधायक और 3 पूर्व सांसद थे। इनमें अगर बड़े नामों पर गौर करें तो पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी के अलावा धार के पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी, इंदौर के पूर्व विधायक संजय शुक्ला,कमलनाथ के वफादार माने जाने वाले पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना, पिपरिया के पूर्व विधायक विशाल पटेल और चौरई (छिंदवाड़ा) से पूर्व विधायक गंभीर सिंह जैसे नेता शामिल हैं।

### सिंधिया के इशारे पर सबसे ज्यादा आए

अगर कांग्रेस का हाथ छोड़ने वालों पर तब से अब तक नजर डाले,तो सबसे ज्यादा केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक थे। उनकी अगुवाई में वर्ष 2020 में कांग्रेसियों ने जब पलटी मारी थी,तब उनमें 22 विधायकों ने एक साथ पाला बदला था। इनमें कई नेता तो सत्ता में हिस्सेदार बने हुए हैं, तो वही अन्य अब भी अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।



### नरोत्तम के कहने पर आए नेता भी निराश



भाजपा ने न्यू ज्वाइंनिग टीम का प्रभारी डॉ.नरोत्तम मिश्रा को बनाया था। जिनके द्वारा तब लगभग एक लाख से ज्यादा कांग्रेसियों को भाजपा की शामिल कराया गया था। इनमें से कई ग्वालियर चंबल संभाग से आते है। बताया जा रहा है कि अब ये नेता भी निराश होने लगे है। उनका कहना है कि जब तक डॉ. मिश्रा मजबूत नहीं होंगे,उन्हें पार्टी में कुछ बड़ा हासिल होगा,ये कठिन लग रहा है।

### ये है भाजपा की गाइडलाइन


उल्लेखनीय है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से साफ कर दिया है कि पार्टी संगठन के पदों पर उन्हीं को बैठाया जाएगा,जिन्होंने कम से कम 5 साल तक सक्रियता और समर्पण के साथ पार्टी की सेवा की है। ऐसे में कांग्रेस से आए नेताओं और कार्यकर्ता अपने आप इन पदों की दौड़ से बाहर माने जा रहे है। हालांकि कुछ विशिष्ट नेताओं को बड़े नेताओं ने अपने प्रभाव के चलते जिम्मेदारी दिलाई है और ऐसे कुछ दूसरों को अभी भी उम्मीद है। लेकिन अधिकांश भाजपा की नई रणनीति के कारण अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे है।



दीपक सक्सेना



विशाल पटेल



सुरेश पचौरी

### कांग्रेस के संपर्क में हैं नेता

सूत्रों की माने तो कुछ ऐसे नेता अब फिर से कांग्रेस में अपनी वापसी की संभावना टटोलने लगे है। इनमें से कुछ पूर्व विधायक है,तो कुछ पूर्व सांसद भी शामिल है। ऐसे ही एक नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि अब उन्हें उम्मीद कम है,कि उनकी पूछ-परख होगी,क्योंकि भाजपा में पहले से ही ऐसे बड़े नेता है,जिन्हें संगठन में पद और सरकार की राजनीतिक नियुक्तियां पाने की दौड़ में शामिल है। ऐसे में उन्हें कौन पूछेंगा। ऐसे में हम तो अब घर वापसी का प्रयास करने लगे है।

### करीबियों को ही निगम मंडल

भाजपा सूत्रों की माने तो केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे कद्दावर नेताओं के अति करीबियों को निगम मंडल और पार्टी संगठन में जिम्मेदारी दी जा सकती है। ऐसे कुछ दूसरे नेता भी अपने एक दो समर्थकों को इन पदों पर बैठा सकते है,लेकिन उनके कहने पर जिस बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेताओं ने कांग्रेस को अलविदा कहा था,उन्हें पद मिलना मुश्किल माना जा रहा है।

### संघ ने लगाया ब्रेक

हालांकि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रत्यक्ष तौर पर भाजपा में किसी भी तरह की नियुक्तियों को निर्णयों पर हस्तक्षेप नहीं करता। लेकिन सूत्रों की माने कि आगामी समय में निगम और मंडल में नियुक्तियां को लेकर संघ ने अपनी बात को संगठन तक पहुंचाया है,जिसमें पार्टी की विचाराधारा से जुड़े और समर्पित मूल कार्यकर्ताओं को महत्व देने की बात कही गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्यालयों में तीनों भाषाओं को रखा गया समअंकीय

**भोपाल।** प्रदेश में राज्य सरकार संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिये लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश में संस्कृत भाषा के विकास, संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिये महर्षि पतंजलि संस्थान का संचालन स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत वर्ष 2008 से किया जा रहा है। पतंजलि संस्कृत संस्थान के माध्यम से संस्कृत भाषा के विकास के लिये प्रदेश में 271 संस्कृत माध्यम से विद्यालय संचालित हो रहे है। इन विद्यालयों में पूर्व मध्यमा और उत्तर मध्यमा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के समकक्ष स्तर की परीक्षाएँ आयोजित की जा रही है। प्रदेश में राज्यस्तरीय शासकीय आवासीय संस्कृत कन्या विद्यालय भोपाल में संचालित है। इसके अलावा संस्थान द्वारा 4 आदर्श आवासीय संस्कृत विद्यालय दतिया, सिरोंज, डिंडोरी एवं रतलाम में संचालित किये जा रहे है। सामान्य विद्यालयों में नई शिक्षा नीति में त्रिभाषा फॉर्मुले के तहत कक्षा 10वीं तक संस्कृत भाषा की उपयोगिता को ध्यान में रखा गया है। वर्तमान में हिन्दी, अंग्रेजी एवं संस्कृत तीनों भाषाओं को समअंकीय रखा गया है। अर्थात उनके लिये परीक्षा पूर्णांक अंक सामान्य रूप से निर्धारित है।

### हृदय विदारक घटना :मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन में ड्यूटी के दौरान क्षिप्रा नदी में वाहन गिरने से हुई दुर्घटना में उन्हेल के थाना प्रभारी अशोक शर्मा का असामयिक निधन हृदय विदारक है। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजन के प्रति अपनी गहन संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने बाबा महाकाल से दिवंगत पुण्यात्मा की शांति और परिजन को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। डॉ. यादव ने कहा कि इस वाहन दुर्घटना में लापता पुलिसकर्मी मदनलाल निनामा एवं सुश्री आरती पाल के लिए सर्च ऑपरेशन तेजी से जारी है।

### कर्तव्य और सच्चाई का साथ नहीं छोड़ना चाहिए :राजपूत

**भोपाल।** सागर के जैसीनगर में कुशवाहा समाज द्वारा भगवान लव-कुश जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत शामिल हुए। उन्होंने हिमांचल टौरी पर 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित भगवान लव कुश भवन का लोकार्पण किया। मंत्री राजपूत ने भगवान लव-कुश की मनमोहक झांकी का पूजन-अर्चना किया। इस मौके पर राजपूत ने कहा कि भगवान लव कुश और भगवान श्री राम की महिमा से कोई अपरिचित नहीं है। प्रत्येक घर में रामचरितमानस का पाठ होता है और भगवान राम, लव और कुश की मर्यादा, शौर्य और पराक्रम की गाथाएं सभी के मन में बसी हैं। उन्होंने कहा कि भगवान लव और कुश ने वनवास के कठिन समय में भी धर्म, कर्तव्य और सच्चाई का पालन किया। उनकी वीरता का प्रमाण अश्वमेध यज्ञ के घोड़े को रोकने की कथा से मिलता है। उन्होंने समाजजनों से कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी हमें अपने धर्म, कर्तव्य और सच्चाई का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए।

### पं. गोपीनाथ कविराज को किया गया याद

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय संस्कृति के महान दार्शनिक, पद्मविभूषण, महामहोपाध्याय पं. गोपीनाथ कविराज की जयंती पर नमन किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि कविराज ने गहन चिंतन और साधनाओं से भारतीय संस्कृति की आत्मा को न केवल व्याख्यायित किया, बल्कि उसे आधुनिक युग की आवश्यकताओं से जोड़ने का अनुपम कार्य भी किया। उल्लेखनीय है कि गोपीनाथ कविराज महान संस्कृत विद्वान, दार्शनिक एवं लेखक थे। उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में अध्यापन भी किया और संस्कृत साहित्य और दर्शन पर कई पुस्तकें लिखीं। उन्हें उनके कार्यों के लिए पद्म विभूषण और साहित्य अकादमी फेलोशिप सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। भारत सरकार द्वारा उनके सम्मान में एक स्मारक डाक टिकिट भी जारी किया गया है।

### बालाघाट और मंडला भाजपा की टीम घोषित

**विंस भोपाल।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने रविवार को बालाघाट भाजपा जिला संगठन की टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम में सात उपाध्यक्ष,तीन महामंत्री,सात मंत्री सहित 27 कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्रीमती अनुपमा नेताम,नरेन्द्र भैरम और संजय मिश्रा को महामंत्री बनाया गया है,तो सुमित यादव को कार्यालय मंत्री बनाया गया है। इसी तरह मण्डला जिले की भी टीम की घोषणा कर दी गई है। जिलाध्यक्ष के अलावा 19 सदस्यीय टीम में तीन महामंत्री 8 उपाध्यक्ष और 7 जिला मंत्री बनाए गए है। पंडित सिंह धुर्वे,संतोष रजक और देवेन्द्र झा को महामंत्री बनाया गया है। अखिल सिहारे जिला कोषाध्यक्ष होंगे।

# सावन-भादो माह में 1.25 करोड़ से ज्यादा भक्तों ने किए दर्शन

## महाकाल मंदिर को 39 दिन में मिला सबसे ज्यादा 30 करोड़ का दान

**जागरण, उज्जैन।** विश्वप्रसिद्ध बाबा महाकाल मंदिर में सावन-भादौ माह में 1.25 करोड़ से ज्यादा भक्तों ने दर्शन किए हैं, वहीं दान का नया रिकॉर्ड बना है। महाकाल मंदिर में 39 दिनों में 30 करोड़ का दान आया है इससे पहले 2023 में 23 करोड़ का दान आया था, लेकिन यह अब तक सावन-भादौ माह का सबसे ज्यादा दान का रिकॉर्ड है।

मंदिर समिति की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक इस बार सावन-भादौ माह में कुल 1.25 करोड़ भक्तों ने दर्शन किए हैं, इस हिसाब से देखा जाए तो हर दिन औसतन 3 लाख 20 हजार से ज्यादा लोग बाबा महाकाल के दर्शनों के लिए पहुंचे। वहीं 2023 में कुल 99 लाख भक्त आए थे, जबकि 2024 में



यह संख्या 90 लाख पहुंच गई थी, जबकि 2025 में अब तक की सबसे ज्यादा 1.25 करोड़ भक्तों के दर्शन करने की बात सामने आई है।

वहीं दान की बात की जाए तो हर दिन 75 लाख का दान आया है यानि बाबा महाकाल मंदिर में दो साल में दान में होने वाली बढ़ोत्तरी में 10 करोड़ ज्यादा की आय अर्जित हुई है।

### 90 हजार से एक लाख भक्त प्रतिदिन पहुंच रहे उज्जैन

बाबा महाकाल के भक्त लगातार दान करने में आगे होते जा रहे हैं। मंदिर समिति की तरफ से दी गई जानकारी के आंकड़ों के हिसाब से पिछले 7 सालों में बाबा महाकाल मंदिर में 1 अरब से ज्यादा का दान आया है। बीते 5 सालों में सबसे ज्यादा इजाफा हुआ है, क्योंकि 2018 से 2021 के बीच में हर दिन मंदिर में 40 से 50 हजार भक्त ही आते थे, लेकिन अब यह संख्या 90 हजार से 1 लाख के बीच पहुंच गई है।

### बाबा महाकाल लोक बनने के बाद बढ़े भक्त

2018 से 2021 के बीच 40 करोड़ 69 लाख 49 हजार रुपए का दान आया था, जबकि 2019 से 2025 के बीच ही मंदिर के दान में इजाफा हुआ था, जहां 1 अरब 70 करोड़ 25 लाख 6 हजार 484 रुपए का दान आया है। खास बात यह है कि दान की यह राशि केवल दान और भेंट पेटियों से निकली जानकारी के हिसाब से है। बता दें कि मंदिर समिति को टिकट, प्रसादी, सेवाओं के जरिए अलग-अलग दान आता है, जिसकी राशि अलग होती है, जिसमें शीघ्र दर्शन टिकट, दर्शन टिकट जैसी सुविधाएं अलग से शामिल हैं। पिछले कुछ सालों में बाबा महाकाल मंदिर में भक्तों की संख्या तेजी से बढ़ी है, जिससे उज्जैन शहर एक बड़ा धार्मिक पर्यटन केंद्र बनकर सामने आया है, जिससे उज्जैन शहर की आय में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है।


बाबा महाकाल लोक बनने के बाद भी भक्तों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

### किसानों की समस्या को लेकर सरकार निष्क्रियः पटवारी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा नशा बिक रहा है और इसका सबसे अधिक खामियाजा हमारी बहनों और माताओं को उठाना पड़ रहा है। किसानों की समस्याओं को लेकर भी सरकार निष्क्रिय है। उन्हें न तो खाद मिल रही है और न ही उनकी खराब हुई फसलों को मुआवजा ही मिल रहा है। पटवारी रविवार को दमोह में वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने जीवन में कभी सुपारी, पान, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट तक का सेवन नहीं किया है, शराब तो दूर की बात है। सरकार इसकी जांच करा सकती है। यदि उनके शरीर में किसी भी तरह का नशे का लक्षण मिल जाए तो मैं राजनीति से इस्तीफा दे दूंगा। पटवारी ने कहा कि मुझे यह भी पता है कि भोलेनाथ की भांग कहाँ से आती है, कौन देता है और कौन लेता है। पटवारी ने कहा कि अतिवृष्टि से खराब हुई किसानों का सर्वे नहीं कराया गया, बीमा की राशि का भुगतान नहीं कराया गया। यदि समय रहते किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिला और यूरिया व डीएपी की व्यवस्था समय पर नहीं हुई, किसान आंदोलन करेंगे। मीडिया विभाग के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मुकेश नायक, विधायक लखन घनघोरिया, दमोह प्रभारी हर्ष यादव, नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मानक पटेल, अजय टण्डन, सागर जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा, और नागरिक मौजूद रहे।

### अनिरुद्धाचार्य के बयान के समर्थन में आईं साध्वी प्रज्ञा ठाकुर





**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के बयान का समर्थन करते हुए कहा है कि संस्कार नहीं मिलने पर जब लड़कियां स्कूल-कॉलेज जाती है तो कई बार वे अर्धनग्न रहती है। माताओं को बेटियों को मर्यादा सिखानी चाहिए,लेकिन साथ ही बेटों को भी यह शिक्षा दी जानी चाहिए। पूर्व सांसद का यह बयान सोशल मीडिया एक्स में शेयर किया गया है। जिसमें साध्वी वृंदावन में गौरी गोपाल आश्रम में कथावाचक अनिरुद्धाचार्य से मुलाकात की थी । उन्होंने अनिरुद्धाचार्य के लिव इन और 25 साल की उम्र वाले बयान का भी समर्थन किया। उन्होंने कहा कि आपने जो कहा वो समाज की स्थिति व्यक्त की है। आपने आपने से बनाकर नहीं बोला है। ऐसे परिदृश्य जब समाज में बढ़ने लगते हैं,तो दुराचार ऐसी ही अव्यवस्थाओं में बढ़ता है। माता-पिता संस्कार नहीं दे पाते। उनकी पाश्चात्य सोच का परिणाम है कि स्कूल-कॉलेज में भी लड़कियां जाएंगी,तो अर्धनग्न रहती हैं। प्रज्ञा ने कहा कि माताओं को बेटिों और बेटों को मर्यादा सिखाना चाहिए। दोनों को घोर पर आने का समय पूछना चाहिए। पाश्चात्य सोच बढ़ने के कारण लिन इन रिलेशन होता है। कोर्ट कहे या कोई भी कहे,ये मर्यादाएं सनातन में नहीं आती हैं। हम इसका समर्थन करते है और कोई कितना भी बंवडर करे वह होगा। साध्वीं ने कहा कि भारत की अध्यात्म से लोग आकृष्ट हो रहे हैं,लेकिन वो पाश्चात्य सभ्यता हमारे यहां पनप रही हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण अवस्था है।

# पोर्टल पर फीस की जानकारी अपलोड करनी होगी निजी विद्यालयों को

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार ने निजी विद्यालयों से कहा है कि उन्हें पोर्टल में अपने यहां की फीस की जानकारी अपलोड करनी होगी। साथ ही उन्हें छात्रों की किताबें,गणवेश और अन्य शैक्षणिक सामग्री की भी जानकारी देनी होगी।

इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है। बताया गया है कि आदेश में प्रदेश में जिन विद्यालयों की किसी भी कक्षा की वार्षिक फीस संरचना 25 हजार रूपये या उससे कम है, उन्हें फीस संरचना की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने से मुक्त रखा गया है। बताया गया है कि इन विद्यालयों को इस संबंध में पोर्टल पर शपथ पत्र अपलोड करने की निर्धारित तिथि भी दी गई थी। ऐसे विद्यालय जो समय-सीमा की जानकारी अपलोड नहीं करेंगे उनके विरूद्ध जिला समिति द्वारा कानूनी कार्यवाही की जाएगी। प्रदेश में निजी विद्यालयों के विरूद्ध प्राप्त होने वाली शिकायतों के निराकरण के लिये कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला समिति भी कार्य कर रही है। विभाग की जानकारी के अनुसार आदेश के परिपालन में राज्य में इस वर्ष करीब 10 हजार 200 निजी विद्यालयों द्वारा पोर्टल पर फीस का विवरण अपलोड किया जा चुका है।इसके अलावा किताबें, यूनिफॉर्म, टाई एवं कॉपियों पर किसी विशेष दुकान से क्रय नहीं किये




जाने संबंधित नियम भी लागू है।इन नियमों में वर्णित प्रावधानों के तहत निजी विद्यालयों में उपयोग की जाने वाली स्टेशनरी, पठन सामग्री, बैग, यूनिफॉर्म, स्पार्ट्स किट, ट्रासपोर्ट सुविधा और फीस से संग्रहित की जाने वाली राशि का विवरण विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर तथा अधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित करने के निर्देश भी है। इसी के साथ निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा कक्षा वार एवं मद वार आगामी सत्र की प्रस्तावित फीस संरचना को स्कूल शिक्षा विभाग के फीस विनियमन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य किया गया है।

# बीयू तीन दर्जन विषयों में पीएचडी कराने देगा दाखिले

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय साल में दूसरी बार अकादमिक सत्र 2025-2026 के लिए यूजीसी नियमों के अनुसार पीएचडी की सीटों पर प्रवेश देगा। बीयू 36 विभिन्न विषयों की सीटों पर शोधार्थियों का चयन करेगा। यूजीसी नेट/सीएसआईआर नेट व जेआरएफ स्कोर कार्ड धारक सोमवार से सात नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन जमा होंगे। बीयू साल में दूसरी बार पीएचडी के प्रवेश कराने जा रहा है। प्रक्रिया यूजीसी नियमों के अनुसार होगी। पहले चरण में दो हजार 200 से अधिक सीटों में से एक हजार सीटों पर प्रवेश हो चुके हैं। गाइड उपलब्ध नहीं होने के कारण दूसरे चरण में अरबी और फारसी विषयों को हटा दिया गया है। गाइड जुड़ने पर इन विषयों को शामिल किया जा सकेगा। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय के अध्यादेश-11 और यूजीसी विनियमन 2022 के तहत संचालित की जाएगी। पीएचडी प्रवेश से संबंधित किसी भी प्रकार की लिखित सूचना उम्मीदवारों को उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। इसलिए उम्मीदवारों को



विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर नियमित रूप से अपडेट की जांच करते रहने की सलाह दी गई है। आवेदन से पूर्व सूचना पुस्तिका और संबंधित नियमावली को ध्यानपूर्वक अध्ययन करने का सुझाव दिया गया है।

### तीन श्रेणी में होंगे प्रवेश

इस वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया में विशेष रूप से ध्यान देने योग्य बात यह है कि यूजीसी के नए दिशा-निर्देशों के अनुसार नेट परीक्षा में योग्यता के आधार पर उम्मीदवारों को तीन अलग-अलग श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। श्रेणी-1 के उम्मीदवारों को जेआरएफ के साथ पीएचडी और असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए योग्य माना जाएगा, जबकि श्रेणी-2 के उम्मीदवार बिना जेआरएफ के पीएचडी और असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए पात्र होंगे। श्रेणी-3 के उम्मीदवार केवल पीएचडी प्रोग्राम के लिए ही योग्य माने जाएंगे। सामान्य वर्ग के लिए आवेदन फीस 2500 रुपए, जबकि एसटी/ एससी/ ओबीसी/ दिव्यांग जन, ईडब्ल्यूएस की फीस 1000 रुपए निर्धारित है।

### 70 फीसदी का होगा टेस्ट

जेआरएफ वाले छात्रों को इंटरव्यू के आधार पर प्रवेश मिलेगा और उन्हें असिस्टेंट प्रोफेसर की पात्रता भी होगी। नेट क्वालिफाई पर जेआरएफ नहीं होने वाले और अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों को पीएचडी प्रवेश के लिए टेस्ट 70 फीसदी और इंटरव्यू 30 फीसदी पर चयनित किया जाएगा। बीयू प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अब साल में दो बार प्रवेश होंगे, ताकि नेट क्वालिफाई छात्रों को समय पर अवसर मिल सके। पीएचडी 35 से अधिक विषयों में होगी, जिनमें अंग्रेजी, समाजशास्त्र, हिंदी, संस्कृत, अर्थशास्त्र, रसायनशास्त्र, कंप्यूटर साइंस, भौतिकी, बॉटनी, माइक्रोबायोलॉजी, जूलॉजी, कॉमर्स और लॉ शामिल हैं।

**विडंबना**

सरकार मुहिम चलाकर खदेड़ रही झोला छाप डॉक्टरों को, प्राइवेट प्रैक्टिस करने दर्ज होगा दंडनीय अपराध

# हिंदी विश्वविद्यालय सालाना बना रहा 15 हजार नीम हकीम

### झोलाछाप डाक्टरों की तरह चल रहे कोर्स पर आयुष विभाग की नजर

**विकास कुमार जैन, भोपाल।** अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय ने पांच साल पहले शुरू कराए प्राथमिक चिकित्सा विशेषज्ञ पत्रोपधि, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पत्रोपाधि, प्राकृतिक फार्मा पत्रोपाधि कोर्स को लेकर प्राइवेट प्रैक्टिस से बाहर कर दिया है। जबकि प्रवेश देने के लिए हिंदी विश्वविद्यालय ने अपने विज्ञापन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोजगार एवं स्वरोजगार का सपना दिखाकर नीम हकीम और छोलाछाप डाक्टरों को महज 25 हजार की फीस पर बाकायदा एक साल का जिक्र किया गया था। इसमें जिन नीम-हकीम को खतरा-ए-जान कहा जाता है और जिन झोलाछाप डाक्टरों से लोग तौबा करते हैं। उन्हें हिंदी विश्वविद्यालय अजब गजब कोर्स करा रहा है। जबकि सरकार उन्हें मुहिम चलाकर खदेड़ रही है और



हिंदी विवि वर्तमान सत्र में भी प्रवेश देने में लगा हुआ है। जबकि चार माह पहले तत्कालीन रजिस्ट्रार शैलेंद्र जैन ने उक्त कोर्स पर प्रवेश देने पर इंकार किया था। यहां तक उन्होंने एसीएस अनुपम राजन को भी उक्त कोर्स में प्रवेश नहीं होने संबंधी सूचना भी भेजी है। इसके बाद तत्कालीन कुलगुरु खेमसिंह डेहरिया ने रजिस्ट्रार जैन को कार्यमुक्त कर प्रो राजीव वर्मा को रजिस्ट्रार का प्रभार देकर नोटिफिकेशन जारी करा दिया। उक्त कोर्स के संचालन को लेकर चैतरफा शिकायतें हो चुकी हैं।

### किसने ने दी कोर्स चलाने की मंजूरी

आयुष विभाग ने हिंदी विश्वविद्यालय को पत्र भेजकर पूछा है कि प्राथमिक चिकित्सा विशेषज्ञ पत्रोपधि, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पत्रोपाधि, प्राकृतिक फार्मा पत्रोपाधि कोर्स का संचालन किया है तथा उक्त कोर्स में प्रवेश के लिए योग्यता 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर और कोर्स की अवधि एक वर्ष है। उक्त कोर्स का संचालन आयुष विभाग द्वारा नहीं किया जा रह है। उक्त कोर्स में प्रवेश और मान्यता संबंधी कोई कार्रवाई भी विभाग द्वारा नहीं की जाती हैं। अता विवि कितने वर्षों से उक्त कोर्सों का संचालन कर रहा है और कितनी सीटों पर प्रवेश दिया जा रहा है। यहां तक उक्त कोर्स को संचालित करने की मान्यता आपको कहां से प्रदान की गई है। इसकी संपूर्ण जानकारी विभाग को दस्तावेजों के साथ भेजी जाए। विभाग का पत्र मिलते ही विश्वविद्यालय के अधिकारियों के हाथ पैर फूल गए हैं। उनके पास विभाग के पत्र का कोई जवाब नहीं है।

### डिप्लोमा करना हुआ अपराध

गत माह तत्कालीन रजिस्टार प्रो राजीव वर्मा ने आदेश जारी करते हुए कहाकि विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्रों में प्राथमिक चिकित्सा उपचार में पत्रोपाधि, आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण में स्नातकोत्तर पत्रोपाधि/पत्रोपाधि तथा इलेक्ट्रो होम्योपैथी में पत्रोपाधि कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। उक्त कोर्स जन-जागरुकता तथा ज्ञानवर्धन के उद्देश्य से संचालित किए जा रहे हैं। उक्त कोर्स में पत्रोपाधि, स्नातकोत्तर पत्रोपाधि प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी चिकित्सा क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से प्राइवेट प्रैक्टिस अथवा जन सामान्य की चिकित्सा (ईलाज) करने हेतु पात्रता नहीं रखते हैं। यदि ऐसे डिप्लोमाधारी पीजी डिप्लोमाधारी शहरी अथवा ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों की बीमारी का ईलाज चिकित्सा में स्वतंत्र रूप से संलग्न पाए जाते हैं, तो यह एक दंडनीय अपराध की श्रेणी में आयेगा। उक्त निर्देशों का पालन नहीं करने पर यदि कोई भी अप्रिय स्थिति उत्पन्न होती है, तो इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन उत्तरदायी नहीं होगा।

### डिप्लोमा में दिए जाने वाले आवश्यक प्रशिक्षण

- मानव शरीर विज्ञान तथा क्रिया विज्ञान का आधारभूत प्रशिक्षण।
- स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण का प्रशिक्षण।
- सामान्य, संक्रामक एवं जीवन शैली संबंधित रोगों सहित आपातकालीन स्थिति में किए जाने वाले उपायों तथा रोगों की रोकथाम का प्रशिक्षण।
- प्राथमिक उपचार, औषधि विज्ञान तथा दवाओं के दुष्प्रभावों का व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा ग्रामीण क्षेत्रों, अस्पतालों, नर्सिंग होमों तथा स्वास्थ्य केन्द्रों आदि में जन समुदाय को उपयुक्त देखरेख सेवा उपलब्ध कराने का प्रशिक्षण।
- परिवार नियोजन तथा टीकाकरण सहित मातृत्व व बाल स्वास्थ्य पर स्वास्थ्य और आपातकालीन स्थितियों में उपयुक्त प्राथमिक उपचार प्रदान करने का प्रशिक्षण।

### 200 से शुरू होकर 35 पर सिमटे सेंटर

हिंदी विवि ने जब कोर्स शुरु किया था। तब प्रदेश में 200 केंद्रों पर कोर्स शुरु किए। केंद्रों ने धड़ल्ले से 400-400 विद्यार्थियों को कोर्स में प्रवेश दिए थे। प्रथम बैच में करीब 80 हजार विद्यार्थी डिप्लोमा लेकर निकल गए। शासन की सख्ती के बाद आज प्रदेश में 35 केंद्र ही बचे हैं, जिसमें करीब 15 हजार सीटें हैं। अभी तक विवि करीब दो लाख विद्यार्थियों को उक्त डिप्लोमा दे चुका है।

"मेरे तत्कालीन कुलगुरु से कोर्स में प्रवेश देने से मना किया था। तब मुझे कार्यमुक्त कर दिया गया और प्रभारी रजिस्ट्रार से नोटिफिकेशन जारी करा दिया गया है। उक्त कोर्स में प्रवेश नहीं देने के लिए शासन को भी पत्र भेजा गया है।

● **शैलेंद्र कुमार जैन**
कुलसचिव, हिंदी विवि

"हां, हमने पत्र लिखकर विश्वविद्यालय से पूछा है कि वह किस आधार पर विभिन्न पत्रोपाधि कोर्स का संचालन कर रहे हैं। अभी तक विवि की ओर से इस पत्र का जवाब नहीं दिया गया है।

● **उमा महेश्वरी,**
आयुक्त आयुष विभाग

### अभियंता दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी और ठेकेदार होंगे पुरस्कृत

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** लोक निर्माण विभाग में प्रदेश के चौतरफा निर्माण कार्य चल रहे हैं। इसे लेकर विभाग ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों को पुरस्कृत करने की योजना बनाई है। इसके तहत 15 सिंतबर को अभियंता दिवस पर तीन इंजीनियर को पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कार लेने के लिए पीडब्ल्यूडी में अधिकारी और ठेकेदारों द्वारा दो सितंबर तक काफी संख्या में आवेदन जमा किए गए। उनकी स्क्रूटनी कर ली गई है। इसके बाद चयन समिति जमा आवेदनों का अधिकारी और ठेकेदारों को तीन प्रकार के पुरस्कार से पुरस्कृत करने के लिए चयनित किया गया है। उनकी सूची तैयार कर शासन को भेजी जाएगी। यहां से स्वीकृति मिलने के बाद अधिकारी और ठेकेदारों को 15 सितंबर को पुरस्कृत किया जाएगा। इसमें मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया पुरस्कार श्रीमती बबिता सोनेकर कार्यपालन यंत्री मंदसौर संभाग, जो वर्तमान में ईई संभाग धर में हैं। इसी तरह संजीव कालरा असिस्टेंट इंजीनियर रीवा को पुरस्कृत किया जाएगा। विश्वकर्मा पुरस्कार जेपी इंफ्रास्ट्रक्चर गुजरात को दिया जाएगा।

# धार्मिक आयोजन लोगों को आपस में जोड़ने का बेहतर माध्यम : मंत्री श्रीमती उइके

## खैरमाई माता मंदिर के लिए 4 लाख रूपए की राशि स्वीकृत



**जागरण मंडला**

मंडला जिले में भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की परंपरा है। आप सभी आगामी त्यौहारों को भी धूमधाम और आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। धार्मिक आयोजन लोगों को आपस में जोड़ने का बेहतर माध्यम होते हैं। यह बात लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने ग्राम पंचायत मलारी के ग्राम बिछुआ में आयोजित रामधुन कार्यक्रम के समापन अवसर पर कही। मंत्री श्रीमती उइके ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए बताया कि उनके द्वारा यहां स्थित खैरमाई माता मंदिर को और भव्य बनाने के लिए 4 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। मंदिर परिसर में आंगन निर्माण कार्य बेहतर तरीके से हो, इसके लिए ग्रामवासी सहयोग करें।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने डिंडोरी जिले के मेहदवानी से आए रामधुन मंडली द्वारा श्री रामा, जय श्री रामा एवं सीताराम भजन के अदभुत गायन के लिए शुभकामनाएं और बधाई दी। मंडली का हौसलाअफजाई करते हुए मंत्री श्रीमती उइके ने विधायक निधि से 11 हजार रूपए मंडली को वेशभूषा एवं वाद्ययंत्रों के लिए प्रदान किए। उन्होंने कहा कि स्थानीय समिति द्वारा बहुत आकर्षक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस तरह के आयोजन क्षेत्र में होते रहें। विदित है कि ग्राम बिछुआ में स्थानीय समिति द्वारा 24 घंटे की अखंड महा रामधुन का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में स्थानीय बच्चों द्वारा भी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके लिए भी उन्होंने बच्चों को एक हजार रूपए की राशि प्रदान की। मंत्री श्रीमती उइके ने ग्राम बिछुआ में बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए आंगनवाड़ी एवं प्राथमिक शाला के लिए बाउंड्रीवॉल बनाए जाने की भी घोषणा मंच से की। ग्रामवासियों के सुलभ आवागमन के लिए केहरपुर से कोटासांगवा एवं कोटासांगवा से कातलबोड़ी के बीच 5 किलोमीटर की रोड भी बनाई जाएगी जिसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत बनाया जायेगा। ग्रामवासियों की मांग पर मंत्री श्रीमती उइके ने यहां संचालित हाईस्कूल का उन्नयन कर कक्षा 12वी तक किये जाने की घोषणा भी मंच से की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती उइके ने बताया कि विधानसभा में लगातार विकास के कार्य किए जा रहे हैं। पिछले डेढ़ वर्ष में लगभग 68 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की सौगात क्षेत्र को दी गई है। केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। पीएमजीएसवाई, लाड़ली बहना, लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ भी मिल रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि बेटा और बेटी में कोई अंतर नहीं समझें। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री जोरावर सिंह, श्रीमती अनिता तिवारी, श्री कन्हैया राय, श्री रामदास महाराज, श्री किशन उइके, श्रीमती रजनी तिवारी, श्रीमती संध्या यादव, श्री नीतेश राय, श्री अभिषेक राय सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# शिक्षक संगोष्ठी ने कलेक्टर नेहा मारव्या को किया सम्मानित




**जागरण डिंडोरी।** ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन एवं अजाक्स के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के लगभग 300 शिक्षकों ने सामूहिक रूप से कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या का सम्मान किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने फूलमाला पहनाकर कलेक्टर को जिले में उत्कृष्ट कार्य संचालन और बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था के लिए बधाई दी।कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जिले के शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत रहें। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज और जिले की प्रगति की कुंजी है।संगोष्ठी के दौरान ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन एवं अजाक्स के पदाधिकारियों ने शिक्षकों की लंबित समस्याओं पर चर्चा की। इसमें वेतन भुगतान, स्थानांतरण, निलंबन, छात्रावास अधीक्षक से संबंधित मुद्दों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए निलंबित आदेशों को निरस्त कर बहाल करने का अनुरोध किया गया। कार्यक्रम में अजाक्स जिला अध्यक्ष श्री सुनील नागेश्वर, ट्राइबल वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष श्री सनत कुमार तिवारी, कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष श्री आनंद उइके, श्री जीवन मरावी, श्री नंद किशोर श्रीवास, श्री हजिया मरावी, श्री आनंद मरकाम, श्रीमती मंजूषा शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# एसडीओपी और यातायात प्रभारी ने थामा धार्मिक झंडा, जारी हुआ नोटिस

**छतरपुर।** पिछले दिनों ईद मिलाद-उन-नबी के जुलूस के दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों के धार्मिक झंडा थामे घोड़े पर सवार होने का वीडियो वायरल होने से विवाद खड़ा हो गया। स्थानीय लोगों ने ड्यूटी के दौरान इस तरह की भागीदारी पर सवाल उठाए। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है और जांच शुरू कर दी है। ईद मिलाद-उन-नबी के अवसर पर मुस्लिम समुदाय ने भव्य जुलूस निकाला। यह जुलूस मुश्किल कुशा अली मैदान से शुरू होकर संकट मोचन, बसारी दरवाजा, चौक बाजार और महल तिराहा होते हुए छत्रसाल चौक पर समाप्त हुआ। इस दौरान सुरक्षा के लिए करीब 1000 पुलिसकर्मी तैनात थे, और वरिष्ठ अधिकारी निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान कुछ पुलिसकर्मी घोड़े पर सवार होकर चल रहे थे। इसी दौरान का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें लवकुशनगर एसडीओपी नवीन दुबे, यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत और एक अन्य पुलिसकर्मी घोड़े पर सवार होकर धार्मिक झंडा थामे नजर आए। इस पर स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों का इस तरह जुलूस में शामिल होना उचित है या नहीं। मामला सु?र्खियों में आने के बाद एसपी अगम जैन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पुलिसकर्मियों को नोटिस जारी किया और चार दिन में जवाब मांगा है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं एसडीओपी नवीन दुबे ने सफाई देते हुए कहा कि वे घोड़े पर सवार होकर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे थे, तभी एक व्यक्ति ने उन्हें झंडा थमा दिया, जो वीडियो में रिकॉर्ड हो गया।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ई.व्ही.एम. वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**छतरपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पार्थ जैसवाल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के पीछे स्थित ई.व्ही.एम. वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम मिलिंद नागदेवे, कोषालय अधिकारी विनोद श्रीवास्तव एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने समक्ष में ई.व्ही.एम. मशीनों की सुरक्षा के दृष्टिगत गोदाम को खुलवाकर निरीक्षण किया। साथ ही सीसीटीव्ही कैमरों की लगातार हो रही रिकॉर्डिंग को चेक किया। इस दौरान सभी कैमरे चालू अवस्था में पाए गए और सुरक्षा गार्ड्स भी मुस्तैद मिले। इस आशय की रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को भेजी गई। इस दौरान निरीक्षण के संधारित रजिस्टर पर हस्ताक्षर किए गए। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रति माह ई.व्ही.एम के बंद गोदाम एवं तीन माह में गोदाम को खोलकर चेक किया जाता है।

# किशोर की बांध में नहाते समय डूबने से मौत

**छतरपुर।** थरा बांध में नहाने गए एक 12 वर्षीय किशोर की डूबने से मृत्यु हो गई। यह हादसा तब हुआ जब वह अपने दोस्तों के साथ बांध पर पार्टी मनाने गया था। किशोर के साथ गए अन्य बच्चे तैरना नहीं जानते थे, जिसके कारण उसे बचाया नहीं जा सका।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बरायचाखेरा निवासी अंकित पुत्र तुलसीदास पटेल उम्र 12 वर्ष, अपने 15-20 दोस्तों के साथ थरा बांध पर भटा-गाकरिया की पार्टी मनाने गया था। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस बांध पर नहाने के दौरान अंकित गहरे पानी में चला गया और डूब गया। अंकित के साथ गए सभी दोस्त तैरना नहीं जानते थे, जिसके कारण उसे बचाने में कोई मदद नहीं कर सका। इस दुखद घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हेल्पलाइन के प्रकरणों का सकारात्मक रूप से निराकरण करें : कलेक्टर

## समय सीमा की बैठक सम्पन्न



**जागरण मंडला।** समय सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उनका सकारात्मक रूप से निराकरण करें। उन्होंने निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यकतानुसार आवेदकों से चर्चा करते हुए निराकरण करें। जिले की रैंकिंग बेहतर करने का प्रयास करें। जिला योजना भवन में सम्पन्न हुई इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, समस्त एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने समाधान ऑनलाइन हेतु चयनित प्रकरण की समीक्षा करते हुए प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि विभागीय अधिकारी अपने कोरवर्क पर फोकस करें। सीमांकन, नामांतरण तथा बंटवारा के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करें। उर्वरक एवं खाद उपलब्धता और वितरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि डबल लॉक से सोसायटियों को प्राप्त यूरिया की सूची चस्पा करें। उन्होंने निर्देशित किया कि नकली खाद विक्रेताओं पर एफआईआर करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने एक बगिया माँ के नाम अभियान की प्रगति की जनपदवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आगामी दो दिवस में लक्ष्य के अनुसार प्रगति लाते हुए 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण करें। 70 प्लस व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करते हुए शतप्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने सीएम मॉनिट, समग्र ई-केवाईसी, कोदो-कुटकी, किसान पंजीयन, भूमि आवंटन, नर्मदा पथ, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, पेंडिंग पेंशन केस, सिकल सेल, अंतरविभाग की बिंदु की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

# परिवहन विभाग द्वारा वाहन चेकिंग से 9500 का राजस्व प्राप्त




**जागरण डिंडोरी।** जिले के बजाग एवं सागरटोला क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर विगत दिवस क्षेत्रीय परिवहन विभाग द्वारा वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान नियम विरुद्ध पाए गए प्रकरणों पर कार्यवाही करते हुए कुल ?9500/- का राजस्व प्राप्त किया गया। क्षेत्रीय परिवहन विभाग ने वाहन चालकों से अपील की है कि वाहन चलाते समय सभी आवश्यक दस्तावेज अपने पास रखें एवं यातायात नियमों का पालन करें। इस कार्यवाही में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री सुरेंद्र सिंह गौतम सहित आरटीओ के अन्य स्टाफ मौजूदरहे।

# आस्था का केंद्र बना कदारी गांव का रहस्यमयी कुआं

## रातों-रात प्रकट होने का दावा कर चमत्कार मान रहे ग्रामीण



**छतरपुर।** जिले की राजनगर जनपद के कदारी गांव में रातों-रात प्रकट होने वाला कुआं आस्था का केंद्र बन गया है। स्थानीय लोग इसे दैवीय चमत्कार मानकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं और कुएं के पानी को गंगाजल की तरह बोतलों में भरकर घर ले जा रहे हैं। लोग इस पानी से रोग-निवारण का दावा भी कर रहे हैं। पास में स्थित प्राचीन विंध्यवासिनी माता मंदिर के कारण भी इस स्थान का महत्व बढ़ गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर कदारी गांव में हनुमत विश्वकर्मा के खेत में पिछले दिनों हुई एक अनोखी घटना ने सभी को चौंका दिया था। ग्रामीणों ने दावा किया था कि जिस खेत में पहले से एक कुआं मौजूद था, उसके बगल में रातोंरात एक नया कुआं प्रकट हुआ है। हनुमत विश्वकर्मा ने बताया कि सुबह जब वे खेत पर पहुंचे, तो वहां एक बड़ा कुआं दिखाई दिया, जबकि रात तक वहां कुछ नहीं था। हैरानी की बात यह है कि खेत में रखा पानी से भरा नीला ड्रम भी गायब मिला। ग्रामीण इस कुएं को चित्रकूट के भरतकूप की तरह दैवीय शक्ति से प्रकट हुआ मान रहे हैं। कुएं की ईंटें 200 से 300 साल पुरानी बताई जा रही हैं, जिसके चलते लोग इसे ऐतिहासिक और पौराणिक मान रहे हैं। हालांकि, इस कुएं की वैज्ञानिक जांच अभी तक नहीं हुई है और न ही पुरातत्व विभाग ने इसकी पुष्टि की है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं की वैज्ञानिक जांच जरूरी है ताकि सच्चाई सामने आ सके।

### बोतलों में पानी भरकर ले जा रहे लोग

बड़ी संख्या में कुंए के दर्शन करने पहुंच रहे लोग इसे दैवीय चमत्कार मान रहे हैं ओर इसके पानी को बोतलों में भरकर घर ले जा रहे हैं। लोग दावा कर रहे हैं कि कुंए के पानी से रोग-निवारण हो रहा है।

# पुलिस सेवा डायल 112 ने बिछड़ी दो बच्चियों को 1 घंटे के अंदर मिलवाया परिजनों से

**छतरपुर।** थाना बमीठा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घूरा फोरलेन 39 हाईवे ब्रिज के पास रात्रि 9 बजे दो बच्चियों के होने की सूचना आकस्मिक पुलिस सेवा डायल 112 के माध्यम से प्राप्त हुई। पुलिस टीम शीघ्र ही मौके पर पहुंची एवं दोनों बच्चियों को महिला पुलिस अधिकारी की उपस्थिति में स्नेह पूर्वक संरक्षण में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा सक्रियता के साथ आसपास के क्षेत्र में बिछड़ी दोनों बच्चियों के परिजनों के संबंध में जानकारी एकत्र की गई। जानकारी एकत्र कर 1 घंटे के अंदर दोनों बच्चियों को उनके परिजन जो कि थाना क्षेत्र बमीठा के ही निवासी हैं, पुष्टि कर सुरक्षित सुपुर्द किया गया। थाना प्रभारी बमीठा निरीक्षक आशुतोष श्रोत्रिय, प्रधान आरक्षक बसीर, आरक्षक निकेश, महिला आरक्षक रेशु एवं डायल 112 पायलट विपिन की भूमिका रही।

# ब्रसेल्स में बुंदेलखंड की शैक्षिक और सांस्कृतिक विरासत को किया गया याद

**खजुराहो।** बेल्जियम के ब्रसेल्स में परम पूज्य पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दाजी के अवतरण दिवस और शिक्षक दिवस पर मतँगेश्वर सेवा समिति व दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर के तत्वावधान में भव्य सम्मान समारोह आयोजित हुआ। पंडित सुधीर शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि स्थानीय सांसद मोहम्मद ओरियाघली उपस्थित रहे। सुधीर शर्मा ने अपने माता-पिता पंडित मथुरा प्रसाद शर्मा और स्व. पुष्पा शर्मा को श्रद्धांजलि दी, जिनके शिक्षा क्षेत्र के योगदान को सराहा गया। समारोह में डॉ. अयोध्या प्रसाद गुप्ता, स्व. प्रभात झा, स्व. कंछेदी लाल पाठक, गौतम बंधुओं, लवानिया बंधुओं, तिवारी बंधुओं, अनीता ओस्माण्ड, डॉ. अशोक हेमल, प्रो. अशोक जैन, आईएएस रंजन यादव और संजय जैन को खजुराहो व बुंदेलखंड की पहचान विश्व स्तर पर स्थापित करने के लिए सम्मानित किया गया। श्री मतंग ऋषि, आचार्य विद्यासागर जी महाराज, परम पूज्य दद्दा जी सहित कई आध्यात्मिक विभूतियों को भी श्रद्धांजलि दी गई। समारोह में शाकाहारी भोज के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में समापन हुआ।

# शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर तीन सहायक यंत्री को कारण बताओ नोटिस



**जागरण डिंडोरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने जनपद पंचायत करंजिया के सहायक यंत्री श्री कशिश नायक, जनपद पंचायत बजाग के सहायक यंत्री श्री बी.एस.तिलगाम और जनपद पंचायत शहपुरा के सहायक यंत्री पवन कुमार पटैल को शासकीय कार्यों में उदासीनता एवं लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है।जारी आदेश के अनुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत माँ नर्मदा परिक्रमा पथ के आश्रय स्थलों की भूमि पर 15 जुलाई से 15 अगस्त तक पौधारोपण अभियान एवं फेसिंग कार्य कराए जाने थे, किंतु आज दिनांक तक इस दिशा में कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। इसी प्रकार एक बगिया माँ के नाम अभियान, जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत अमृत सरोवर निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए थे, जिन्हें अभियान की समयावधि में पूर्ण किया जाना था, परंतु अब तक कार्य अपूर्ण पाए गए हैं।कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि यह कृत्य शासकीय कार्यों के प्रति उदासीनता, लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता का परिचायक है तथा म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 के अंतर्गत कदाचार की श्रेणी में आता है। अतः सहायक यंत्री श्री कशिश नायक, सहायक यंत्री श्री पी.एस.तिलगाम और सहायक यंत्री पवन कुमार पटेन को कारण बताने के निर्देश दिए गए हैं कि उनके विरुद्ध म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। उन्हें नोटिस प्राप्ति के 7 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

# बच्चों की दिव्यांगता पहचान के लिए 15 सितंबर से 14 नवम्बर तक लगेंगे जिला स्तरीय स्क्रीनिंग शिविर

**छतरपुर।** जिले में 15 सितंबर से 14 नवम्बर 2025 तक जिला स्तरीय स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें संभावित दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही चिकित्सीय परीक्षण उपरांत दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए बच्चों का चिन्हांकन किया जाएगा। 2 माह तक चलने वाले इन शिविरों का आयोजन किशोर न्याय समिति हाई कोर्ट की अनुशंसा के परिपालन में प्रदेश के समस्त बच्चों (जन्म से 18 वर्ष) में दिव्यांगता की त्वरित पहचान के लिए किया जा रहा है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि शिवरों के संबंध में आदेश जारी करें एवं जनपद सीईओ को रोस्टर अनुसार सचिव जी.आर.एस. और सीएमओ को वार्ड प्रभारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। साथ ही शिविर आयोजन की व्यवस्था एवं व्यापक प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, जनजातीय कार्य, स्वास्थ्य, आयुष, जनपदों एवं निकायों के अधिकारियों को शिविर के संबंध में अलग-अलग दायित्व सौंपे हैं।

शिविरों में चिन्हांकित दिव्यांगजन बच्चों को 30 नवम्बर तक जिला मेडीकल बोर्ड द्वारा पुनः परीक्षण कर उपयुक्त दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी नंबर प्रदान किया जाएगा। जिससे उन्हें शासन की पेंशन व अन्य योजनाओं का लाभ मिल सके। शिविरों के सफल आयोजन के लिए जिला पंचायत सीईओ को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# अवैध शराब का भण्डारण करने वाले दो आरोपियों के विरुद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही



## आरोपियों के कब्जे से 108 लीटर अवैध शराब कीमती करीब 45 हजार रूपये कीमत का मशरूका जब्त

जागरण, पन्ना

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार पन्ना पुलिस द्वारा जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार कार्यवाहियाँ की जा रही हैं। इसी क्रम में आज थाना रैपुरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी के कब्जे से बड़ी मात्रा में शराब जप्त की जाकर आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है ।

पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब के विरुद्ध सख्त कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार जिले में लगातार अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्यावहियाँ की गई है । इसी कड़ी में थाना प्रभारी रैपुरा उनि संतोष यादव द्वारा अपने थाना क्षेत्र में अवैध शराब के विरूद्ध जानकारी हेतु अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । जिसके फलस्वरूप मुखबिर द्वारा थाना प्रभारी रैपुरा को सूचना दी गई कि एक संदेही व्यक्ति बिक्रय हेतु बड़ी मात्रा में अवैध शराब का भण्डारण किये है । थाना प्रभारी रैपुरा द्वारा उक्त सूचना से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराकर अपने थाना स्टॉफ को साथ लेकर मुखबिर के बताये स्थान जरगवां रोड पर पुराने खंडहर स्कूल ग्राम जरगवां पहुँचकर रेड कार्यवाही की गई। रेड कार्यवाही दौरान संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम दो देखकर भागने लगा जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया । पुलिस टीम द्वारा उक्त संदेही से नाम पता पूँछे जाने पर उसके द्वारा अपना नाम पता पुलिस टीम को बताया गया । पुलिस टीम द्वारा संदेही के कब्जे से खंडहर स्कूल जरगवां के कमरो की तलाशी लिये जाने पर एक कमरे में खाकी रंग के कुल 12 कार्टून रखे पाये गये। उक्त कार्टूनो को खोले जाने पर कार्टूनो में 50-50 क्वार्टर कुल 600 क्वार्टर अवैध देशी प्लेन शराब के कुल मात्रा करीब 108 लीटर कुल कीमती करीब 45 हजार रूपये की जप्त की गई है। मामले में आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई एवं एक अन्य आरोपी फरार है। आरोपियों के विरूद्ध थाना रैपुरा में अप.क्र. 214/25 धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना मे लिया गया है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से कुल 600 क्वार्टर अवैध देशी प्लेन शराब के कुल मात्रा करीब 108 लीटर कुल कीमती करीब 45 हजार रूपये की जप्त की गई है। गिरफ्तार आरोपी ङ्कपुलिस टीम द्वारा मामले में अनमोल सोनकर पिता छन्नू सोनकर उम्र 19 वर्ष निवासी कछनरवा नाला के पास रैपुरा को गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य आरोपी फरार है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रैपुरा उनि संतोष सिंह यादव, प्र.आर. धीरेन्द्र सिंह, आर. राहुल सिंह, राजेश पटेल, द्वारका प्रसाद एवं प्र.आर. चालक रवि खरे का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

## पन्ना पुलिस द्वारा गुनौर थाना क्षेत्र में हुई चोरी का किया गया खुलासा, घटना में शामिल आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, पन्ना।** पन्ना पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशनुसार गुनौर थाना क्षेत्र में गणेश पण्डाल से हुई चोरी की वारदात में चोरी हुआ मशरूका 01 आईफोन, 40 हजार रूपये नगद एवं घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटर साइकिल सहित कुल 01 लाख 40 हजार रूपये का मशरूका बरामद किया जाकर वारदात में शामिल आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।



मामले में दिनांक 03/09/25 को फरियादी वीरेन्द कुमार पटेल पिता सुशील कुमार पटेल उम्र 30 वर्ष निवासी गुनौर द्वारा थाना गुनौर में रिपोर्ट की गई कि मैं मंडी मोड़ में विराजमान गणेश जी के पंडाल में सो रहा था । किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरा मोबाईल एवं पण्डाल में रखे 40,000/- रूपये नगद चोरी कर लिये गये हैं। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना गुनौर में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 274/25 धारा 303 (2) बी मन एस का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया है। मामले में थाना प्रभारी गुनौर उनि.दीपक सिंह भदौरिया द्वारा मामले की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई । पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस थोटा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लिया गया । मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में थाना प्रभारी गुनौर के नेतृत्व में थाना स्तर पर एक पुलिस टीम का गठन किया गया । गठित पुलिस टीम द्वारा गणेश पंडाल के आसपास के दुकानदारो से घटना के संबंध में पूँछताछ की गई एवं घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरो को चेक किया गया। पूँछताछ पर मिली जानकारी एवं सी.सी.टी.व्ही. फुटेज के आधार पर मामले में 01 संदिग्ध व्यक्ति को चिन्हित किया गया। चिन्हित संदिग्ध व्यक्ति की तलाश पतारसी हेतु पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । जिसके फलस्वरूप मुखबिर द्वारा संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी थाना प्रभारी गुनौर को दी गई। मुखबिर सूचना के आधार पर गठित पुलिस टीम द्वारा तत्परता पूर्वक मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँचकर संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई । जो संदेही द्वारा चोरी किया जाना स्वीकार किया गया । पुलिस टीम द्वारा आरोपी के बताये अनुसार आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया मशरूका एक आईफोन मोबाइल कीमती करीब 50 हजार रूपये एवं 40 हजार रूपये नगदी एवं घटना में प्रयुक्त एक आपचे मोटर साइकिल कीमती करीब 01 लाख रूपये सहित कुल मशरूका कीमती करीब 01 लाख 90 हजार रूपये का जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी शैलेंद्र सिंह परिहार उर्फ छोटू पुत्र कृष्ण पाल सिंह उर्फ भैया राजा उम्र 28 साल निवासी मतोड़ा थाना सलेहा को गिरफ्तार किया गया है । पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया मशरूका एक आईफोन मोबाइल कीमती करीब 50 हजार रूपये एवं 40 हजार रूपये नगदी एवं घटना में प्रयुक्त एक आपचे मोटर साइकिल कीमती करीब 01 लाख रूपये सहित कुल मशरूका कीमती करीब 01 लाख 90 हजार रूपये का जप्त किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी गुनौर उनि दीपक सिंह भदौरिया, प्रधान आरक्षक रामकरण प्रजापति, महिला प्र.आर. उर्मिला, आरक्षक सुजीत सिंह, श्याम सुंदर, अमन, राजकुमार एवं शिवेन्द्र मिश्रा का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

# जिला प्रशासन के खिलाफ ब्राम्हण समाज ने किया व्यापक प्रदर्शन



### मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

## सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग सड़कों पर उतरे, जमकर हुई नारेबाजी

**जागरण, पन्ना।** जिले में इन दिनों प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर असंतोष का माहौल गहराता जा रहा है। मामला तब और तूल पकड़ गया जब सर्व ब्राम्हण समाज, पन्ना के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें विस्तार से बताया गया कि किस प्रकार श्रीकांत दीक्षित, प्रमोद पाठक, स्व. सुखनंदन पाण्डेय सहित कई ब्राम्हण परिवारों को लगातार परेशान किया जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि कलेक्टर पन्ना ने श्रीकांत दीक्षित पर बीते कुछ महीनों में आधा दर्जन से अधिक मामलों में कार्रवाई की है। जबकि कई मामलों में अदालत से स्थगन आदेश भी मिल चुका है, इसके बावजूद नये-नये नोटिस थमा कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि कार्रवाई केवल श्रीकांत दीक्षित तक सीमित नहीं रही, बल्कि अन्य परिवारों को भी टारगेट किया जा रहा है। कभी भूमि विवाद, कभी भवन तो कभी खनन जैसे मुद्दों को आधार बनाकर कार्रवाई की जा रही है। समाज का कहना है कि यह सब योजनाबद्ध तरीके से हो रहा है ताकि समाज विशेष को कमजोर किया जा सके। समाज का आरोप है कि कलेक्टर पूरी तरह राजनीतिक दबाव में काम कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने श्रीकांत दीक्षित को टारगेट बना लिया है। यही कारण है कि उनके खिलाफ बार-बार कार्यवाही की जा रही है। समाज का कहना है कि प्रशासनिक पद का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए किया जा रहा है, जो पूरी तरह से लोकतांत्रिक मूल्यों और न्याय सिद्धांतों के खिलाफ है। ब्राम्हण समाज के लोग भारी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे तो वहां माहौल गर्मा गया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जिला प्रशासन की मनमानी के कारण समाज के लोगों में भय और आक्रोश दोनों व्याप्त हैं। लोगों का कहना था कि जब समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति को ही बार-बार निशाना बनाया जा रहा है तो आम नागरिकों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि अब तक हुई सभी विवादित एवं मनमानी कार्रवाइयों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। श्रीकांत दीक्षित और अन्य समाजजनों को उत्पीड़न से राहत दिलाई जाए। साथ ही भविष्य में किसी भी नागरिक पर राजनीतिक दबाव में आधारित कार्रवाई न की जाए, जिससे प्रशासन पर जनता का विश्वास कायम रहे।

समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि यह एक व्यक्ति का मामला नहीं है बल्कि पूरे समाज की गरिमा और अस्तित्व से जुडा प्रश्न है अन्याय और पक्षपात को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञापन में विस्तार से कई मामलों का उल्लेख किया गया है। जिनमें श्रीकांत दीक्षित और अन्य समाजजनों पर हो रहे दमन को बताया गया। समाज का कहना है कि इनमें से कई मामलों में अदालत से राहत मिल चुकी है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासनिक दबाव बनाकर कार्रवाई की जा रही है। प्रर्दशन के दौरान बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# जागरुकता रैली निकाल कर मनाया अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस



**पलेरा।** सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष में उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान ब्लॉक समन्वयक पुष्पेंद्र पाठक के दिशा निर्देश में मॉडल स्कूल पलेरा सी एम राइस स्कूल,द्रोणा कान्वेंट स्कूल पलेरा तथा अन्य स्कूलों के छात्र छात्राओं ने रामराज ग्राउंड पर एकत्रित होने के बाद एक जागरूकता रैली समूचे नगर में निकली उक्त रैली रामराज ग्राउंड से शुरु होकर मेन बाजार होते हुए थाना तिराहे, भारत पेट्रोल पंप, बीआरसी ऑफिस होते हुए रामराज ग्राउंड पर समाप्त हुई। जागरूकता रैली का आकर्षण का केंद्र छात्र छात्राओं की अत्यधिक संख्या रही। उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान रैली का साफ संदेश था। असाक्षर रहे ना कोई, साक्षरता होय सब कोई साक्षरता रैली जागरूकता कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया जिसमें नगर पालिका परिषद अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुनील खटीक, पार्षद अभय मोर, प्राचार्य महेश रावत, प्रभारी प्राचार्य कौशल किशोर राजपूत,प्राचार्य द्व द्य अहिरवार, रहीश खान जन शिक्षा केंद्र पाली समन्वयक साक्षरता कार्यक्रम बड़ी संख्या में शिक्षकों सहित पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज, पहले ही पति हो चुका था गिरफ्तार



**टीकमगढ़।** पुलिस ने देह व्यापार से जुड़े एक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी को झारखंड से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन और जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में दिगौड़ा थाना पुलिस की विशेष टीम ने यह सफलता हासिल की। मामला तब सामने आया था जब एक महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। महिला ने बताया कि झारखंड निवासी रामजन्म शर्मा ने पैसे लेकर उसकी शादी दिगौड़ा थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति से करा दी। शादी के बाद उसका पति आए दिन मारपीट करने लगा। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति और रामजन्म शर्मा के खिलाफ अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 के तहत मामला दर्ज किया था। इस मामले में महिला का पति पहले ही गिरफ्तार हो चुका था, जबकि रामजन्म शर्मा फरार चल रहा था। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दिगौड़ा थाना पुलिस ने विशेष टीम गठित की। मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी झारखंड के गढ़वा जिले में छिपा हुआ है। पुलिस टीम ने दबिश देकर 48 वर्षीय रामजन्म शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को टीकमगढ़ लाकर न्यायालय में पेश किया जाएगा। इस कार्रवाई में दिगौड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा, निरीक्षक बृजेन्द्र कुमार चाचोंदिया, सुकरत राय, आनन्द सुडेले और अंकित साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ऐतिहासिक नजाई मंडी को गिराने की योजना पर विवाद तेज, व्यापारी पहुंचे हाईकोर्ट

**टीकमगढ़।** नगर पालिका द्वारा ऐतिहासिक नजाई मंडी को गिराने की योजना को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। हाल ही में नगर पालिका ने यहां स्थित 62 दुकानदारों को दुकान खाली करने का नोटिस जारी किया था। इस पर दुकानदारों ने विरोध दर्ज कराते हुए हाई कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के निर्देश पर सोमवार को नगर पालिका की अपीलीय समिति ने बैठक बुलाई, जिसमें 62 दुकानदारों में से 48 उपस्थित हुए। बैठक में दुकानदारों ने पांच बिंदुओं वाला पत्र सौंपा। इसमें मांग की गई कि अगर इमारत गिराई जाती है तो पुनर्निर्माण की समय सीमा तय की जाए। दुकानदार नई दुकानों की लागत उठाने को तैयार हैं, लेकिन शर्त यह रखी है कि नई दुकानें मौजूदा दुकानदारों को ही मिलें। दूसरी ओर, नगर पालिका ने दुकानदारों से 13 बिंदुओं पर जानकारी मांगी है, जिनमें एग्रीमेंट, किराए की रसीदें और भुगतान का विवरण शामिल हैं। दुकानदारों ने यह जानकारी देने के लिए चार दिन का समय मांगा है। नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने कहा कि 15 दिन के भीतर हाई कोर्ट में जवाब दाखिल करना है। आगे की कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर ही निर्भर करेगी।



### व्यापारियों का आरोप

व्यापारी राहुल जैन ने आरोप लगाया कि नगर पालिका ने कभी भी बिल्डिंग का जीर्णोद्धार नहीं कराया। करीब 8 साल पहले जब व्यापारियों ने खुद पैसे जोड़कर मरम्मत शुरू कराई थी तो नगर पालिका के कर्मचारियों ने सामान जब्त कर लिया था। उनका कहना है कि नोटिस में यह भी स्पष्ट नहीं है कि दुकानों को खाली कराने के बाद इमारत की मरम्मत होगी या पूरी तरह गिरा दी जाएगी।

### किरायेदारों की चिंता

मंडी की बिल्डिंग में रह रहे राजकुमार जैन ने बताया कि उनका परिवार 60 साल से यहां रह रहा है, लेकिन उन्हें नोटिस नहीं मिला। इसी तरह कई और परिवार भी 50ङ्क60 साल से यहां रह रहे हैं, लेकिन उन्हें भी अनदेखा किया गया है।

# हमारे शिक्षक ऐप पर शत-प्रतिशत ई-अटेंडेंस सुनिश्चित करें : कलेक्टर

## शेष पोषण पुनर्वास केन्द्रों में भी शीघ्र वितरित कराएं न्यूट्री बॉस्केट टीएल बैठक में उर्वरक वितरण एवं धान पंजीयन सहित समाधान ऑनलाइन एवं सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण के दिए गए निर्देश




**जागरण, पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि शासन के निर्देशानुसार स्कूल शिक्षा विभाग के समस्त शैक्षणिक संवर्ग द्वारा हमारे शिक्षक एप के जरिए शत-प्रतिशत ई-अटेंडेंस की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। वर्तमान में अन्य विकासखंड के बजाय पन्ना ब्लॉक में एप्प के माध्यम से उपस्थिति का प्रतिषत मात्र 41 है, अब इस सप्ताह में इस कार्य में प्रगति लाएं। जिला कलेक्टर ने सोमवार को टीएल बैठक में उक्ताषय के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थाओं के प्रमुख भी अनिवार्य रूप से एप्प पर उपस्थिति दर्ज कराएं। साथ ही अतिथि शिक्षक एवं वोकेशनल ट्रेनर इत्यादि की भी नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज हो। कलेक्टर ने उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत प्राध्यापकगण की उपस्थिति के संबंध में भी जरूरी निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री कुमार ने टीएल बैठक में गत दिवस अमानगंज में मुख्यमंत्री जी के सफल कार्यक्रम आयोजन पर कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सहित अन्य अधिकारियों को बधाई दी। इस मौके पर सभी अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ नियमित रूप से शासकीय दायित्वों के निर्वहन के लिए निर्देषित भी किया गया। टीएल बैठक में समाधान ऑनलाइन के विभागवार चयनित विषयों से संबंधित लंबित प्रकरणों तथा 100 दिवस से अधिक अवधि की सीएम हेल्पलाइन षिकायतों के निराकरण के संबंध में भी चर्चा कर अधिकारियों को जरूरी निर्देष दिए गए। साथ ही टीएल एवं जनसुनवाई पत्रों तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नागरिक सेवाओं का समय पर लाभ प्रदान करने के निर्देष दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न श्रेणी की लंबित षिकायतों में प्रभावी निराकरण दर्ज कराएं। साथ ही अगस्त माह में प्राप्त सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के भी निरंतर रूप से प्रभावी निराकरण के प्रयास सुनिश्चत हों। वर्तमान मे सीएम हेल्पलाइन में जिले की 32 रैंक एवं सी ग्रेड के दृष्टिगत एक सप्ताह में प्रत्येक षिकायतों के निराकरण के लिए सटीक प्रतिवेदन दर्ज करने के निर्देष दिए गए। कलेक्टर ने टीएल बैठक में सभी जिलाधिकारियों को मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर आवेदकों की षिकायतों का निराकरण करने के लिए भी कहा। निकायवार समग्र ई-केवायसी कार्य में लक्ष्यपूर्ति के लिए वार्ड प्रभारी एवं सचिव व रोजगार सहायक के माध्यम से प्रगति लाने के निर्देष दिए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी को अजयग? एवं शाहनगर के पोषण पुर्नवास केन्द्रों में भी कुपोषित बच्चों के डिस्चार्ज उपरांत माताओं को न्यूट्री बॉस्केट का वितरण कराने तथा इसमें एसडीएम की सहभागिता सुनिष्चित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि एनआरसी केन्द्रों में हर माह की 12 तारीख तक पोषण किट का अनिवार्य रूप से वितरण करें और डिस्चार्ज के बाद भी बच्चों की निरंतर टेऊकिंग कर फॉलोअप का सक्रिय प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि गर्भवती माताओं का गर्भावस्था के प्रारंभिक चरण में ही पंजीयन हो और तीन आवष्यक जांच भी अनिवार्य रूप से सुनिष्चित हो। इसके अलावा गर्भवती माताओं को सही एवं उचित पोषण आहार के उपयोग के लिए जागरूक और प्रेरित किया जाए।

**अवयस्क दिव्यांग बच्चों के बनेंगे प्रमाण पत्र :** कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देषों के परिपालन में समस्त पात्र अवयस्क दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया जाएगा। आगामी दिवसों में निर्धारित स्थानों पर मेडिकल बोर्ड की उपलब्धता के परिप्रेक्ष्य मे आंगनबा?ी केन्द्रों, स्कूलों और छात्रावासों में ऐसे बच्चों के चिन्हांकन की कार्यवाही कर अवगत कराएं। इसके लिए आयुष विभाग का भी सहयोग प्राप्त कर नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों मे षिविर लगाया जाए। बैठक में आगामी 23 सितम्बर को नेषनल डिवार्मिंग डे तथा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक संचालित होने वाले आदि सेवा पर्व, शहरी क्षेत्र में घरेलू गैस डिस्ट्रीब्यूषन नेटवर्क के क्रियान्वयन तथा विभिन्न अनुमतियों के संबंध में संचालित पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी गई।

### धान उपार्जन एवं पंजीयन की करें पूर्व तैयारी

कलेक्टर ने कहा कि आगामी धान उपार्जन के लिए अभी से तैयारी प्रारंभ करें। आगामी 15 सितम्बर से किसान पंजीयन प्रारंभ होने के पहले केन्द्रों के निर्धारण सहित अन्य आवष्यक प्रबंध की पूर्व तैयारी कर ली जाए। इस दौरान पीएम पोषण के तहत स्कूलों में खाद्यान्न की उपलब्धता, नियमित रूप से समय पर खाद्यान्न उठाव सुनिष्चित करने तथा भुगतान के बावजूद परिवहनकर्ता की लापरवाही पर अनुबंध निरस्त करने की कार्यवाही के लिए कहा। इसी तरह पोर्टल पर लंबित एमएलसी एवं पीएम रिपोर्ट अपलोड कराने, कर्मयोगी आईगॉट पोर्टल पर विभागवार लोकसेवकों के ऑनलाइन प्रषिक्षण, शासकीय विभागों को आवंटित भूमि के खसरों में विभाग का नाम दर्ज कराने, उर्वरक वितरण के लिए समस्त केन्द्रों में दो-दो कर्मचारियों की तैनाती की बात कही। उन्होंने कहा कि एसडीएम, तहसीलदार एवं पुलिस अधिकारियों की निगरानी में बेहतर तरीके से खाद का वितरण कराया जाए। समस्त 8 केन्द्रों पर कूपन डिस्प्ले मषीन की व्यवस्था सुनिष्चित कर अधीनस्थ कर्मचारियों को अलर्ट मोड पर रखा जाए।

# नशा मुक्ति भारत अभियान की आवश्यकता



**पन्ना।** छत्रसाल शासकीय महाविद्यालय पन्ना के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान का कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस डी चतुर्वेदी जी के आदेशानुसार एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ पी पी मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

रसायन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ मनोरमा गुप्ता ने नशा मुक्त अभियान की आवश्यकता एवं विभिन्न प्रकार के नशा से होने वाले रोगों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि

नशा से आज हमारे देश में कितने परिवार बिखर गये और घरेलू हिंसा के शिकार हो गए। नशे से विभिन्न प्रकार के कैंसर जैसे फेफड़े , लिवर, किडनी आदि आज जानलेवा साबित हो रहे हैं। इस कार्यक्रम में कुमारी रीता कोरी, ज्योति तिवारी, सरोज प्रजापति, कंचन पांडे एवं प्रिया रैकवार सभी बी एससी प्रथम वर्ष की छात्राओं ने नशा से होने वाले दुष्परिणामों को बताया। प्राणी शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉक्टर आर एम दत्ता द्वारा नशे की लत से आर्थिक नुकसान के बारे में बताया तथा गलत संगत का नकारात्मक प्रभाव किस प्रकार से पड़ता है, इस पर जोर डाला और विद्यार्थियों को समाज में नशा मुक्त अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया।

वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने अपने उद्बोधन में नशे और लत में अंतर, नशे के प्रकार, व्यक्तिगत जीवन, परिवार तथा सामाजिक जीवन में उसके दुष्प्रभाव आदि की चर्चा करते हुए बताया कि नशा सर्वनाश की ओर ले जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर पी पी मिश्रा ने अमृत और विष में अंतर बताते हुए नशे के विभिन्न भयानक दुष्परिणाम पर प्रकाश डाला एवं नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ सभी विद्यार्थियों को दिलवाई, डॉ मनोरमा गुप्ता द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में डॉ प्रवीण गुप्ता डॉ राजेश शर्मा, डॉ निशांत खरे , वंदना कुशवाहा वर्षा सिंह जय चौरसिया की उपस्थिति रही।

## विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर जिला अस्पताल सह ट्रामा सेंटर में शिविर का हुआ आयोजन

**जागरण बैढ़न।** जिला अस्पताल सह ट्राम सेंटर में आज विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन हुआ। आयोजित शिविर में पहुचे मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पराज सिंह ठाकुर ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य फिजियोथेरेपी के महत्व और लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस वर्ष विश्व फिजियोथेरेपी दिवस की थीम हैल्थी जीन् है। उन्होने बताया कि इसका उद्देश्य है कि बढ़ती उम्र में न केवल बीमारियों से मुक्त रहना बल्कि शारीरिक मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य को भी बनाए रखना जरूरी है। वही डॉ.कल्पना रवि ने कहा कि इस थीम का संदेश है कि व्यक्ति जीवन के हर चरण में सक्रिय स्वतंत्र और संतुष्ट रहे। इस दौरान शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मौजूद रही।

## दुष्कर्म का आरोपी रीवा से गिरफ्तार

**रीवा।** सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल के बीच एक बार फिर हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। मैहर जिले के अमरपाटन थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की की रीवा जिले के युवक से फेसबुक पर पहचान हुई। फेसबुक से शुरू हुई यह दोस्ती जल्द ही प्यार में बदल गई आरोपी युवक ने नाबालिग को शादी का झांसा दिया और लगातार तीन साल तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा और बाद में युवक अपने वादे से मुकर गया।

# सड़क सुरक्षा मानकों का कार्यन्वयन सुनिश्चित करें : शुक्ला

### कलेक्टर की अध्यक्षता में कोल ट्रन्सपोर्टरों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित

**जागरण, बैढ़न**



कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के अध्यक्षता में एवं सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में कोल ट्रन्सपोर्टरो के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा निधि के संबंध में चर्चा की गई तथा निर्णय लिया गया कि एमएसएमई मद बनाकर राशि जमा कराई जाये तथा अकस्मिक रूप से घटनाओ आदि पर संबंधित को राहत राशि प्रदान की जा सके। वही जिले की सुरक्षा क्रियाकलापो के निगरानी के संबध में चर्चा की गई। तथा निर्देश दिए गए कि कोल कम्पनिया अपने कोल परिवहन के लिए अलग से सड़क मार्ग का निर्माण कराये ताकि दुर्घटनाओ में कमी लाई जा सके।तथा शासन की रोडो से यदि परिवहन किया गया तो जो रोड क्षति हुई है उसका सुधार करे एवं यदि किसी प्रकार की घटना घटित होती है तो संबंधित कोल परिवहन जिम्मेदार होगे। उन्होने कहा कि सड़क दुर्घटनाओ का मुख्य कारण ओवर स्पीडिंग करना कन्वाय के माध्यम से परिवहन न करना निर्धारित रूट पर परिवहन न करना एवं नशे की हालत में ड्राईविंग करना पाया गया है। जिसके लिए समय समय पर संबंधित कम्पनिया अपने चालको स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाना सुनिश्चित करे। तथा जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित परिवहन गाईड लाईन का सख्ती से पालन करना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी एवं यातायात प्रभारी को निर्देश दिए कि एक टीम गठित करे जो कोल वाहनो का निरीक्षण करे मापदण्ड के अनुसार परिवहन किया जा रहा है कि नही यदि वाहन ओवर लोड एवं निर्धारित गति का पालन करते हुये नही पाये गये तो इनके विरूद्ध कार्यवाही करे। साथ ही ब्लैक स्पाटो का पहचान कर उनका सुधार कर स्पीड लिमिट सूचना पटल भी लगाए। वही पुलिस अधीक्षक के द्वारा भी सड़क सुरंक्षा से संबंधित विंदुओ का पालन करने का निर्देश दिए तथा इस आशय का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिए कि कोई भी व्यक्ति यदि घायल मिलता है तो उन्हे तत्काल अस्पाताल भर्ती कराने वाले को पुरस्कृत किया जायेगा। जिले में नेक व्यक्तियो को प्रेरित करने के लिए कार्य योजना तैयार करने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान एसडीएम सृजन बर्मा राजेश शुक्ला जिला परिवहन अधिकारी बिक्रम सिंह राठौर माईनिंग अधिकरी आकाक्षा पटेल यातायात प्रभारी सहित ट्रन्सपोर्ट कम्पनियो के ट्रन्सपोर्टर उपस्थित रहे।

## लंबित शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण समय सीमा में कराया जाना सुनिश्चित करें : कलेक्टर

### उपखण्ड अधिकारी अपने स्तर से भी समीक्षा कर लंबित प्रकरणों का करायें निराकरण

**जागरण, बैढ़न।** सीएम हेल्प लाईन में लंबित आवेदनो का समय सीमा के अंदर संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया जाना सुनिश्चित करे। तथा नामातरण वटनवारा के जो भी लंबित प्रकरण है उपखण्ड अधिकारी अपने स्तर से भी बैठक आयोजित कर निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करे उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा जिलाधिकारियो को दिया गया। कलेक्टर ने विभागवार लंबित सीएम हेल्प लाईन के आवेदनो के साथ साथ 100 दिवस 50 दिवस एवं समाधान विंदु में लंबित आवेदनो के निराकरण की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी समय सीमा के अंदर संतुष्टि पूर्वक शिकायतो का निराकरण करे अन्यथा की स्थिति में 100 प्रति नान अटेंडेंट शिकायतो के आधार पर जुर्माना लगाया जायेगा। वही दिव्यांग बच्चो के शीघ्र पहचान एवं त्वरित दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने हेतु शिविरो का आयोजन करने के निर्देश दिए गए। इस हेतु दिव्यांग की त्वरित पहचान हेतु जिला स्तरीय स्क्रीनिंग शिविरो का आयोजन किया जाये। जिसमें महिला बाल विकास विभाग स्कूल शिक्षा विभाग जन जाति कार्य विभाग समाजिक न्याय विभाग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग आयुष विभाग तथा मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा समन्वित गतिविधियो का आयोजन कर कार्य कराया जाना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने निर्देश चिन्हित दिव्यांगजन बच्चो को जिला मेडिकल बोर्ड के द्वारा परीक्षण कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी प्रदान करे। प्रदेश स्तर द्वारा जारी दिशा निर्देशो के अनुसार जिला स्तरीय एवं ग्राम स्तरीय स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन करे एवं इसके लिए पंचायत स्तर पर व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कराये एवं संबंधित सौपे गये दायित्वो का निर्वहन किया जाना सुनिश्चित करे। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय एसडीएम सृजन बर्मा राजेश शुक्ला डिप्टी कलेक्टर मइकेल तिर्की प्रशांत त्रिपाठी नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

## निगम की बकाया संपत्ति कर नहीं चुकाने पर होगी कुर्की की कार्यवाही

### डीबीएल सिक्काल लॉजिस्टिक्स सहित आठ कंपनियों को जारी की गई अंतिम चेतावनी नोटिस

**जागरण, बैढ़न।** नगर पालिक निगम सिंगरौली की आयुक्त श्रीमती सविता प्रधान के निर्देशानुसार डिप्टी कमिश्नर एवं राजस्व अधिकारी आरपी बैस के द्वारा सम्पत्तिकर जमा नही करने पर सिक्कल लाजिस्टिक डीबीएल सहित आठ कम्पनियो को अंतिम चेतावनी नोटिस जारी किया गया है। उपयुक्त ने कहा कि निर्धारित समयावधि में निगम के करो का भुगतान नही करने पर संबंधित कम्पनियो की चल अचल सम्पत्ति को कुर्क कर बकाया राशि की वशूली की जायेगी। उपायुक्त श्री बैस के द्वारा डीबीएल कंपनी बकाया राशि 4 लाख 25 हजार 455 रूपये सिक्काल लॉजिस्टिक्स बकाया राशि 8 लाख 72 हजार 328 रूपये कलिंगा कमर्शियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड बककाया राशि 2 लाख 67 हजार 236 रूपये वीपीआर कंपनी बकाया राशि 6 लाख 11 हजार 955 रूपय भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड बकाया राशि 3 लाख 39 हजार 509 रूपये राम कृपाल कंपनी बकाया राशि 2 लाख 26 हजार 25 रूपये कंदोई ट्रांसपोर्ट कंपनी 12 लाख 81 हजार रूपये को नोटिस जारी कर अंतिम चेतावनी देते हुयें कहा है कि संबंधित कंपनियों को बार.बार नोटिस और समय सीमा देने के बाद भी अभी तक निगम के करो का भुगतान नही किया गया है। कम्पनियो को अब अंतिम अवसर दिया जा रहा है। यदि इनके द्वारा शीघ्र ही कर राशि जमा नहीं की गई तो निगम प्रशासन को इनकी चल अचल संपत्तियों को कुर्क करने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होने स्पष्ट किया है कि शहर के विकास कार्यों में बाधा डालने वालों के खिलाफ अब किसी भी स्तर पर नरमी नहीं बरती जाएगी। उपायुक्त ने आम करदाताओं से भी अपील की है कि वे समय पर अपने कर अदा कर नगर के विकास में सहयोग करें।

## इकाई की महिलाओं द्वारा लगाये गए विभिन्न प्रकार के स्टॉल





### केऔसुब संरक्षिका डे महिला सशक्तिकरण का आयोजन

**जागरण, विंध्यनगर।** केऔसुब इकाई वीएसटीपीपी विन्ध्यनगर में सीआईएसएफ कर्मियों के परिवारों और बच्चों के सशक्तिकरण और बेहतरी के लिए महत्वपूर्ण भुमिका निभाने वाली संस्था संरक्षिका का स्थापना दिवस इकाई वीएसटीपीपी विन्ध्यनगर के सभा हॉल में इकाई संरक्षिका अध्यक्षा श्रीमती गरिमा राय के नेतृत्व में आज मनाया गया। जिसमें अनेकों प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा इकाई की महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाये गए जिसमें हस्त.शिल्प से बनी सजावटी वस्तु महिलाओ के प्रयोग में आने वाली वस्तु अचार मुरब्बा मोती वर्क तथा मधुबनी पेंटिंग प्रमुख रहे। संरक्षिका दिवस समारोह के समापन में अध्यक्षा द्वारा इकाई की सभी महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया कि केऔसुब वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन संरक्षिका बल के परिवार के साथ.साथ समाज के निचले तबके के महिलाओं और बच्चों के उत्थान एव विकास में योगदान दे रहा है और उन्हें सशक्त बनाने में अपना सामाजिक कर्तव्य भी निभा रहा है। साथ ही साथ सभी संरक्षिका महिला सदस्यो को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए अपनी रुचि के अनुसार आगे बढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। जिसमें अपने हाथ से बनाये गए सामानो की प्रदर्शनी करना तथा उसे संरक्षिका स्टोर के माध्यम से इकाई के लोगों को बेचना जिससे की उनकी आमदनी का स्रोत बढ़े। इस कार्यक्रम में इकाई संरक्षिका उपाध्यक्षा श्रीमती ममता भाटी महिला निरीक्षक/कार्य संतोष नेगी महिला उप.निरीक्षक/कार्य मौसमी कुमारी व अन्य संरक्षिका सदस्य महिलाओं व बच्चों ने भाग लिया।

## 1 स्वर्ण, 1 रजत और 3 कांस्य पदक प्राप्त कर डी पॉल के छात्रों ने स्कूल का बढ़ाया मान

### मध्य प्रदेश राजस्तरीय अंतर जिला एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**जागरण, विंध्यनगर।** मध्य प्रदेश राजस्तरीय अंतर जिला एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में डी पॉल के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जबलपुर के पंडित रविशकर शुक्ल स्टेडियम राइट टाउन में आयोजित दो दिवसीय अंतर जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में डी पॉल स्कूल विंध्यनगर के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जीत की दावेदारी पेश की। विद्यालय की ओर से 3 छात्र और 3 छात्राएँ ने खेल प्रशिक्षक विल्सन के. जे. के मार्गदर्शन में भाग लिया। राज्य भर के स्कूलों से छात्रों ने इन दो दिवसीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जिसमें डी पॉल स्कूल के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण,1 रजत और 3 कांस्य पदक प्राप्त कर स्कूल का मान बढ़ाया। पदक प्राप्त करने वाले छात्रों में श्रिया सिंह ने अंडर 18 डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक, हर्षिता यादव को अंडर 16 आयु वर्ग में शॉटपुट में रजत पदक प्राप्त हुआ तथा कांस्य पदक प्राप्त करने वाले विजेता छात्र रहे वीर आदित्य दुबे को अंडर 18 आयुवर्ग में शॉटपुट, राज्यवर्धन सिंह को लॉन्ग जंप और प्रत्युषा गुप्ता अंडर 16 आयुवर्ग के अंतर्गत हाई जंप में विजेता बनीं। इस सफ्लता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर जोबी जोसेफ ने छात्रों के खेल के प्रति आत्मसमर्पण की प्रशंसा की तथा उनका हौसला बढ़ाते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। साथ ही भविष्य में निरंतर अभ्यास कर नये-नये कीर्तिमान स्थापित करने की कामना की।

## अवैध रूप से रेत का उत्खनन/ परिवहन करने वाले वाहनों को पुलिस टीम ने किया जब्त



**जागरण, बैढ़न।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी देवसर श्रीमती गायत्री तिवारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह की टीम ने अवैध रेत परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की गई। रात्रि में भ्रमण के दौरान एसडीओपी देवसर श्रीमती गायत्री तिवारी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि महान नदी से अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर तत्काल थाना जियावन पुलिस टीम को कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा दो ट्रैक्टरों को मौके से जप्त किया गया एक नीले रंग का पावरट्रैक कंपनी का ट्रैक्टर जिसमें अवैध रेत भरा हुआ पाया गया एवं दुसरा नीले रंग का चैंपियन फार्म ट्रैक ट्रैक्टर बिना नंबर जिसकी टाली में अवैध रेत लोड पाया गया। दोनों ही मामलों में ट्रैक्टर चालक पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गए। जप्त वाहनों के संबंध में थाना जियावन में अपराध क्र.377/2025 एवं 378/2025 पंजीबद्ध कर धारा 303/2 317/2 एवं खान एवं खनिज अधिनियम 4/21 के अंतर्गत विवेचना में लिया है। इस कार्रवाई में एसडीओपी देवसर की विशेष टीम थाना प्रभारी जियावन ज्ञानेन्द्र सिंह उप निरीक्षक वाई.एल. वर्मा आरक्षक दिनेश कुमार बबलू यादव एवं डायल.100 की सक्रिय भूमिका रही।

## सीएम हेल्प लाइन में प्रदेश स्तर पर टॉप 5 में आने वाले विभागों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**जागरण, बैढ़न।** सीएम हेल्प लाईन में प्राप्त आवेदनो का संतुष्टि पूर्वक निराकरण कर प्रदेश स्तर पर टॉप 5 में आने वाले विभागो के विभागीय अधिकारियो प्रशस्ति पत्र देकर कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा सम्मानित किया गया। एवं आगे भी इसी तरह से सभी विभागीय अधिकारियो को निराकरण कर जिले का नाम टॉप 3 में लाने के लिए प्रेरित किया गया। कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय जिला परिवहन अधिकारी बिक्रम सिंह राठौर खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल वन विभाग एसडीओ एन.के त्रिपाठी डब्ल्यूआरडी के कार्यपालन यंत्री एस.एन त्रिपाठी उपायुक्त सहकारिता पी.के मिश्रा प्रभारी उप संचालक कृषि मनोज सिंह श्रम अधिकारी नवीन पाण्डेय को प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की दी गई जानकारी

### 55 वाहनों पर की गई कार्यवाही



**जागरण, बैढ़न।** सडक दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु यातायात पुलिस द्वारा अभियान चलाया जाकर कार्यवाही की गई एवं छात्र छात्राओं यातायात नियमों की जानकारी दी गई सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के द्वारा सडक दुर्घटनाओ एंव उनमे होने वाली मृत्युदर को कम किए जाने एवं यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य 15 दिवसीय अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए निर्देश के पालन में पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध अभियान चलाया जाकर कार्यवाही के गई अभियान के दौरान 55 वाहनों पर कार्यवाही की गई अभियान को जागरूक करने के उद्देश्य डी पॉल स्कूल डीपीएस स्कूल एवं सरस्वती स्कूल विंध्यानगर के छात्र.छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई यातायात पुलिस के द्वारा विंध्यनगर एनटीपीसी परिसर के अंदर स्थित स्कूलों के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई एवं समझाया गया कि बिना लाइसेंस के दो पहिया वाहन ना चलाएं एवं सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करें।

### राहवीर योजना एवं कैशलेस स्कीम की दी गई जानकारी

शासन द्वारा दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के मदद हेतु बनाई गई राहवीर योजना एवं सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के कैशलेस उपचार हेतु बनाई गई स्कीम की जानकारी छात्र.छात्राओं को जानकारी दी गई कि राहवीर योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन अवर में अस्पताल पहुंचने पर 25000/ तक का पुरस्कार शासन द्वारा प्रदान किया जाएगा।

# एशिया कपः खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा भारत

## अफगानिस्तान और हांगकांग के बीच मुकाबला आज, भारत बनाम यूएई मैच कल

**जेएनएन, दुबई।** सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम मंगलवार से शुरू होने वाले एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट में पाकिस्तान और श्रीलंका के मौजूदगी के बावजूद खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। टूर्नामेंट की शुरुआत अफगानिस्तान और हांगकांग के बीच अबू धाबी में होने वाले मैच से होगी, लेकिन सभी की निगाहें दुबई पर टिकी होंगी, जहां सितारों से सजी भारतीय टीम बुधवार को अपने पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात पर बड़ी जीत हासिल करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। एशिया कप इससे पहले टी-20 विश्व कप के लिए ड्रेस रिहर्सल के रूप में काम करता था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। इसके बावजूद भारतीय टीम एशिया में अपना दबदबा बनाए रखने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भारत का एशिया कप में रिकॉर्ड अच्छा रहा है और इस बार तो पूरा शक्ति संतुलन उसके पक्ष में झुका हुआ नजर आ रहा है। ऐसे में उसे हराना किसी भी टीम के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी।

### भारत नौवां खिताब जीतने उतरेगा

नौवीं बार महाद्वीपीय खिताब जीतने से (सात बार वनडे और वर्ष 2016 में एक बार टी-20 प्रारूप में) न तो सूर्यकुमार को और न ही गंभीर को कोई अतिरिक्त श्रेय मिलेगा, लेकिन ट्रॉफी से कम कुछ भी आलोचनाओं को आमंत्रित करेगा, क्योंकि साढ़े चार महीने बाद भारत और श्रीलंका टी-20 विश्व कप की संयुक्त मेजबानी करेंगे। सूर्यकुमार की टीम विश्व कप से पहले लगभग 20 मैच खेलेगी, जिसमें एशिया कप का फाइनल भी शामिल है। भारत इन मैच से विश्व कप के लिए सही संयोजन तैयार करना चाहेगा। सूर्यकुमार अब तक शानदार कप्तान रहे हैं और उनका जीत का रिकॉर्ड 80 प्रतिशत है, लेकिन अब नेतृत्व समूह में उप-कप्तान शुभमन गिल होंगे। इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि टी-20 कप्तान और टेस्ट कप्तान किस तरह एकमत होकर एक ही राग अलापते हैं।

### गावस्कर, शास्त्री, सहवाग कमेंट्री पैनल में

भारत के दिग्गज खिलाड़ी सुनील गावस्कर, रवि शास्त्री और वीरेंद्र सहवाग के साथ-साथ पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण मंगलवार से यूएई में शुरू हो रहे एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट के लिए सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के बहुभाषी कमेंट्री पैनल का हिस्सा होंगे। भारत के पूर्व मुख्य कोच शास्त्री, गावस्कर, संजय मांजरेकर, रॉबिन उथप्पा, बाजिद खान, वकार यूनिस, वसीम अकरम, रसेल अर्नोल्ड और साइमन डूल उन कमेंटेटरों में शामिल हैं, जिन्हें प्रसारण के विश्व फीड के लिए चुना गया है। सहवाग, इरफान पठान, अजय जडेजा, पूर्व भारतीय बल्लेबाजी कोच अभिषेक नायर और सबा करीम हिंदी कमेंटेटरों के पैनल में प्रमुख नामों में शामिल हैं।




## परिवर्तन के दौर से गुजर रही पाकिस्तान-श्रीलंका की टीम

जिस तरह से भारतीय बल्लेबाजों ने टी-20 बल्लेबाजी को नया स्वरूप प्रदान किया है तथा आईपीएल के अनुभव को देखते हुए पाकिस्तान और श्रीलंका जैसी टीमों के लिए उसकी बराबरी करना मुश्किल हो गया है, जो डेढ़ दशक पहले तक बराबरी पर थीं। इसलिए एशिया कप में दिलचस्पी इस बात को लेकर कम है कि इसे कौन जीत सकता है, बल्कि इस बारे में अधिक है कि भारत को कौन रोक सकता है। पाकिस्तान और श्रीलंका दोनों की टीम परिवर्तन के दौर से गुजर रही हैं और उनके लिए भारत की मजबूत टीम का सामना करना मुश्किल होगा। पाकिस्तान ने अपने अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को टीम में नहीं चुना है। उसकी सफलता काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगी कि शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ और हसन अली आक्रामक भारतीय बल्लेबाजी के सामने कैसी गेंदबाजी करते हैं। पाकिस्तान ने त्रिकोणीय सीरीज के कम स्कोर वाले फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रन से हरा दिया, जहां शारजाह की धीमी पिच पर उसके स्पिनरों का दबदबा रहा। इस जीत से निश्चित तौर पर उसका आत्मविश्वास बढ़ा होगा। चरिथ असलांका की कप्तानी में श्रीलंका का प्रदर्शन भी बुरा नहीं है, लेकिन क्या वे टूर्नामेंट में छह से सात मैच जीतने की निरंतरता बनाए रख पाएंगे, यह एक बड़ा सवाल है। बांग्लादेश पूरे टूर्नामेंट में चुनौती बरकरार रखने के लिए पर्याप्त आक्रामक नहीं है।

### अफगान का सामना कमजोर हांगकांग से

टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में अफगानिस्तान और हांगकांग की टीमें आमने-सामने होंगी। हांगकांग उन तीन टीमों में शामिल है, जिन्होंने इस टूर्नामेंट में 2024 एसीसी पुरुष प्रीमियर कप के जरिए क्वालिफाई किया है। हांगकांग ने एशिया कप के लिए पांचवीं बार और टी-20 प्रारूप में दूसरी बार क्वालिफाई किया है। वहीं अफगानिस्तान की टीम भी हाल ही में यूएई में एक त्रिकोणीय सीरीज खेलने के बाद मैदान पर उतरेगी। उस सीरीज में उन्होंने पाकिस्तान को भी हराया था। अफगानिस्तान की टीम इस एशिया कप टूर्नामेंट की अहम टीमों में से एक कही जा सकती है। हांगकांग की टीम को बड़ी टीमों के साथ खेलने का बड़ा अनुभव नहीं है, लेकिन उनके पास अंशुमन रथ हैं, जो एक बहुत ही काबिल बल्लेबाज हैं और पीछे कई टीमों के गेंदबाजों को परेशान कर चुके हैं। हांगकांग को भी हल्के में आंकना गलत ही होगा क्योंकि अक्सर जिन टीमों की पहचान नहीं होती हैं वे जब बड़े टूर्नामेंट में खेलती हैं तो कई बार बड़ा उलटफेर कर जाती हैं। हांगकांग की टीम ने अपनी पिछले पांच मैचों में तीन में जीत हासिल की है।

---

### विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप

## ऐतिहासिक टीम स्वर्ण के बाद तीन भारतीय पुरुष हारे

**ग्वांगजू, जेएनएन।** भारत की स्वर्ण पदक विजेता कंपाउंड टीम के सदस्य रिषभ यादव, अमन सैनी और प्रथमेश फुगे विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप के पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए। इस हार के मायने हैं कि भारत विश्व चैंपियनशिप में पुरुष कंपाउंड वर्ग का व्यक्तिगत स्वर्ण बरकरार रखने में नाकाम रहा। ओजस देवताले बर्लिन में 2023 में विश्व चैंपियन बने थे। इस बार ट्रायल में कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण वह भारतीय टीम में जगह नहीं बना सके। महिला व्यक्तिगत वर्ग के मुकाबले अभी होने हैं। तीनों ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। इससे एक दिन पहले इन तीनों खिलाड़ियों ने देश के लिए पहला टीम स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। पुरुषों के कंपाउंड वर्ग में 19वीं वरीयता प्राप्त और सबसे निचली रैंकिंग वाले भारतीय क्वालिफायर फुगे दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के मथियास फुलेरटन से शूट आफ में 148-148 (10-9) से हार गए। इससे पहले उन्होंने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और 2013 के विश्व चैंपियन नीदरलैंड के माइक श्लोएसर को हराकर अपने करियर का सबसे बड़ा उलटफेर किया था।

### मैदान से हटकर

## खुद को अच्छा दिखाना है, तो अपने काम से दिखाइए : धनश्री

**एम**एक्स प्लेयर के नए रिएलिटी शो राइज एंड फॉल में क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की पूर्व पत्नी धनश्री वर्मा ने हिस्सा लिया। अभी शो को शुरू हुए तीन दिन ही हुए हैं और शो ट्रेंड कर रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि धनश्री ने शो में अपने रिश्ते और इज्जत पर खुलकर बातें की हैं। उन्होंने कहा कि वह तलाक से पहले भी अपने पार्टनर की इज्जत करती थीं और आगे भी करती रहेंगी। नयनदीप रक्षित ने धनश्री से सवाल किया, आपने जो इंटरव्यू दिया, उससे आप खुश हो? इस पर धनश्री बोलीं, नहीं! मुझे कुछ टॉपिक्स पर बात नहीं करनी थी। देखो, दो लोग हैं और उनके बीच अगर किसी बात पर झगड़ा हुआ और फिर हमने तय किया कि इसे खत्म करना है, तो अपनी बात पर रहो न। सबके हाथ में अपनी इज्जत होती है और शादीशुदा होने के बाद पार्टनर की इज्जत भी आपके हाथ में होती है। धनश्री ने कहा, चाहती तो मैं भी उसके बारे में बहुत कुछ बोल सकती थी। तुम्हें क्या लगता है मेरे पास बातें नहीं थीं कहने के लिए? लेकिन वो मेरे पति थे। मैंने तब भी उनकी इज्जत की जब मैं शादी के बंधन में बंधी थी और आज भी उनकी इज्जत करती हूं। उन्होंने यह भी जोड़ा, अगर आपको खुद को अच्छा दिखाना है तो अपने काम से दिखाइए। किसी और को नीचा दिखाकर अपनी इमेज सुधारने का कोई मतलब नहीं है। इस पर सुहाना ने कहा, तुम तो अपना काम कर ही रही हो, तुमको क्या लेना-देना है? धनश्री ने जवाब दिया, नहीं! मैं उस बारे में बात कर रही हूं जो हुआ। हम सबको पता है क्या हुआ। इससे फर्क नहीं पड़ता कि आप कितना नेगेटिव पीआर करते हो या पब्लिक में जाकर क्या बोलते हो। ये आपकी मदद नहीं करेगा। आपका टाइम वेस्ट करेगा। और इमेज क्लीन क्यों करनी है जब कोई कुछ बोल ही नहीं रहा है? रिश्ता था न, एक पॉइंट पर तो था न, तो उसकी इज्जत करो। क्यों बार-बार बात करनी है उसके बारे में। (जेएनएन)



---

### यूएस ओपन के फाइनल में सिनर को हराकर बने किंग, नंबर एक रैंकिंग भी हासिल की

# अल्काराज ने जीता छठा ग्रैंड स्लैम

**जेएनएन, न्यूयॉर्क**

कार्लोस अल्काराज ने एक बार फिर यूएस ओपन के साथ ही दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनेर पर भी अपनी बादशाहत साबित कर दी। अल्काराज ने सिनर पर अपना दबदबा बरकरार रखते हुए चार सेट तक चले मुकाबले में जीत दर्ज कर यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीता और विश्व में नंबर एक रैंकिंग भी हासिल की। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच यूएस ओपन का फाइनल फ्रेंच ओपन में चैंपियनशिप का फैसला करने वाले उनके मुकाबले जितना लंबा, रोमांचक और नाटकीय नहीं था, जहां अल्काराज चैंपियन बने थे। यह विंबलडन के फाइनल जितना सार्थक और कथानक आधारित भी नहीं था, जहां सिनर ने फ्रेंच ओपन की हार का बदला चुकता किया था। फिर भी रविवार को दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्काराज की नंबर एक सिनर पर 6-2, 3-6, 6-1, 6-4 से जीत वाकई अहम रही। अल्काराज ने गत चैंपियन पर अपनी श्रेष्ठता फिर से स्थापित की, एटीपी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया और टेनिस प्रशंसकों को उनके अगले मुकाबले का बेसब्री से इंतजार करने पर मजबूर कर दिया। अल्काराज का यह छठा ग्रैंड स्लैम खिताब है। मैच की शुरुआत लगभग आधे घंटे देर से हुई, जबकि हजारों प्रशंसक आर्थर ऐश स्टेडियम के बाहर फंसे रहे और उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा से गुजरना पड़ा, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मैच देखने के लिए प्रायोजक के सुइट में बैठे थे। अल्काराज ने पहला सेट जीतकर अच्छी शुरुआत की, लेकिन सिनर ने दूसरे सेट में वापसी करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मैच के रोमांचक होने की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन अल्काराज ने अगले दो सेट में सिनर को कोई मौका नहीं दिया और मैच को एक तरह से एकतरफा बना दिया। अल्काराज ने दोगुने विनर्स (42-21) के साथ मैच समाप्त किया, जिससे मैच में उनके दबदबे का पता चलता है।



"मैं आपको अपने परिवार से ज्यादा देख रहा हूं। कोर्ट साझा करना, लॉकर रूम साझा करना, सब कुछ बहुत अच्छा लगता है। विंबलडन की हार के बाद ही मैंने अपनी तैयारी शुरू कर दी थी। मैंने उस मैच को देखा और अपने कोच के साथ मिलकर अपनी गलतियों पर काम किया। मुझे खुशी है कि मैं यहां ट्रॉफी जीतने में सफल रहा।

-कार्लोस अल्काराज

- दो घंटे 42 मिनट की इस जीत से स्पेन के 22 वर्षीय अल्काराज ने इटली के 24 साल के सिनर के खिलाफ अपना रिकॉर्ड भी और बेहतर कर दिया। इन दोनों के बीच जितने मुकाबले खेले गए हैं उनमें अल्काराज का रिकॉर्ड 10-5, ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 6-4 और अमेरिकी ओपन में 2-1 हो गया है।
- ये दोनों खिलाड़ी टेनिस के इतिहास में एक ही सत्र में लगातार तीन ग्रैंड स्लैम फाइनल में एक दूसरे का सामना करने वाले पहले दो पुरुष खिलाड़ी हैं। यह इस सत्र में दोनों के बीच खेला गया पांचवां फाइनल मुकाबला था, जिनमें से चार में अल्काराज भारी पड़े। इनमें से तीन ग्रैंड स्लैम फाइनल थे, जिनमें से दो में अल्काराज चैंपियन बने। उन्होंने इनमें से दो खिताब हार्ड कोर्ट और दो क्ले कोर्ट पर जीते, जबकि सिनेर को विम्बलडन की घास पर सफलता हासिल हुई थी।

"मैं उन्हें पूरा श्रेय देता हूं, क्योंकि उन्होंने मेरी तुलना में परिस्थितियों से बेहतर सामंजस्य बिठाया। उन्होंने महत्वपूर्ण अवसरों पर बेहतर खेल का प्रदर्शन किया और जब जरूरत थी तब अंक हासिल किए। आपने मुझसे बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। मैंने आज अपनी तरफ से पूरी कोशिश की। मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं कर सकता था।

-यानिक सिनेर

---

## मोहम्मद सिराज आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामित

**दुबई, जेएनएन।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को सोमवार को इंग्लैंड दौरे के पांचवें और अंतिम टेस्ट में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए आईसीसी के अगस्त महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। सिराज के साथ न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज के जेडन सील्स भी इस सूची में शामिल है। सिराज ने इंग्लैंड में पांच मैचों की सीरीज के सभी मैचों को खेला और 23 विकेट चटकाए। जून के अंत में शुरू यह सीरीज अगस्त की शुरुआत में खत्म हुई। सिराज ने पांचों टेस्ट में 185.3 ओवर डाले और अपनी रफ्तार कम किए बिना युवा और कम अनुभव वाले भारतीय टीम को 2-2 से ड्रॉ करने में मदद की। आईसीसी ने कहा, सिराज ने अगस्त में सिर्फ एक मैच खेला, लेकिन उस मैच में उनकी शानदार गेंदबाजी उन्हें नामांकन दिलाने के लिए काफी थी। इंग्लैंड के खिलाफ द ओवल' में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज के अंतिम टेस्ट में इस भारतीय तेज गेंदबाज ने 21.11 की औसत से नौ विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में सिराज ने बहुत दृढ़ संकल्प के साथ आक्रमण का नेतृत्व किया। सीरीज के शुरुआती चार मैच खेलने के बावजूद उन्होंने दो पारियों में 46 से अधिक ओवर डाले। न्यूजीलैंड के हेनरी को जिम्बाब्वे में टेस्ट सीरीज में जीत के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के लिए नामांकित किया गया है।



## मध्य क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी फाइनल के लिए टीम में चार बदलाव किए

**मुंबई, जेएनएन।** मध्य क्षेत्र ने दक्षिण क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी फाइनल के लिए टीम में चार बदलाव करते हुए विदर्भ के तेज गेंदबाज नचिकेत भूटे और मध्य प्रदेश के कुमार कार्तिकेय सिंह को टीम में शामिल किया है। भूटे विदर्भ टीम के अपने साथी यश ठाकुर की जगह लेंगे, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर कार्तिकेय को हर्ष दुबे की जगह चुना गया है। मध्य क्षेत्र के चयनकर्ताओं ने मध्य प्रदेश के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज कुलदीप सेन और राजस्थान के बाएं हाथ के स्पिनर अजय सिंह कुकना को खलील अहमद और मानव सुथार की जगह टीम में शामिल किया है। ठाकुर, दुबे, खलील और सुथार को भारत-ए टीम में शामिल किए जाने के बाद टीम में बदलावों की घोषणा की गई।

**मध्य क्षेत्र टीमः** रजत पाटीदार (कप्तान), आयुष पांडे, दानिश मालेवार, शुभम शर्मा, संचित देसाई, यश राठौड़, नचिकेत भूटे, कुमार कार्तिकेय सिंह, आदित्य ठाकरे, उपेंद्र यादव, अजय सिंह कुकना, अक्षय वाडकर, दीपक चाहर, कुलदीप सेन और सारांश जैन।

---

## युवा तेज गेंदबाज विडलर चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया-ए के भारत दौरे से बाहर

**मेलबर्न, जेएनएन।** क्वींसलैंड के तेज गेंदबाज कैलम विडलर सोमवार को आंशिक स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण ऑस्ट्रेलिया-ए के आगामी भारत दौरे से बाहर हो गए, जिससे ऑस्ट्रेलिया के चोटिल तेज गेंदबाजों की बढ़ती सूची में एक और नाम जुड़ गया। इस 19 साल के खिलाड़ी से पहले टेस्ट कप्तान पैट कमिंस, लान्स मौरिस और ब्रॉडी काउच भी चोटिल होने के कारण चयन की दौड़ से बाहर हैं। दोनों देशों की ए टीम के बीच सीरीज 30 सितंबर से शुरू होगी। विडलर ने पेशेवर क्रिकेट में पिछला मुकाबला मार्च में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शेफील्ड शील्ड 2024-25 के फाइनल के रूप में खेला था और तब उन्होंने अपनी टीम की हार के दौरान पांच विकेट चटकाए थे। क्वींसलैंड के हाई परफोर्मेंस महाप्रबंधक जो डावेस ने बताया, कैलम को ट्रेनिंग के दौरान पीठ में दर्द हुआ और उन्होंने तुरंत इसकी सूचना दी। दुर्भाग्य से स्कैन में स्ट्रेस फ्रैक्चर की पुष्टि हुई है इसलिए उन्हें कुछ समय ठीक होने में लगेगा और फिर रिहैबिलिटेशन की योजना शुरू करनी होगी। वह स्वाभाविक रूप से बहुत निराश हैं, लेकिन मानते हैं कि चोटें खेल का हिस्सा हैं। हम मिलकर काम करेंगे, जिससे कि यह सुनिश्चित हो सके कि वह क्रिकेट में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें। विडलर के हटने से पहले ऑस्ट्रेलिया-ए ने 16 सितंबर से भारत के खिलाफ शुरू होने वाली सीरीज के लाल गेंद के चरण से मौरिस और काउच को भी चोटों के कारण खो दिया था।

## महिला एशिया कपः भारत ने सिंगापुर को 12-0 से रौंदा, सुपर-4 में पहुंचा

**हांगझोउ (चीन), जेएनएन।** नवनीत कौर और मुमताज खान की हैट्रिक की बदौलत भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को एशिया कप के पूल-बी मैच में सिंगापुर को 12-0 से रौंदा। इसके साथ ही भारत ने सुपर-4 मुकाबले में अपनी जगह पक्की कर ली। नवनीत (14वां, 18वां, 28वां मिनट) और मुमताज खान (दूसरा, 32वां और 38वां मिनट) के अलावा, नेहा (11वां मिनट, 38वां मिनट) ने दो-दो गोल किए, जबकि नेहा (11वां मिनट), लालरेम्सियामी (13वां मिनट), शर्मिला देवी (45वां मिनट) और रुतुजा पिसल (52वां मिनट) ने भी भारत के लिए गोल दागे। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज भारत ने अपने पहले मैच में थाईलैंड को 11-0 से हराया था, जबकि गत चैंपियन जापान के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला था। सिंगापुर विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर है। इस टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग ले रही हैं और दोनों पूल से शीर्ष दो टीमें सुपर चार चरण के लिए क्वालिफाई करेंगी। सुपर चार की शीर्ष दो टीमें 14 सितंबर को होने वाले फाइनल में खेलेंगी। एशिया कप विजेता टीमें बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले 2026 महिला विश्व कप के लिए क्वालिफाई करेंगी।



## भारतीय हॉकी टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को मिलेंगे 10 लाख

**पटना, जेएनएन।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एशिया कप 2025 जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के प्रत्येक सदस्य को 10 लाख रुपए का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। भारत ने राजगीर में पुरुष हॉकी एशिया कप के फाइनल में दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा कि राजगीर स्थित खेल परिसर में पहली बार आयोजित एशिया कप 2025 में भारतीय हॉकी टीम ने शानदार जीत दर्ज की। मुख्यमंत्री ने लिखा, एशिया कप 2025 की विजेता भारतीय टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 10 लाख रुपए और प्रत्येक सहयोगी स्टाफ सदस्य को 5 लाख रुपए का मानदेय दिया जाएगा। भारतीय टीम इससे पहले 2017 में ढाका में, 2007 चेन्नई में और 2003 में कुआलालंपुर में आयोजित एशिया कप पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में जीत दर्ज कर चुकी है।

---

## आईसीसी और डब्ल्यूसीए के बीच खिलाड़ियों की इमेज राइट्स को लेकर हो सकता है टकराव

### आईसीसी जल्द लॉन्च करेगा मोबाइल क्रिकेट गेम

**जेएनएन, नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और वर्ल्ड क्रिकेटर्स एसोसिएशन (डब्ल्यूसीए) के बीच खिलाड़ियों की इमेज लाइसेंसिंग राइट्स लेकर विवाद शुरू हो सकता है। पूरा मामला एक नए मोबाइल क्रिकेट गेम से जुड़ा है, जिसे आईसीसी जल्द लॉन्च करने की योजना बना रहा है। आईसीसी ने अप्रैल में पहली बार इस योजना के बारे में अपने सदस्यों को जानकारी दी थी। इसके बाद जुलाई में सिंगापुर में हुई एजीएम में कुछ सदस्य बोर्डों ने यह इच्छा जताई कि वे इन अधिकारों के मामले में सीधे अपने खिलाड़ियों से बात करना चाहते हैं। डब्ल्यूसीए खिलाड़ियों का वैश्विक संगठन है और वे इसे एक उल्लंघन बता रहा है। यह उस समझौते के संदर्भ में है, जो उसने आईसीसी के साथ किया था। उन्होंने आईसीसी और कुछ सदस्य बोर्डों पर खिलाड़ियों के नाम, छवि और समानता के अधिकार सहमति से तय शर्तों से परे अपने पास रखने का आरोप लगाया है। आईसीसी की यह योजना खेल को विकसित करने के लिए है, ताकि 2028-2031 चक्र में प्रसारण अधिकारों की कीमत में संभावित गिरावट की भरपाई हो सके। भारत में मोबाइल गेमिंग एक तेजी से बढ़ता हुआ बाजार है। 2024 में कई रिपोर्ट्स ने इसकी कीमत लगभग 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर आंकी थी। इसी वजह से आईसीसी इसमें उतरना चाहता है।

12 अगस्त को खिलाड़ियों को लिखे ईमेल में, डब्ल्यूसीए के सीईओ टॉम मोफैट ने कहा, आईसीसी/राष्ट्रीय संस्थाएं आपके नाम, छवि और समानता पर आधारित एक वैश्विक मोबाइल गेम विकसित करने की कोशिश कर रही हैं, बिना खिलाड़ियों से सामूहिक रूप से शर्तें तय किए। संक्षेप में कहें, तो ऐसा लगता है कि आईसीसी वैश्विक स्तर पर आपके अधिकारों का इस्तेमाल और बिक्री करना चाहता है और नहीं चाहता कि आप और आपके साथी सामूहिक रूप से यह तय करें कि आपके अधिकारों का इस्तेमाल कैसे होगा और उसके लिए आपको भुगतान कैसे मिलेगा। डब्ल्यूसीए ने इस मामले पर आईसीसी से भी संवाद किया है।




## राइफल और पिस्टल मिश्रित टीम विश्व कप आज से

**निंगबो (चीन), जेएनएन।** भारत के मिश्रित टीम राइफल और पिस्टल निशानेबाज मंगलवार से शुरू हो रहे आईएसएसएफ विश्व कप में भाग लेंगे। राइफल और पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धाएं निंगबो ओलंपिक खेल केंद्र पर होंगी। भारत ने 24 सदस्यीय टीम भेजी है, जिसमें राष्ट्रीय रैंकिंग में चौथे से छठे स्थान के निशानेबाज भाग लेंगे। पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन और ओलंपियन रमिता जिंदल जूनियर विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता उमामहेश मेदिनेनी के साथ खेलेंगी, जबकि पूर्व नंबर एक दिव्यांश सिंह पंवार एयर राइफल मिश्रित टीम वर्ग में मेघना एम सज्जनार के साथ उतरेंगे। अर्जुन बबूता और आर्य बोस ने म्युनिख विश्व कप में इस वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। एयर पिस्टल मिश्रित टीम में ओलंपियन रिदम सांगवान और निशांत रावत उतरेंगे, जबकि अमित शर्मा इसमें सुरभि राव के साथ चुनौती पेश करेंगे। सुरूचि सिंह और सौरभ चौधरी की भारतीय जोड़ी ने इस साल लीमा में इस वर्ग में स्वर्ण और ब्यूनस आयर्स विश्व कप में कांस्य पदक जीता था। भारतीय राइफल जोड़ियों का सामना दुनिया के नंबर एक और दो बार ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता शेंग लिहाओ और 16 वर्ष की पेंग शिन्लू से होगा।

### जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक अब 15 को

**सतना।** वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत एमपी वन मित्र पोर्टल पर जिला स्तर पर लंबित दावों के निराकरण हेतु जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक अब 15 सितंबर को सायं 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक ने बैठक में संबंधित अधिकारियों तथा समिति के सदस्यों से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### जिला सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक 12 को

**सतना।** अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार अधिनियम 1989 एवं अत्याचार निवारण नियम संशोधित 2016 के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 12 सितंबर 2025 को सायं 5 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित गई है।

# रामपुर, उचेहरा और सोहावल एई को लगाई कड़ी फटकार

## तकनीकी अमले पर जिला पंचायत सीईओ ने जताई नाराजगी

जागरण सतना

सोमवार को जिला पंचायत सीईओ संजना जैन आईएएस ने तकनीकी अमले पर नाराजगी जताई है। कम प्रगति को लेकर जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत रामपुर बाघेलान , उचेहरा, और सोहावल जनपद में पदस्थ सहायक यंत्री को कड़ी फटकार लगाई है। बताया जाता है कि मामला तब बिगड़ा जब जिला पंचायत सीईओ ने एक बगिया मॉ के नाम योजना की गूगल मीट के दौरान समीक्षा की। इन जनपदो को जो लक्ष्य दिये गये है। उनसे बेहद कम प्रगति आने के बाद जिला पंचायत सीईओ ने फटकार लगाई है। बताया जाता है कि जनपद पंचायत उचेहरा में पदस्थ प्रभारी सहायक यंत्री आरबी गौतम द्वारा मात्र तीन मस्टर जारी किये गये। जिसको सुनते ही जिला पंचायत सीईओ का माथा ठंनका और उन्होने रामपुर बाघेलान एवं उचेहरा सहायक यंत्री का प्रभार बदलने की बात कही।



### एनआरएलएम के अमले पर भी जताई नाराजगी

जानकार बताते है कि समीक्षा के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने एनआरएलएम के अमले को भी जमकर खरी खोटी सुनाई। जनपद पंचायत रामपुर में पदस्थ सहायक यंत्री एपीओ और एनआरएलएम स्टाफ के बीच समन्वय की कमी के चलते कम प्रकरण बने । सहायक यंत्री रामपुर बाघेलान को जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि यदि वे सही कार्य नही करते है तो क्यो न उन्हे भारमुक्त कर दिया जाये। इसी प्रकार उचेहर जनपद में भी सीनियर अभियंता को सहायक यंत्री का प्रभार दिये जाने की बात कहीं है।

### एक दिन के अंदर तकनीकी व प्रशासकीय स्वीकृत जारी करो

एक बगिया मा के नाम योजना के अंतर्गत समीक्षा करते हुये जिला पंचायत सीईओ ने सहायक यंत्री उपयंत्री एवं जनपद सीईओ को निर्देशित करते हुये कहा है कि एक दिन के अंदर तकनीकी प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर कार्य प्रारंभ कराये अधिक से अधिक श्रमिक लगाते हुये मस्टर रोल जारी कराने का कार्य जनपदो में पदस्थ एपीओ का होगा। जनपद सीईओ को निर्देशित किया गया है कि दिये गये लक्ष्य की लगातार मानिटरिंग करें।

## कोठी पुलिस ने जब्त की 111 लीटर आनरेक्स कफ सिरप

**जागरण सतना।** इनोवा कार से की जा रही आनरेक्स कफ सिरप की तस्करी के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुये पुलिस ने 111 लीटर आनेरक्स कफ सिरप और इनोवा कार को जप्त किया है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी प्रेमलाल कुर्वे एसडीओपी रघु केशरी के मार्गदर्शन में कोठी टीआई गिरजा शंकर बजापेयी द्वारा की गई है।


**सोनौर तिराहा के पास पलट गई थी इनोवा :** बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली कि सोनौर तिराहा के पास एक लाल रंग की इनोवा कार पलट गई है जिसमें बैठे लोग भाग गये है। कार में कुछ बोरियॉ रखी है जिसमें कोरेक्स की सीसीया भरी है सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुचकर कार्यवाही शुरू की। बताया जाता है कि इनोवा कार में एमएच 01 वाईए 0371 नम्बर लिखा था। आस पास मौजूद लोगो ने बताया कि रात तकरीबन पौने दस बजे कार काफी तेज रफ्तार और पलटती हुई दिखाई दी। पुलिस ने प्लास्टिक बैग की 5 बोरियों खोला तो उनमें आनरेक्स कफ सिरप भरी हुई थी। बोरियों में 1110 नग यानी एक लाख 33 हजार 220 रूपये कीमत की 111 लीटर आनरेक्स कफ सिरफ और 15 लाख रूपये कीमत की इनोवा कार जप्त की गई है। पुलिस ने इस कार्यवाही में इनोवा कार सहित 16 लाख 33 हजार 2 सौ रूपये की सामग्री जप्त की है।

## गुरुवायुर स्कूल की खुलेआम मनमानी



**जागरण सतना।** रामपुर बघेलान में संचालित गुरुवायूर स्कूल के संचालक द्वारा बच्चों की जान से किया जा रहा है खिलवाड़। खटारा मैजिक में ओवरलोड बच्चे बिठाकर हाईवे रोड पर किया जा रहा है संचालन जवाबदारों ने शाधी चुप्पी आखिरकार ऐसे विद्यालय संचालकों के ऊपर क्यों नहीं हो रही कार्यवाही।

# कांग्रेस नेता ने खून से लिखा मुख्यमंत्री को पत्र




**जागरण सतना।** सतना में खाद संकट गहराता जा रहा है। सोमवार को किसान कांग्रेस के बुंदेलखंड प्रभारी और मध्य प्रदेश के पूर्व प्रदेश सचिव आशुतोष द्विवेदी ने मुख्यमंत्री को खून से पत्र लिखा है। द्विवेदी ने सिरिंज से खून निकलवाकर अपने लेटरपैड पर पत्र लिखा और मझगवां तहसीलदार को सौंपा। उन्होंने पत्र में सवाल उठाया है कि जब सरकार प्रदेश में पर्याप्त खाद होने का करती हैए तो तक इसका वितरण नहीं हो रहा है।

## पर्वराज पर्युषण पर्व के समापन पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई

**कटनी।** दिगम्बर जैन समाज पंचायत महासभा के तत्वाधान में जैन समाज के पर्वराज पर्युषण पर्व के अवसर पर जैन धर्मावलंबियों द्वारा रविवार को जैन बोर्डिंग हाउस से विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा घंटाघर, भगवती चैराहा, नई बस्ती, हीरागंज, मेन रोड, सुभाष चौक, कपड़ा बाजार से होते हुए जवाहर चौक से जैन बोर्डिंग हाउस पहुंचकर धर्म सभा के रूप में परिवर्तित हो गई। इसके उपरांत यहां परम पूज्य मुनि श्री 108 पदम सागर जी महाराज के मांगलिक प्रवचन हुए। यात्रा में धर्म ध्वजा लेकर अश्वारोही बग्घियों में सवार होकर चल रहे थे। धर्मामनुरागी महिलाएं डीजे की करतल ध्वनि पर नृत्य करते हुए चल रही थीं। युवाजन पालिकाओं एवं रथ पर श्री जी को लेकर श्रावक श्राविकाएं चल रहे थे। शोभा यात्रा में समाज के लोग बडी संख्या में शामिल हुए। पंचायत महासभा के अध्यक्ष संजय जैन ने बतलाया कि प्रातः 10 दिवसीय उपवास करने वाले श्रद्धालुओ को पाढ़ना जुलूस बड़े मंदिर महावीर कीर्ति स्तंभ से प्रारंभ होकर मैन रोड़ स्थित जैन कांच मंदिर में दर्शन के उपरांत जैन बोर्डिंग हाउस पहुंचा जहां सभी उपवास करने वाले श्रद्धालुओं एवं समाज जनों की पणना सम्पन्न हुई।

# बाणसागर के कार्यपालन यंत्री व उपसंचालक पशु चिकित्सा को नोटिस जारी

## रामपुर, कोठी , कोटर और सतना शहर के तहसीलदार को भी थमाई नोटिस



**जागरण सतना।** सोमवार को संपन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में सीएम डैशबोर्ड के राजस्व प्रकरणों की समीक्षा में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में सभी विभाग अभी अच्छी स्थिति में हैं। डैशबोर्ड में राजस्व के नामांतरण और सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण प्रतिशत बढाये। समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि परिवहन, स्कूल शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि, सहकारिता सहित अन्य विभाग ए और बी श्रेणी में है। सभी विभाग स्थिति को कायम रखते हुए संतुष्टिपूर्ण निराकरण का प्रतिशत बढाये। पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक निर्माण, राजस्व को और मेहनत करने की जरूरत है। कलेक्टर ने ऊर्जा विभाग में सी श्रेणी में रहे जूनियर इंजीनियर और बाणसागर के प्रभारी कार्यपालन यंत्री प्रदीप पाण्डेय को कम प्रगति और बैठक में अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

### रामपुर, उचेहरा व मझगवां जनपद सीईओ को नोटिस जारी करने के निर्देश

सीएम हेल्पलाइन में राजस्व विभाग में कमजोर प्रगति पर तहसीलदार सतना शहर, रामपुर बघेलान, कोठी और कोटर को एसीआर में टिप्पणी दर्ज करने का वार्निंग नोटिस और ग्रामीण विकास में कमजोर प्रगति पर रामपुर बघेलान, उचेहरा, मझगवां जनपद के सीईओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। रेल्वे को रेल्वे लाइन के कार्य में भू अर्जन कार्य की अंतरविभागीय मुद्दों पर समीक्षा में कलेक्टर ने रेल्वे के अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि परियोजना और विकास के कार्यो में कतई विलंब स्वीकार नहीं होगा। यदि रेल्वे के कार्यो में कोई भी व्यक्ति व्यवधान उत्पन्न करता है तो इसकी सूचना संबंधित एसडीएम और कलेक्टर को तत्काल देवे। जिला परियोजना समन्वयक विष्णु त्रिपाठी ने बताया कि सतना जिले में राज्य शिक्षा केन्द्र से 23 नवीन स्कूल भवन स्वीकृत हुए हैं। जिनमें 9 मझगवां विकासखण्ड और 4 सतना नगर निगम क्षेत्र में हैं। कलेक्टर ने कहा कि नवीन स्वीकृत स्कूलों के निर्माण के लिए पुराने स्कूल परिसर में ही निर्माण करने की संभावनायें तलाशें और शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराये।

### सहायक संचालक के विरुद्ध कार्यवाही करने कमिश्नर को पत्र लिखने के निर्देश

कलेक्टर ने डीएलसीसी की बैठक में कम लक्ष्य पूर्ति वाले विभागों और एपीसी की बैठक की पूर्व तैयारी की समीक्षा में उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. वंदना जैन को बिना जानकारी और तैयारी के बैठक में आने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार मत्स्य विभाग से किसी भी अधिकारी के उपस्थित नहीं होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सहायक संचालक मत्स्य अंजना सिंह के टीएल सहित किसी बैठक में नहीं आने पर संभागायुक्त रीवा को इनके खिलाफकार्यवाही के लिए पत्र लिखने के निर्देश दिये।

## एबीसीडी डांस प्रतियोगिता के विनर बने आरव जैन



**जागरण सतना।** अकैडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल जूनियर के कक्षा 2 के प्रतिभाशाली छात्र आरव जैन ने हाल ही में आयोजित एबीसीडी नृत्य प्रतियोगिता में अपनी अद्भुत नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए जूनियर रॉक स्टार सोलो डांस श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया तथा बचपन प्ले स्कूल की छात्रा ऐसानी सिंह ने बचपन ग्रोवर्स श्रेणी में इस प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कियाद्य बच्चों का चयन वीडियो ऑडिशन के माध्यम से किया गया। जिसके बाद दिल्ली में फाइनल राउंड आयोजित किया गया जिसकी मुख्य अतिथि वर्तिका झा थी। इस सफलता पर संस्था के चेयरमैन शम्मी पुरी, डायरेक्टर शाश्वत पुरी ने बच्चों को इस उपलब्धि पर बधाइयां दी। उन्होंने कहा हमारे बच्चों ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से यह सफलता हासिल की है। यह पूरे विद्यालय और सतना के लिए गर्व का क्षण है।


।।जय माता दी।। कर्म मॉ भूमि

पिन्टू कार बाजार

हमारे यहॉ सभी कम्पनियों की गाड़ियां खरीदी व बेची जाती हैं हमारे यहॉ बोलेरो स्कार्पियो, इनोवा एवं छोटी गाड़ियां उपलब्ध हैं फाइनेंस एवं बीमा की सुविधा उपलब्ध है 10000 किमी इंजन की गारंटी है 1 टैंक डीजल फ्री ।

पता :- सेमरिया रोड बदखर जिला सतना मध्य प्रदेश एवं रीवा रोड लोहरा
मो 6264241950 7566961380

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर

डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)

परामर्श शुल्क मात्र 300/-

मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)

चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ

परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।

कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311


# आबकारी आरक्षक सीधी एवं बैकलॉग पदों हेतु भर्ती परीक्षा 9 से 21 सितंबर तक

## परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए उड़नदस्ता दल गठित

**जागरण सतना।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा आबकारी आरक्षक सीधी एवं बैकलाग पदों हेतु भर्ती परीक्षा 2024 का आयोजन 9 सितंबर से 21 सितंबर तक सतना जिले के 3 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जायेगी। इनमें परीक्षा केन्द्र मां मीरा कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल वैष्णो देवी मंदिर डाली बाबा डेलौरा सतना, आदित्य कॉलेज ऑफ टेक्नोलाजी एण्ड साइंस सतना एवं आदित्य कालेज आफ मैनेजमेंट सतना में 2 पालियों में आयोजित होगी। आनलाईन परीक्षा प्रथम पाली में प्रातः 10 बजे से प्रातः 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली में दोपहर 2.30 बजे से सायं 4.30 बजे तक आयोजित की जायेगी। परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्रों पर रिपोर्टिंग का समय प्रथम पाली में प्रातः 8 बजे से 9.30 बजे और द्वितीय पाली में दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक नियत किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस ने परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन के लिए उडनदस्ता दल गठित किया है। उन्होंने परीक्षा के लिए अपर कलेक्टर विकास कुमार सिंह को सहायक समन्वयक, डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा को परीक्षा प्रभारी, डीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह को सुरक्षा समन्वयक, डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे को प्रशासनिक आब्जर्वर, तहसीलदार रघुराजनगर सौरभ मिश्रा को प्रशासनिक आब्जर्वर, नायब तहसीलदार रघुराजनगर राजेश कुमार सिंह को प्रशासनिक आब्जर्वर, दयाराम वर्मा को शाखा प्रभारी, सचिन कुमार विश्वकर्मा को आपरेटर, आकाश यादव को पेपर जमा हेतु, रोशन वर्मन तथा सचिन श्रीवास्तव को भृत्य बनाया है।

# आजाद अध्यापक संघ ने ई-अटेंडेंस के खिलाफ खोला मोर्चा



**जागरण सतना।** जनपद पंचायत रामपुर बघेलान प्रांगण में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें सभी वक्ताओ ने अपने अपने वक्तव्य में कहा की ई-अटेंडेंस के खिलाफ आजाद अध्यापक संघ जिला इकाई जिला अध्यक्ष प्रकाश ताम्रकार ने 14 सितम्बर को एक दिवसीय सत्याग्रह करने का निर्णय लिया। जिसका समर्थन रामवली सिंह ने समर्थन में किया गया जो कि सर्वसम्मति से मान्य किया गया।आयोजित बैठक में राजकुमारी पाण्डेय प्रकाश नारायण ताम्रकार राजकुमारी पाण्डेय प्रभाकर पाण्डेय अखिलेश पाण्डेय धर्मेन्द्र सेन रामवली सिंह ललित नारयण ताम्रकार पुष्प राज सिंह कललेश वर्माए राकेश विश्वकर्मा रेवा लाल उइके राम चंद्र यादव आदि लोग उपस्थित रहे।


विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ

समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश

डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ

अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध

परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद्र दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।

विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा

मो.-7247097637

परामर्श शुल्क 300/-

सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

प्रवेश प्रारंभ 2025-26

SARDAR PATEL EDUCATION GROUP
REWA • MP • INDIA

सी.एस.यू. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी
रीवा (म.प्र.)
AICTE नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV भोपाल से संबद्ध
POLYTECHNIC Duration : 3 Years Eligibility : 10th
ME | CE | CSE | EEE | MINING
Cement Technology Engg.
Mining & Mine Surveying Engg. (MMS)
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
महाविद्यालय में निःशुल्क पंजीयन की सुविधा
संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं संस्था में प्रवेश 19.08.2025 से 15.09.2025

सी.एस.यू. कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी
रीवा (म.प्र.)
PCI नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV भोपाल से संबद्ध
D. PHARMACY Duration : 2 Years | Eligibility : 12th (PCB/ PCM)
B. PHARMACY Duration : 2 Years | Eligibility : 12th (PCB/ PCM)
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 05.08.2025 से 04.09.2025 | संस्था का चयन 20.08.2025 से 08.09.2025 | संस्था में प्रवेश 13.09.2025 से 18.09.2025
लेटरल एंट्री के माध्यम से B. PHARMACY द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
Duration : 3 Years | Eligibility : D.Pharmacy
सुविधाएँ : • अत्याधुनिक लैब एवं लाइब्रेरी। • प्ले ग्राउण्ड एवं ए.सी. ऑडिटोरियम। • महाविद्यालय के विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण • Wi-Fi कैम्पस। • 15 एकड़ का भव्य ग्रीन कैम्पस।

कैम्पस : सिरमौर रोड, ग्राम-पल्हान (उमरी चौक), बैकुण्ठपुर, रीवा (म.प्र.) / सिटी ऑफिस : ज्योति स्कूल के सामने, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा
+91 70493 99901, 70493 99902 7049399904


# एकेएस के 26 विद्यार्थियों का चयन मैक्लॉयड्स फार्मास्यूटिकल्स में



**जागरण सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय ने एक और उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। देश की प्रतिष्ठित दवा कंपनी मैक्लॉयड्स फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड द्वारा आयोजित परिसर नियुक्ति में विश्वविद्यालय के 26 विद्यार्थियों का चयन उत्पादन एवं गुणवत्ता विभाग में प्रशिक्षु पद के लिए हुआ। यह सफलता विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता,प्रायोगिक प्रशिक्षण और करियर उन्मुख शिक्षा की ठोस प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस नियुक्ति में डिप्लोमाए डी.फार्मा, बी.फार्मा और एमएससी सूक्ष्म जीवविज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी जैसे विविध पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों ने भाग लिया और चयनित हुए।


मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
* IUI, IVF, ICSI
* फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
* एग फ्रीजिंग
* एंब्रियो फ्रीजिंग
* स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी
पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा संबद्ध
डी. फार्मा
DTE Counselling Code: 608
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
पता- ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
मो.: 9584324641,6262084843,7470944611



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com